बुधवार, 6 नवम्बर 2024

मौसम



तापमान 32 – 23
आर्द्रता 72%
सूर्योदयः 5:44 सूर्यास्तः 16:56

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा



मंदिर हमला बताता है कनाडा में चरमपंथी ताकतों को कैसे राजनीतिक जगह मिल रही है: जयशंकर –पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक शुक्लपक्ष पंचमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : अच्छा या बुरा कुछ नहीं होता, केवल सोच ही उसे ऐसा बनाती है।

# बिहार की स्वर कोकिला शारदा सिन्हा का निधन

## छठ के पहले व्रत नहाय-खाय के दिन ली अंतिम सांस

### ■ छठ में उनके गाए गीत लोगों में भर देते हैं उमंग

**नयी दिल्ली :** संगीत की देवी और 'बिहार की स्वर कोकिला' के रूप में अपनी पहचान बनाने वालीं पद्मश्री से सम्मानित शारदा सिन्हा का निधन दिल्ली के एम्स अस्पताल में मंगलवार की रात निधन हो गया। छठ गीतों को घर-घर तक पहुंचाने वाली 72 वर्षीय शारदा सिन्हा छठ महापर्व के पहले दिन नहाय-खाय पर ही छठी मंईयां की गोद में निर्वाण को प्राप्त हुईं। वे 11 दिनों से एम्स में भर्ती थीं। वे बीते छह वर्षों से ब्लड कैंसर से जूझ रही थीं।

बीते दिनों उनकी तबीयत बिगड़ने पर 26 अक्टूबर को एम्स में भर्ती कराया गया था। मंगलवार की देर रात उनके बेटे अंशुमन सिन्हा ने इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कर मां शारदा सिन्हा के निधन की जानकारी दी। उनके निधन से कला जगत में



शोक की लहर है।

एक अक्टूबर 1952 को बिहार के सुपौल जिले के हुलसा गांव में शारदा सिन्हा का जन्म हुआ था। हिंदी, मैथली, भोजपुरी, बज्जिका समेत अन्य भाषाओं में कई सदाबहार गीत गाने वाले लोक गायिका को भारत सरकार की ओर से पद्मश्री व पद्मभूषण से सम्मानित किया गया था। गायिका शारदा सिन्हा को वर्ष 2018 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

### 'गीतों की गूंज हमेशा बनी रहेगी', शारदा सिन्हा के निधन पर प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को प्रख्यात लोक गायिका शारदा के निधन पर शोक जताया और कहा कि उनका जाना संगीत जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'सुप्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उनके गाए मैथिली और भोजपुरी के लोकगीत पिछले कई दशकों से बेहद लोकप्रिय रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'आस्था के महापर्व छठ से जुड़े उनके सुमधुर गीतों की गूंज भी सदैव बनी रहेगी। उनका जाना संगीत जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति!'

### अस्पताल से व्रतियों के लिए जारी किया था गीत

महापर्व छठ के आरंभ होने से चार दिन पूर्व उन्होंने छठ गीत दुखवा मिटाई छठी मैया, रऊए आसरा हमार.. जारी किया था। एम्स अस्पताल से ही उनके बेटे ने गीत को इंटरनेट मीडिया पर जारी कर लोगों को छठ की शुभकामना दी थी। शारदा सिन्हा द्वारा छठ पूजा पर आधारित गीत हो दीनानाथ.. को लोगों ने खूब पसंद किया था। बेमिसाल शख्सियत शारदा सिन्हा को बिहार कोकिला के अलावा भोजपुरी कोकिला, भिखारी ठाकुर सम्मान, बिहार रत्न, मैथिली विभूति सहित कई सम्मान मिले हैं। शारदा सिन्हा की बिगड़ते तबीयत को देखते हुए पीएम मोदी ने अंशुमन सिन्हा से कहा था कि वे बिल्कुल मजबूती से अपनी मां का इलाज कराएं।

# नहाय खाय से शुरू हुआ सूर्य उपासना का छठ पर्व, आज खरना

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सहित देश भर में चार दिवसीय छठ महापर्व की मंगलवार को नहाय-खाय के साथ शुरुआत हो गई है। इस दिन, घरों की साफ-सफाई के साथ छठ मइया की उपासना करने वाली छठव्रतियों ने नहाय-खाय के अनुष्ठान को पूरा किया। जबकि, आज व्रती खरना करेंगी। 7 नवंबर को पहला अर्घ्य है। डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। 8 नवंबर को छठ का चौथा दिन यानी दूसरे अर्घ्य व समापन का दिन है। इस दिन, व्रतियों ने गेहूं सहित छठ सामग्रियों की साफ सफाई भी की। व्रतियों सहित श्रद्धालुओं ने नहाय-खाय से पहले महानगर कोलकाता सह हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना के गंगा घाटों पर स्नान किया। उपरांत लौकी भात खाकर 36 घंटे के निर्जला उपवास शुरु। इस दौरान, कोलकाता नगर निगम ने घाटों पर साफ-सफाई, लाइट, और माइकिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की है। कोलकाता नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि सभी घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। महिलाओं के लिए बदलती सुविधाएं, नहाने की सुविधाएं होंगी। कोलकाता पुलिस के पास आपदा प्रतिक्रिया दल होगा। पुलिस बल तैनात रहेगा। सभी घाटों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे। सीएम ममता बनर्जी खुद छठ पूजा में हिस्सा लेती हैं और दही घाट पर छठ पूजा के अवसर पर आयोजित पंडाल का उद्घाटन करती हैं। बहरहाल, छठ के लिए गंगा घाट लगभग सजधज कर श्रद्धालुओं की अगवानी के लिए तैयार दिखे।



छठ महापर्व की तैयारी में फल बाजार से केले का घवद खरीदकर ले जाता श्रद्धालु

### प्रधानमंत्री मोदी ने छठ महापर्व की शुरुआत पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को छठ महापर्व की शुरुआत पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और इसके सफलतापूर्वक संपन्न होने की कामना की। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''महापर्व छठ में आज नहाय-खाय के पवित्र अवसर पर सभी देशवासियों को मेरी शुभकामनाएं। विशेष रूप से सभी व्रतियों को मेरा अभिनंदन। छठी मइया की कृपा से आप सबका अनुष्ठान सफलतापूर्वक संपन्न हो, यही कामना है।''

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

गुजरात : बुलेट ट्रेन निर्माण स्थल पर ढांचा गिरने से तीन मजदूरों की मौत (पृष्ठ 7)

छठ पूजा के पहले दिन श्रद्धालुओं ने प्रदूषित यमुना में स्नान किया (पृष्ठ 7)

## झारखंड अवैध खनन 'घोटाला' मामला : सीबीआई ने तीन राज्यों के 20 स्थानों पर की छापेमारी

### ■ कोलकाता में दो ठिकाने पर छापेमारी

**नयी दिल्ली :** झारखंड के कथित नींबू पहाड़ अवैध पत्थर खनन घोटाले से जुड़े मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने तीन राज्यों के 20 स्थानों पर छापेमारी की। इन तीन राज्यों में चुनावी राज्य झारखंड भी शामिल है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस अवैध खनन घोटाला मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कथित राजनीतिक सहयोगी पंकज मिश्रा भी संदेह के घेरे में है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने झारखंड, पश्चिम बंगाल और बिहार में स्थित कुल 20 ठिकानों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि संदिग्धों और उनके सहयोगियों के झारखंड के साहिबगंज



स्थित 13 ठिकानों, रांची में तीन स्थानों, गुमला के एक और बिहार के पटना एक और पश्चिम बंगाल के कोलकाता में दो ठिकाने पर छापेमारी की गई। झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा। इस चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटकों से मुकाबला है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने 50 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं, जिनमें से 40 लाख रुपये रंजन वर्मा के ठिकानों से जब्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि साहेबगंज में भगवान भगत के पास से एक किलोग्राम सोना और 9 एमएम की पिस्तौल के 61 कारतूस जब्त किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि वर्मा और भगत को मिश्रा का करीबी सहयोगी माना जाता है। सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि संपत्तियों से संबंधित बिक्री विलेख, निवेश और फर्जी कंपनियों से संबंधित दस्तावेज, समझौता पत्र और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं। सीबीआई ने झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश पर 23 नवंबर 2023 को मामला दर्ज किया था।

### सुप्रीम कोर्ट में आरजीकर मामले की सुनवाई आज

**कोलकाता/नई दिल्ली :** आरजीकर मामले की सुनवाई मंगलवार को टल गई है। मुख्य न्यायाधीश की अनुपस्थिति के कारण सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार की जगह अब बुधवार को मामले की सुनवाई होगी। मालूम हो कि इस दिन, राष्ट्रपति के निमंत्रण पर डीवाई चंद्रचूड़ राष्ट्रपति भवन गए थे, जिसके कारण इस मामले में देरी हुई है। मामले की सुनवाई बुधवार की सुबह की जाएगी। पिछली सुनवाई में राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि वे अस्पताल में रोगी कल्याण संघ का पुनर्गठन कर रहे हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि अस्पताल के कामकाज में और अधिक पारदर्शिता लाने के लिए 'एकीकृत अस्पताल प्रबंधन प्रणाली' शुरू की जा रही है। उन प्रणालियों में ऑनलाइन ओपीडी टिकट बुकिंग, ई-प्रिस्क्रिप्शन सिस्टम शामिल हैं। आज की सुनवाई में राज्य सरकार को सुप्रीम कोर्ट को बताना था कि प्रक्रिया कितनी आगे बढ़ी है।

## वित्त मंत्रालय ने आरआरबी के विलय का चौथा चरण शुरू किया

### बैंकों की संख्या 43 से घटकर 28 होगी

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्रालय ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के विलय का चौथा चरण शुरू कर दिया है, जिससे ऐसे बैंकों की संख्या वर्तमान में 43 से घटकर 28 हो जाने की संभावना है। वित्त मंत्रालय द्वारा तैयार खाके के अनुसार, विभिन्न राज्यों में 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विलय किया जाएगा। आरआरबी का विलय आंध्र प्रदेश (जहां सबसे अधिक चार आरआरबी हैं), उत्तर प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल (प्रत्येक में तीन) और बिहार, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा तथा राजस्थान (प्रत्येक में दो) में किया जाएगा। तेलंगाना के मामले में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विलय आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक (एपीजीवीबी) की परिसंपत्तियों व देनदारियों को एपीजीवीबी और तेलंगाना ग्रामीण बैंक के बीच विभाजित करने के अधीन होगा। वित्तीय सेवा विभाग ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों को भेजे पत्र में कहा, 'क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के ग्रामीण विस्तार तथा कृषि-जलवायु या भौगोलिक प्रकृति को देखते हुए तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की विशेष विशेषता अर्थात समुदायों के साथ उनकी निकटता को बनाए रखने के लिए 'एक राज्य-एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक' के लक्ष्य को हासिल करने के वास्ते क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को और अधिक समेकित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है, ताकि व्यापक दक्षता और लागत को युक्तिसंगत बनाने का लाभ मिल सके।' बयान में कहा गया है कि आगे के समेकन के लिए राष्ट्रीय कृषि व ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के परामर्श से एक खाका तैयार किया गया है, जिससे आरआरबी की संख्या 43 से घटकर 28 हो जाएगी।

### अक्टूबर में दिल्ली भारत का सबसे प्रदूषित शहर रहा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली अक्टूबर में भारत का सबसे प्रदूषित शहर रहा और राष्ट्रीय राजधानी की हवा में 'पीएम 2.5' का औसत स्तर 111 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था। एक नए विश्लेषण से यह जानकारी मिली। स्वतंत्र थिंकटैंक 'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' (सीआरईए) के विश्लेषण से पता चला है कि अक्टूबर में भारत के सभी शीर्ष 10 प्रदूषित शहर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में स्थित थे। इन शहरों में गाजियाबाद (110 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर), मुजफ्फरनगर (103), हापुड़ (98), नोएडा (93), मेरठ (90), चरखी दादरी (86), ग्रेटर नोएडा (86), गुरुग्राम (83) और बहादुरगढ़ (83) शामिल हैं। दिल्ली की हवा में प्रदूषणकारी सूक्ष्म कण 'पीएम 2.5' का स्तर सितंबर की तुलना में अक्टूबर में तीन गुना ज्यादा था। सीआरईए विश्-लेषण से यह भी पता चला कि अक्टूबर में दिल्ली में 'पीएम 2.5' प्रदूषण में पराली जलाने की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत से भी कम थी।

## कर अधिकारियों ने 18,000 फर्जी कंपनियों की 25,000 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ी

**नयी दिल्ली :** कर अधिकारियों ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत पंजीकृत करीब 18,000 फर्जी कंपनियों का पता लगाया है, जो करीब 25,000 करोड़ रुपये की कर चोरी में शामिल हैं। फर्जी कंपनियों के खिलाफ हाल ही में संपन्न राष्ट्रव्यापी अभियान में अधिकारियों ने 73,000 कंपनियों की पहचान की थी, जिनके बारे में उन्हें संदेह था कि वे बिना किसी वास्तविक माल की बिक्री के केवल 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' (आईटीसी) का लाभ उठाने के लिए स्थापित की गई थीं और इस तरह ये कंपनियां सरकारी खजाने को चूना लगा रही थीं। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, फर्जी पंजीकरण के खिलाफ दूसरे राष्ट्रव्यापी अभियान में हमने सत्यापन के लिए लगभग 73,000 जीएसटीआईएन की पहचान की थी। इनमें से लगभग 18,000 अस्तित्वहीन पाए गए। ये फर्जी कंपनियां लगभग 24,550 करोड़ रुपये की कर चोरी में शामिल थीं। विशेष अभियान के दौरान कंपनियों द्वारा लगभग 70 करोड़ रुपये का स्वैच्छिक जीएसटी भुगतान किया गया। सरकार फर्जी जीएसटी पंजीकरण की जांच के लिए लक्षित कार्रवाई कर रही है और अधिक से अधिक भौतिक सत्यापन हो रहा है। फर्जी पंजीकरण के खिलाफ दूसरा राष्ट्रव्यापी अभियान 16 अगस्त से अक्टूबर के अंत तक चला। फर्जी पंजीकरण के खिलाफ पिछले साल 16 मई से 15 जुलाई तक चले पहले राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत जीएसटी पंजीकरण वाली 21,791 इकाइयों का अस्तित्व नहीं पाया गया था।

### भारत दिसंबर में ईएसए के प्रोबा-3 अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित करेगा: जितेंद्र सिंह

**नयी दिल्ली :** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेन्द्र सिंह ने मंगलवार को यहां कहा कि भारत अगले महीने की शुरुआत में श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा-3 मिशन को प्रक्षेपित करेगा। सिंह ने कहा कि मिशन के तहत भेजे वाले दो उपग्रहों को इसरो के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) के साथ एकीकरण के लिए मंगलवार सुबह श्रीहरिकोटा लाया गया और यह सूर्य का अध्ययन करने के लिए प्रोबा-3 मिशन का हिस्सा हैं। सिंह ने 'इंडियन स्पेस एसोसिएशन' द्वारा आयोजित भारतीय अंतरिक्ष कॉन्क्लेव में कहा, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का प्रोबा-3 मिशन दिसंबर के पहले सप्ताह में श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया जाएगा।


## शीर्ष अदालत ने उप्र मदरसा कानून की वैधता बरकरार रखी

### धर्मनिरपेक्षता के विरूद्ध नहीं

**नयी दिल्ली :** उत्तर प्रदेश के मदरसों को बड़ी राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को मुस्लिम अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों को नियंत्रित करने वाले 2004 के राज्य कानून की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा और कहा कि धर्मनिरपेक्षता के आधार पर किसी कानून को रद्द नहीं किया जा सकता। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को पलटने वाले इस महत्वपूर्ण निर्णय से राज्य कानून के तहत उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त 16,000 से ज्यादा मदरसों में पढ़ने वाले 17 लाख से अधिक छात्रों को लाभ होगा। उच्च न्यायालय ने मदरसों को बंद करने को कहा था तथा राज्य सरकार को छात्रों को औपचारिक स्कूली शिक्षा प्रणाली में समायोजित करने का निर्देश दिया था। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि किसी कानून को दो आधारों पर असंवैधानिक घोषित किया जा सकता है - विधायी क्षमता के दायरे से बाहर होना या मौलिक अधिकारों या किसी अन्य संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन करना। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उच्च न्यायालय के उस फैसले को खारिज कर दिया जिसमें 2004 के कानून को इस आधार पर रद्द कर दिया गया था कि यह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करता है। पीठ ने कहा, मदरसा अधिनियम (उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004) राज्य विधानमंडल की विधायी क्षमता के अंतर्गत आता है और संविधान की सूची तृतीय की प्रविष्टि 25 से इसका संबंध है।

## सरकारों को आम भलाई के लिए सभी निजी संपत्तियां अपने कब्जे में लेने का अधिकार नहीं: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने 7:2 के बहुमत के फैसले में मंगलवार को कहा कि संविधान के तहत सरकारों को ''आम भलाई'' के लिए निजी स्वामित्व वाले सभी संसाधनों को अपने कब्जे में लेने का अधिकार नहीं है। हालांकि, भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि सरकारें कुछ मामलों में निजी संपत्तियों पर दावा कर सकती हैं। प्रधान न्यायाधीश द्वारा सुनाए गए बहुमत के फैसले में न्यायमूर्ति कृष्णा अय्यर के पिछले फैसले को खारिज कर दिया गया जिसमें कहा गया था कि सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को




संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) के तहत वितरण के लिए सरकारों द्वारा अधिगृहीत किया जा सकता है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने अपने और उस पीठ के छह अन्य न्यायाधीशों के लिए फैसला लिखा, जिसने इस जटिल कानूनी सवाल पर निर्णय किया कि क्या निजी संपत्तियों को अनुच्छेद 39 (बी) के तहत ''समुदाय के भौतिक संसाधन'' माना जा सकता है और ''आम भलाई'' के वास्ते वितरण के लिए सरकार के अधिकारियों द्वारा अपने कब्जे में लिया जा सकता है। इसने उन कई फैसलों को पलट दिया, जिनमें समाजवादी सोच को अपनाया था और कहा गया था कि सरकारें आम भलाई के लिए सभी निजी संपत्तियों पर कब्जा कर सकती हैं। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने प्रधान न्यायाधीश द्वारा लिखे गए बहुमत के फैसले से आंशिक रूप से असहमत जताई, जबकि न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया ने सभी पहलुओं पर असहमति जताई। फैसला अभी सुनाया जा रहा है। अनुच्छेद 31सी, अनुच्छेद 39(बी) और (सी) के तहत बनाए गए कानून की रक्षा करता है जो सरकार को आम भलाई के वास्ते वितरण के लिए निजी संपत्तियों सहित समुदाय के भौतिक संसाधनों को अपने कब्जे में लेने का अधिकार देता है। शीर्ष अदालत ने 16 याचिकाओं पर सुनवाई की जिनमें 1992 में मुंबई स्थित प्रॉपर्टी ओनर्स एसोसिएशन (पीओए) द्वारा दायर मुख्य याचिका भी शामिल थी।

### संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक

**नयी दिल्ली :** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने मंगलवार को कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से आरंभ होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि संविधान को अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ का जश्न 26 नवंबर को संविधान सदन (पुरानी संसद) के केंद्रीय कक्ष में मनाया जाएगा। रीजीजू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''माननीय राष्ट्रपति (द्रौपदी मुर्मू) ने भारत सरकार की सिफारिश पर 25 नवंबर से 20 दिसंबर, 2024 तक शीतकालीन सत्र के लिए संसद के दोनों सदनों की बैठकें बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।'' उन्होंने कहा, ''26 नवंबर, 2024 (संविधान दिवस) को संविधान अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में कार्यक्रम का आयोजन होगा।''



Diamond Jewellery, Solitaires, Hallmarked Gold Jewellery, Polki, Kundan-Jadau and Certified Gemstones with buy-back facility.

INDIAN GEM & JEWELLERY CREATION — Toll Free No. 1800 889 1704

**9B, Wood Street:** Ground Floor, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89018 **South City Mall:** Ground Floor, 375, Prince Anwar Shah Road, Kolkata 700 068 **M** +91 89810 89029 **City Centre II, Rajarhat :** Block-B, 2nd Floor, Shop No. 201, New Town, Kolkata 700 157 **M** +91 89810 89066 **Howrah:** JP's AC Market (Shri Vindyachal Building), 35, Dr. Abani Dutta Road (Near Howrah AC Market) **M** +91 89810 89027 **Vardaan Market:** 106 Vardaan Market, 1st Floor, 25A, Camac Street, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89003 **Bagnan:** Glorious Shopping Complex, Near CTC Bus Stand, Shop No. 4, 1st Floor, Bagnan, Howrah 711 303 **M** +91 89810 89024 **Durgapur:** Shop No. 205, Dreamplex Mall, 1st Floor, City Centre, Durgapur 713 216 **M** +91 89810 89017 **Serampore:** Agnisha - II, Ground Floor, 30, K M Shah Street, Serampore, Hooghly 712 201 M +91 89810 89014

Authorised Retailer: Forevermark, Platinum & MMTC Gold & Silver Bars

## नई ऊर्जा पाने का भी है यह पर्व

ऋतुचक्र में बदलाव और किसानी संस्कृति के उल्लास के बीच आता है दीपोत्सव। वर्षा ऋतु से उपजी जीवन की एकरसता को तोड़ने का कार्य दीपपर्व शृंखला ही करती है। दीपावली हमारे तन-मन के अंधेरे दूर करने का पर्व भी है। यह त्योहार न केवल हमारी आर्थिकी की प्राणवायु है बल्कि जीवन की उदासीनता को दूर कर उसमें नयी ऊर्जा का संचार भी करता है। त्योहारों के देश भारत में ऐसे उत्सवों के गहरे निहितार्थ हैं। सामाजिकता के लिहाज से भी और आर्थिकी के लक्ष्य के हिसाब से भी। विभिन्न संस्कृति व भाषा वाले देश में किसी राज्य में त्योहार का स्वरूप व उसकी कथा अलग हो सकती है, लेकिन पर्व का मर्म जीवन में उल्लास भरना ही है। दरअसल, कृत्रिमता से लबरेज महानगरीय समाज में एकाकी होते जीवन में रंग भरने आते हैं त्योहार। इस मौके पर अपने मित्रों और रिश्तेदारों को हम दीपोत्सव की शुभकामनाएं व उपहार देते हैं। बहुत संभव है हम उनसे सालभर में एकाध बार ही मिले हों। भले ही त्योहार की औपचारिकताओं में ही सही, तमाम घरों में हम सब का आना-जाना होता है। इस बहाने हम एक-दूसरे के हालचाल पूछ लेते हैं। अन्य शब्दों में कहें तो दीवाली जैसे त्योहार हमारे समाज के सेफ्टीवॉल का ही काम करते हैं। दरअसल, पश्चिमी देशों व महानगरीय जीवन में तमाम मनोकायिक रोगों की जड़ हमारा समाज से विलग होना ही तो है। सरस व सहज संवाद का अभाव हमारे जीवन को एकाकी बनाता है। भले ही हम कितने ही मुगालते पाल लें, सरस-सहज सामाजिकता का विकल्प सोशल मीडिया कदापि नहीं हो सकता। निस्संदेह, जीवंत जीवन मधुर संबंधों से ही चलता है। आर्थिक संपन्नता हमारी सामाजिकता का विकल्प नहीं हो सकती। आम दिनों में समाज में मिलना-जुलना हमें सहज-सरल बनाता है। फिर हम खुद को हल्का महसूस करते हैं। जिससे कई तरह के मनोविकारों से भी हम बचते हैं। निस्संदेह, शरीर हो या समाज, गतिशीलता ही उसे जीवंत बनाये रखती है। जैसे नदी की गतिशील धारा खुद को निर्मल करती हुई आगे बढ़ती है।

विडंबना देखिए कि बदलते वक्त के साथ अमीरी के फूहड़ प्रदर्शन से हमने उजाले के पर्व में कृत्रिमताओं के अंधेरे लाद दिए हैं। इस त्योहार को हमने ऑफिस, बाजार-कारोबार व आर्थिक लक्ष्यों के चलते लेन-देन के संजाल में उलझा दिया है। त्योहार मनाने का यह तरीका कष्टकारी ही है और पर्व के मर्म से छल ही है। जिससे सहज-सरल लोग खुद को अलग-थलग महसूस करते हैं। त्योहार कोई भी हो समाज के हर अगड़े-पिछड़े वर्ग को साथ मिलकर मनाना उसका मकसद होता है। हम एक दीया ऐसा भी जलाएं जो किसी दूसरे के घर के अंधेरे को दूर करे। वे लोग जो विशुद्ध बाजारी स्पर्धा में पिछड़ गए हैं, जो प्राकृतिक आपदाओं से उजड़े हैं,जो किसी कमाऊ व्यक्ति के जाने से विपन्न हैं, जिनके अपने बिछुड़े हैं, ऐसे लोगों के जीवन में मदद का दीप जलाने में ही इस दीपोत्सव की सार्थकता होगी। त्योहार तभी व्यापक अर्थों में सार्थक होता है जब समता-ममता का दीया हर घर में जले। समाज में कोई गरीब नहीं होना चाहता, देश-काल व परिस्थितियां उसे विपन्न बनाती हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मौलिक अधिकारों के साथ हमारे कुछ मौलिक दायित्व भी हैं। जो किसी दुखी व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान ला सकें। बूंद-बूंद से सागर भरता है तो दीये की शृंखला ऐसे ही हमारे समाज के कई तरह के अंधेरे दूर कर सकती है। वहीं दूसरी ओर घरों व अस्पतालों में तमाम ऐसे बीमार लोग हैं, जिन्हें धमाकों के शोर और पटाखों के प्रदूषण से कष्ट होता है। उन लोगों की भी सोचें जो सांस व लंग्स आदि की बीमारियों से जूझ रहे हैं। हमें अपने पर्यावरण व जीव-जंतुओं की भी फिक्र होनी चाहिए। तेज पटाखों से हमारे अंग-संग रहने वाले जानवर-पक्षी बदहवास नजर आते हैं। इस दुनिया में जितना अधिकार हमारा है उतना ही अन्य जीवों का भी है। वैसे भी खुशी का पटाखे से कोई सीधा रिश्ता भी तो नहीं है, खुशी तो हमारी मनोदशा पर निर्भर करती है।

# भारत विरोधी खालिस्तानियों को ट्रूडो सरकार की शह



ललित गर्ग

कनाडा भारत विरोधी गतिविधियों एवं खालिस्तानी अलगाववाद को पोषण एवं पल्लवन देने का बड़ा केन्द्र बनता जा रहा है। खालिस्तानी झंडे लिये प्रदर्शन-कारियों ने ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर पर हमला बोला, हिन्दुओं के साथ हिंसक झड़प की, जिन्हें लेकर ट्रूडो सरकार मूक दर्शक बन कर भारत विरोधी तत्वों को शह देती रही है। इसके अलावा कनाडा के प्रमुख शहरों, टोरंटों, वैंकूवर और सरे से मंदिरों पर भी हमले खबरें परेशान करने वाली हैं। सभी जगहों पर हमला खालिस्तान समर्थक अतिवादियों ने किया। इन हमलों ने कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, वीडियो में मारपीट के दृश्य भी दिखाई दे रहे हैं। जानबूझकर मन्दिर पर किये इन हमलों की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि कायराना एवं शर्मनाक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन घटनाओं की निन्दा करते हुए ट्रूडो सरकार को चेता कर हिंसा को असहनीय बताया एवं कहा कि ऐसी घटनाएं भारत के संकल्प को कभी कमजोर नहीं कर पायेंगी। निश्चित ही खालिस्तानी पृथकतावादियों को खुली छूट देकर ट्रूडो सरकार दोनों देशों के आपसी संबंधों में कडवाहट घोल रहे हैं। यह विडंबना ही है कि कानून का पालन करने वाले प्रवासी भारतीय सदस्यों की सुरक्षा और संरक्षा दांव पर है। दरअसल, अल्पमत में आई ट्रूडो सरकार राजनीतिक स्वार्थों के लिये निचले स्तर का खेल खेल रही है। वह अगले साल होने वाले आम चुनाव में फिर सरकार बनाने के लिये ऐसे संकीर्ण, विघटनकारी एवं स्वार्थी राजनीतिक हथकंडों को अपनाकर अपने ही पांवों पर कुल्हाड़ी चला रही है। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, भारत-कनाडा संबंधों को बचाने के लिये गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। अब तक के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे भारत-कनाडा संबंधों को सामान्य बनाने के लिये यह अपरिहार्य अनिवार्य शर्त भी है।

निश्चित रूप से जस्टिन ट्रूडो सरकार को वहां सक्रिय खालिस्तानी अलगाववादियों को भारत के खिलाफ जहर उगलने के लिये कनाडाई क्षेत्र के दुरुपयोग की अनुमति नहीं देनी चाहिए, क्योंकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर ट्रूडो सरकार द्वारा उपद्रवियों को संरक्षण देना उसकी राजनयिक और लोकतांत्रिक साख को कमजोर करने वाला कदम ही है। राजनीतिक स्वार्थों के लिये प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो खालिस्तान समर्थकों का सहारा लेकर भारत की एकता और अखंडता को खण्डित करने पर तूले हैं, वे खालिस्तानी अतिवादियों को बेलगाम करके खूद के लिये भी खतरा मोल ले रहे हैं, वे यह समझने को तैयार नहीं कि खालिस्तान समर्थक भारत के साथ-साथ कनाडा के लिए भी खतरा बन सकते हैं। वे पहले से ही ड्रग्स और हथियारों के साथ मानव तस्करी में लिप्त हैं। जस्टिन ट्रूडो को यह समझना होगा कि कनाडा की नागरिकता लिए खालिस्तानी अतिवादी खालिस्तान का कितना ही शोर मचाएं, भारत में उसका कहीं कोई समर्थन नहीं और भारत की एकता पर उसका तनिक भी असर नहीं होने वाला है।

गौर करने वाली बात यह है कि ट्रूडो के मुकाबले इस घटना की ज्यादा कड़ी निंदा कनाडा के ओंटारियो सिख ऐंड गुरुद्वारा कौंसिल ने की है। वैसे यह भी ध्यान रखना होगा कि मंदिरों में जिन पर हमला हुआ, वे भी कनाडा के ही नागरिक हैं। जस्टिन ट्रूडो ने जितनी सक्रियता खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर के मामले में दिखाई, उतनी इस मामले में भी दिखाते, तो शायद चीजें बदल सकती थीं, जो उनके लिये ज्यादा राजनीतिक लाभकारी होती। यह एक विडंबना ही है कि कुछ दशक पहले तक खालिस्तान के जिस पागलपन ने भारत को काफी परेशान किया था, पंजाब एवं समूचा देश लम्बे समय तक खालिस्तानी आतंकवाद का शिकार रहा और अब जब भारत से उसका नामो-निशान तक मिट चुका है, तो कनाडा में उसे जोर-शोर से पाला-पोसा जा रहा है। मामला सिर्फ इतना नहीं है, कनाडा अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी दूसरे देश के खिलाफ होने दे रहा है, तो इस पर पूरी विश्व बिरादरी को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। हम सीमा पार आतंकवाद फैलाने के पाकिस्तानी दंश को लंबे अरसे से भोगते रहे हैं और अब कनाडा में जो हो रहा है, वह भी एक तरह से सीमा पार अलगाव-वाद फैलाना ही है। भारत को कनाडा के साथ अमेरिका के रवैये पर भी ध्यान देना होगा, क्योंकि वह गुरपतवंत सिंह पन्नू को खुले तौर पर संरक्षण दे रहा है। भारत के खिलाफ विदेश की धरती से हो रहे इन षड़यंत्रों एवं साजिशों को गंभीरता से लेना होगा।

पिछले साल खालिस्तान समर्थक कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद ट्रूडो सरकार लगातार, भारत के साथ लापरवाही से रिश्ते खराब कर रही है। इस नतीजे पर पहुंचने का एक कारण यह भी है कि कनाडा के साथ अमेरिका की भी नागरिकता लिए खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कुछ दिनों पहले यह धमकी दी थी कि कनाडा के हिंदुओं को दीवाली नहीं मनाने दी जाएगी। इस धमकी के बाद भी यदि खालिस्तानी चरमपंथी हिंदू मंदिर में धावा बोलने आ गए तो इसका यही मतलब निकलता है कि कनाडा सरकार का उन पर लगाम लगाने का कोई इरादा नहीं। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और वहां के प्रमुख विपक्षी दल के नेता ने हिंदू मंदिर को निशाना बनाए जाने की निंदा की, लेकिन इनमें से किसी ने भी खालिस्तान समर्थकों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं समझा, इससे स्पष्ट है कि कनाडा सरकार खालिस्तानियों को खुला समर्थन कर रही है। बहरहाल, यह तय है कि रह-रह कर सामने आ रही यह हिंदू-सिख संबंधों में तल्खी, भारत तथा कनाडा सरकारों के संबंधों में आ रही गिरावट से गहरे तक जुड़ती है। हाल के दिनों में कनाडा सरकार के मंत्रियों ने मर्यादा की सीमाएं लांघते हुए भारत सरकार पर अनेक आक्षेप किये हैं। यहां तक कि कनाडा के उप विदेश मंत्री डेविड मॉरिसन ने भारतीय गृह मंत्री पर आरोप लगाये कि उन्होंने कनाडा में भारत विरोधी अलगाववादियों को निशाना बनाने के लिये हिंसा व खुफिया जानकारी जुटाने के आदेश दिए। जैसा कि स्वाभाविक ही था इस तरह के आरोप-प्रत्यारोप का भारत सरकार ने भी कड़ा प्रतिवाद किया है। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कड़े शब्दों में इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। नई दिल्ली ने इन आरोपों को बेतुका और निराधार बताकर नकार दिया है। कनाडा सरकार इसके कोई ठोस प्रमाण न देकर खुद को ही हंसी का पात्र बनाया।

खालिस्तान समर्थक अतिवादी तत्वों ने हिंदू मंदिर परिसर में भारतीय उच्चायोग की ओर से आयोजित एक शिविर को भी निशाने पर लिया। इस शिविर में बड़ी संख्या में सिख भी मौजूद थे। साफ है कि खालिस्तान समर्थक कनाडा में रह रहे हिंदुओं के साथ सिखों के लिए भी मुसीबत बन रहे हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि उन्होंने जिस हिंदू मंदिर को निशाना बनाया, उसमें सिख भी आते हैं। इन सभी जगहों पर भारतीय उच्चायोग ने पेंशन पाने वाले भारतीयों को जीवन प्रमाणपत्र बांटने के लिए शिविरों का आयोजन किया था। कनाडा में इस तरह के शिविर लगाने की परंपरा पुरानी है। कनाडा में कई बार मंदिरों की दीवारों पर भारत विरोधी नारे भी लिखे जा चुके हैं। खालिस्तानियों के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं होने से उनका दुस्साहस बढ़ रहा है। भारत को इसके लिए तैयार रहना चाहिए कि कनाडा में भारतीय मूल के लोगों और धार्मिक स्थलों को खालिस्तानी अतिवादी तत्वों की ओर से आगे भी निशाना बनाया जा सकता है, क्योंकि वहां कुछ माह बाद आम चुनाव होने हैं। यह किसी से छिपा नहीं कि इन चुनावों में अपनी राजनीतिक दशा सुधारने के लिए प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो एक विघटनकारी खेल खेल रहे हैं। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर कोई देश उस अतिवाद को कैसे पलने दे सकता है। ऐसी अपरिपक्व राजनीतिक सोच एवं कार्रवाई से जस्टिन ट्रूडो की सरकार का संकट ही बढ़ेगा और वे और उनके दल का अगले चुनाव में सफाया हो जाने की पूरी आशंका है।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# सार्वजनिक जीवन में शुचिता व ईमानदारी बेहद ज़रूरी



डॉ घनश्याम बादल

'विजिलेंस अवेयरनेस वीक' हां, हर साल देश अक्टूबर के अंतिम सप्ताह व नवंबर के पहले हफ्ते में में इसी नाम से सतर्कता एवं जागरूकता सप्ताह मनाता आ रहा है। हर बार की तरह इस बार भी मना। इस मौके पर केंद्र सरकार विभिन्न संस्थाओं में कर्मचारियों एवं अधिकारियों को भ्रष्टाचार न करने, रिश्वत न लेने व देने, सार्वजनिक जीवन में शुचिता एवं ईमानदारी का पालन करने की शपथ दिलाई जाती है। विजिलेंस अवेयरनेस वीक बस इसी तरह मनता है और खत्म हो जाता है। मगर देश से भ्रष्टाचार है कि जाता ही नहीं और जागरूकता है कि आने के बावजूद भी कामयाब होती नहीं दिखती।

सार यह है कि र हफ्ते, पखवाड़े माह मना लिये जाते हैं और भ्रष्टाचार का अजदहा मस्त चलता रहता है।

अभी पिछले कुछ साल पहले हीअण्णा हजारे का आन्दोलन भारतीय राजनीति व सार्वजनिक जीवन में बदलाव लाने के लिए बड़ा चर्चित रहा और लगा कि इस आंदोलन से देश की हालत एवं हालात बदलेंगे, पर दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ।

इससे पूर्व भी हमारे प्रधानमंत्री ने 2014 में सीना ठोक कर कहा था ना खाऊंगा ना खाने दूंगा मगर हालत में बहुत ज्यादा बदलाव कहीं नजर नहीं आता है अन्ना आंदोलन तो फेल ही हो गया और अन्ना भी पृष्ठभूमि में चले गए।

देश से भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी हटाने के फेल्योर ने कई सवाल खड़े किए हैं। भले ही संविधान के अनुसार भ्रष्टाचार के लिये यहां कोई जगह नहीं है मगर देश में भ्रष्टाचार की बीमारी इतने गहरे तक पैठ गई है कि उसके इलाज के लिये छोटे मोटे चीरे से काम नहीं चलने वाला है यदि देश सचमुच ही इस बीमारी से मुक्ति चाहता है तो उसे बहुत ही कड़ा रुख अपनाते हुये किसी बड़े ऑप्रेशन की तैयारी करनी ही पड़ेगी।

आम आदमी से बात करें तो वह साफ कहता है कि आज भ्रष्टाचार सर्वत्र व्याप्त है। कहीं कोई तो कहीं कोई ऊपर से साफ सुथरा दिखता, नियमों, कानूनों की बात करता, नैतिकता व मूल्यों की दुहाई देता दिखता है पर अंदर ही अंदर भ्रष्टाचार का पोषण भी होता है, बस फर्क इतना है कि किसी की छवि पर दाग लग गया है और किसी की पोल नहीं खुली है। एक वाक्य 'ईमानदार वही है जिसे मौका नहीं मिला' कहीं खुल कर तो कहीं दबी आवाज में सुना जा सकता है। हम उस युग में जी रहे हैं जहां भ्रष्टाचार में फंसने पर या घोटाले, घपले करनें पर शर्म नहीं आती, अपराधी सिद्ध होने पर भी लज्जा नहीं आती, ऐसे लोगों को आगे बढ़ते देखकर भी जिस ईमानदार का खून नहीं खौलता उसे समझदार उसे कहा जाता है और ज्यादातर ईमानदार किसी अपने के लूटने या लुटने पर चुप्पी ओढ़कर सो जाते हैं।

वैसे ऐसा भी नहीं है कि भारतीय राजनीति में भ्रष्टाचार कोई नया हो, भ्रष्टाचार की पदचाप तो यहां अस्सी के दशक से ही सुनाई देने लगी थी। जब पॉवर, राजनीति, ओहदा, सामर्थ्य और भ्रष्टाचार कमोबेश एक दूसरे के पर्याय बनकर उभरते चले गये।

याद कीजिए 1974 में इंदिरा गंधी पर स्टेटबैंक से पैसे निकालने का आरोप, जब कहा गया कि नटवर लाल ने उनकी आवाज की

**खरी बात :**

नकल करके यह कृत्य किया था तब इंदिरा पर किसी ने भी शक नहीं किया था, पर बाद में उनकी ईमानदारी की छवि में भी दम नहीं रहा वें भ्रष्ट तो नहीं पर निरंकुश मान ली गई थी जिसका दंड उन्हे 1977 में हार के रूप में मिला।

1989- 1991 में तो सीघे - सीधे तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ही हर्षद मेहता व लक्खू भाई पाठक मामलों में कटघरे में आ गए। उन्हे बेईमान तो सिद्ध नहीं किया जा सका पर आम आदमी ने शक किया। इससे पहले भी राजीव गांधी पर बोफोर्स मामले में कमीशन का आरोप लग चुके थे, फिर फेयरफैक्स लाकर वी0 पी0 सिंह को लपेटने की कोशिश हुई पर चली नहीं। जबकि क्वात्रोचि व बोफोर्स का भूत बहुत लंबे समय तक जिंदा रहा। इसके बाद तो एक प्रकार सें भ्रष्टाचार के संदर्भ में बेशर्मी के युग की शुरुआत हो गई। एक दो करोड़ को तो नेता भ्रष्टाचार मानते ही नहीं कहते हैं अमुक की हैसियत इतनी है कि वह इतनी छोटी सी रकम के लिए नहीं गिरेगा यानि गिरावट भी अब हैसियत के अनुसार होने लगी है।

हालांकि भ्रष्टाचार ने केन्द्र और राज्यो में समय समय पर अनेक लोगो, नेताओं, अफसरों व कर्मचारियों की बलि भी ली हैं पर भ्रष्टाचार न केवल बना व बचा ही रहा अपितु वह बढ़ता भी गया है और हालात यहां तक पंहुच गए हैं कि राजनीति में ऊँचे पदों पर बैठे व्यक्तियो पर हर कोई उंगली उठाता दिख रहा है।

कितना अच्छा होता कि लोग इस दोषारोपण पर विश्वास न कर पाते, पर आज ऐसे हालात हैं तो इसके बारे में भी हमें सोचना ही होगा कि आखिर ऐसे हालात पैदा ही क्यों हुए कि बजाय आरोप लगाने वाले पर शक करने के, लोग जिन पर आरोप लग रहे हैं उन्हीं पर उंगली उठा रहे हैं। आखिर कुछ तो ऐसा हुआ है कि लोग नेताओं और उनकी ईमानदारी पर शक करने लगे हैं। नेताओं व उनके इर्द गिर्द जुटे अधिकरियों,दलालों ठेकेदारों की बेतहाशा बढ़ती सम्पत्ति। लोग देख रहे हैं कि थोड़े दिन पहले ही सत्ता या फिर राजनीति में आए लोग अचानक ही कैसे करोड़पति, अरबपति हो जाते हैं। खैर, समय - समय पर आंदोलन आएंगें और जाएंगे भी पर यक्ष प्रश्न तो वही है कि भ्रष्टाचार का अजदहा कब व कैसे मरेगा? और मरेगा भी या हमें ही मार कर दम लेगा।इस बात पर चिंतन करने का वक्त अब से बेहतर कब होगा? यह हम सोचें और सोचें मात्र नहीं वरन भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को जड़ से उखाड़ फेंके। ऐसी व्यवस्था करें कि वें लौटकर न आ सकें। ऐसा कुछ करें कि नए लोगों को सीख मिले, पुराने सुधरें और देश का उत्थान हो। लेकिन क्या ऐसा हो पाएगा? निसंदेह निजी स्वार्थ छोड़े बिना यह नहीं ही हो पाएगा।

जरूरी है नेता ही नहीं अपितु हम यानि आम आदमी भी खुद के अंदर झांके। कंबल, रजाई, दारु, जाति, धर्म, संप्रदाय से विरत हो अच्छे व सच्चे लोगों को ही संसद व विधानसभाओं में भेजें। माना भूख है, गरीबी है, डर है, पर हर डर के आगे जीत है वही जीत पाने का वक्त है आज।

यदि भ्रष्टाचार के बेलगाम घोड़ों को रोकना है तथा देश को शुचिता के रास्ते पर डालना है तो सतर्कता एवं जागरूकता को जीवन का अनिवार्य अंग बनाना पड़ेगा। जीवन में शुचिता तथा ईमानदारी एवं निस्पृहता को सर्वोपरि स्थान देना पड़ेगा तब कहीं जाकर सतर्कता एवं जागरूकता सप्ताह जैसे औपचारिक अभियान यथार्थ के धरातल पर उतर पाएंगे।

-लेखक सामाजिक चिंतक हैं

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 6 नवम्बर, बुधवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, कार्तिक शुक्लपक्ष पंचमी, 24:38 तक, नक्षत्र : मूल, 10:50 तक, योग : सुकर्माण, 10:45 तक, सूर्योदयः 5:45, सूर्यास्तः 16:56, चन्द्रोदय : 09:57, चन्द्रास्तः 20:37, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 11:20 से 12:43

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं। आपके लिए धन प्राप्ति के उत्तम राजयोग बन रहे हैं और आप तरक्की करेंगे।

**वृष :** वृष राशि के लोगों का दिन तरक्की और सफलता से भरा होगा और किस्मत आपका साथ देगी। आप अपने किए कार्य की प्रशंसा से फूले नहीं समाएंगे।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों को कारोबार में भाग्य का साथ मिलेगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपके घर में या ऑफिस में विवाद हो सकते हैं।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों को लाभ होगा और आपको करियर में सफलता प्राप्त होगी। आपको चारों तरफ से हर मामले में सफलता प्राप्त होगी। आपकी हर कार्य में सिद्धि होगी।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों के लिए दिन तरक्की से भरा होगा आप करियर में मनचाही सफलता हासिल करेंगे। आपको लाभ होगा और सहयोगियों पर खोया हुआ विश्वास आपको फिर से हासिल होगा।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों का दिन असमंजस से भरा होगा। आपको समझ में नहीं आएगा कि क्या सही है और क्या गलत है। जिस वजह से आप के सभी कार्य लटके रहेंगे।

**तुला :** तुला राशि के लोगों को आज जोखिम से भरा कोई कार्य न करने की सलाह है। कार्यक्षेत्र में हर प्रकार के रिस्क से दूर रहें। आप यही सोचकर आगे बढ़ें कि किसी संकट में फंस जाते हैं।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों के लिए दिन काफी अस्त-व्यस्त रहेगा। कई प्रकार के विवाद और झंझट आपके सामने आ सकते हैं। अपने कार्य कौशल से अपनी मुसीबतें कम कर पाएंगे।

**धनु :** धनु राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आप सभी कार्य समय से पूरे कर लेंगे। युक्तिसंगत प्रयासों से आपको लाभ होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे।

**मकर :** मकर राशि के लोगों को लाभ होगा और आपका मूड सुबह से ही काफी अच्छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्कर में आप दिनभर भागदौड़ करते रहेंगे।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों का दिन काफी बिजी रहेगा। आजकल एकदम से बहुत सारे काम आपके आगे पीछे आ रहे हैं। आपका व्यय भार आज काफी बढ़ा रहेगा।

**मीन :** मीन राशि के लोगों के लिए करियर के मामले में दिन अनुकूल है। आप हर काम को ठीक तरह से संभालने की चेष्टा करें। आज व्यवसाय के विस्तार के लिए पर्याप्त अवसर और अनुकूल समय है।

## विदेश की खबरें

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे जो भी हों, हमारें रिश्ते आगे ही बढ़ेंगे : जयशंकर

**कैनबरा :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत ने अमेरिका के पिछले पांच राष्ट्रपतियों के कार्यकाल के दौरान उसके साथ अपने संबंधों में ''लगातार प्रगति'' देखी है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी चुनाव के परिणाम चाहे जो भी हों, अमेरिका के साथ उसके संबंध और मजबूत ही होंगे। यहां अपनी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में जयशंकर ने क्वाड के भविष्य के बारे में भी आशा व्यक्त की। क्वाड में अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। वोंग ने संवाददाताओं से कहा कि ऑस्ट्रेलिया का मानना है कि चार देशों का यह समूह चुनाव परिणाम के परे अपना महत्व बनाए रखेगा । अमेरिका के लाखों मतदाता 47वें राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए मतदान कर रहे हैं। यह देश के इतिहास में सबसे कटु राष्ट्रपति चुनाव अभियानों में से एक है। विभिन्न मीडिया समूहों के सर्वेक्षणों के मुताबिक डेमोक्रेटिक उम्मीदवार और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस (60) और रिप-ब्लिकन पार्टी उम्मीदवार और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (78) के बीच कांटे की टक्कर है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों से पूछा गया कि क्या ट्रंप के चुनाव जीतने को लेकर कोई चिंता है और क्या उनके राष्ट्रपति बनने का क्वाड पर कोई असर पड़ेगा? जयशंकर ने इसके जवाब में संवाददाताओं से कहा, ''हमने पिछले पांच राष्ट्रपतियों के कार्यकाल में अमेरिका के



साथ अपने संबंधों में लगातार प्रगति देखी है, जिसमें ट्रंप का पिछला राष्ट्रपति कार्यकाल भी शामिल है। इसलिए, जब हम अमेरिकी चुनाव को देखते हैं, तो हमें पूरा भरोसा है कि जो भी नतीजा आए, अमेरिका के साथ हमारे संबंध और मजबूत होंगे। उन्होंने कहा, '' जहां तक क्वाड का संदर्भ तो मैं आपको याद दिला दूं कि इसे 2017 में ट्रंप के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान पुनर्जीवित किया गया था। इसके बाद इसे स्थायी सचिव से मंत्री स्तर तक ले जाया गया, वह भी ट्रंप के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान ही हुआ। जयशंकर ने कहा, वास्तव में, यह दिलचस्प है कि कोविड के बीच, जब आमने-सामने की बैठकें बंद हो गई थीं, ऐसे में 2020 में क्वाड के विदेश मंत्रियों की उस समय आमने-सामने की एक दुर्लभ बैठक टोक्यो में हुई थी। इससे हमें क्वाड की संभावना के बारे में संकेत मिलना चाहिए। अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया ने 2017 में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख का मुकाबला करने के लिए 'क्वाड' या चार देशों का गठबंधन स्थापित करने के लंबे समय से लंबित प्रस्ताव को मूर्त रूप दिया था। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री वोंग ने क्वाड पर मीडिया के सवाल के जवाब में कहा, ''हम दोनों देखते हैं, मैं जय की ओर से नहीं बोलना चाहती... लेकिन इस पर मैं बहुत समान विचार व्यक्त कर सकती हूं। हम दोनों क्वाड को बहुत महत्व देते हैं, यह एक व्यवस्था है, एक बैठक है, उन देशों का समूह है जो उस तरह के क्षेत्र में बहुत समान हित साझा करते हैं जैसा हम चाहते हैं। उन्होंने कहा, अलग-अलग दृष्टिकोण वाले देशों, जाहिर तौर पर अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान, के साथ यह एक बहुत ही मूल्यवान रणनीतिक चर्चा है।

## वर्ग पहेली नं. 2908



ऊपर से नीचे :- 1) भ्रमदर्शन, 2) परतंत्रता, 3) रोना; ठिनकना; हठ करना, 4) जल्दबाज, 5) बैठक, 8) एक फल, 11) बलराम, 13) तीर्थयात्री; भाट, 15) ग़ाफ़िल; असतर्क; बेख़बर, 16) सुअर, 17) सहारा, 20) एक *अंग्रेजी* माह, 21) अधीनता में, 23) ठंडा, 24) कृषि उत्पाद, 27) शोरबा.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

बायें से दायें :- 1) इलज़ाम; आक्षेप, 4) म्लान; रंजीदा; गमग़ीन; मुरझाया, 6) मुसाफिर, 7) वाष्प; *स्टीम*, 9) पुत्री का ससुर, 10) वक्ता तथा श्रोता के अतिरिक्त किसी मनुष्य का संकेत करनेवाला सर्वनाम, 12) इधर-उधर दौड़ाना, 14) दफ़्तरशाही; दफ़्तरी अक्रियता; *ब्यूरोक्रेसी*, 15) विष्णू का कूर्म, 18) संपूर्ण, 19) यात्रावर्णन, 22) असंस्कृत; निर्दय; अपालतू; वन्य, 24) भगोड़ा, 25) दया; करुणा, 26) इत्यादि, 28) *बैक-अप (कम्प्युटर)*; पुतला; प्रतिलिपि; अनुकरण; *पैरोडी*, 29) एक संख्या.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | रं | प | रा | ■ | सा | जि | श | ■ | दि |
| ह | ■ | व | र | प | क्ष | ■ | त | स | ल्ली |
| ल | खा | न | ■ | ग | र | म | ■ | ह | ■ |
| वा | ■ | सु | खां | ड़ी | ■ | ग | जा | न | न |
| नी | य | त | ■ | ■ | ग | ज | ■ | शी | ■ |
| ■ | थो | ■ | ना | व | ल | ■ | प | ल | क |
| बे | चि | रा | ग | ■ | ना | प | ना | ■ | त |
| ग | त | ■ | वा | दी | ■ | रा | ह | गी | र |
| म | ■ | स | र | प | र | स्त | ■ | ली | न |

## सुडोकू-पहेली-2868

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 2 | | |
| | | | | 4 | | | 8 | |
| 1 | | | | | | | | |
| | 2 | | | | | 6 | | 3 |
| | | | 1 | | | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | |
| | 6 | 2 | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | 1 |
| | | | 3 | | | | 7 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2867 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 9 | 5 | 3 | 7 | 6 | 4 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 9 | 2 | 4 | 8 | 5 | 7 |
| 4 | 7 | 5 | 1 | 6 | 8 | 9 | 2 | 3 |
| 2 | 8 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 | 6 | 4 |
| 9 | 6 | 7 | 4 | 5 | 1 | 3 | 8 | 2 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 | 1 | 7 | 9 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 8 |
| 5 | 4 | 8 | 2 | 1 | 3 | 7 | 9 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 8 | 9 | 6 | 4 | 1 | 5 |

# आरजीकर मामला : सीबीआई चार्जशीट में खामियों का आरोप, जूनियर डॉक्टरों का प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के सरकारी अस्पतालों के प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार को आरोप लगाया कि आरजीकर अस्पताल में उनकी सहकर्मी की हत्या एवं दुष्कर्म मामले में सीबीआई की ओर से दायर चार्जशीट में कई खामियां हैं। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे जूनियर डॉक्टरों के संगठन 'पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट' (डब्ल्यूबीजेडीएफ) ने फोरेंसिक जांच के लिए अपराधस्थल से नमूने भेजने में ज्यादा देरी होने का दावा करते हुए जवाब मांगा है। प्रदर्शनकारियों के एक प्रतिनिधि ने चार्जशीट में महत्वपूर्ण मुद्दों पर जवाबों की कथित कमी का जिक्र करते हुए पूछा कि सबूत एकत्र करने की तिथि से लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेजने में पांच दिन क्यों लगे? आंदोलनकारी डॉक्टरों ने मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ पिछले महीने दायर एजेंसी के पहले आरोपों पर सवाल उठाए हैं। डब्ल्यूबीजेडीएफ ने यह भी आरोप लगाया कि चार्जशीट में 9 अगस्त को सुबह 3.36 बजे से 4.03 बजे के बीच 27 मिनट की अवधि के दौरान आरोपी संजय रॉय की गतिविधियों के बारे में कोई विवरण नहीं दिया गया है। डब्ल्यूबीजेडीएफ ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तरल पदार्थ (फ्लूइड) के होने का जिक्र किया गया था, लेकिन सीबीआई की चार्जशीट में यह नहीं बताया गया है कि इसे डीएनए टेस्ट के लिए भेजा गया था या नहीं। डब्ल्यूबीजेडीएफ ने दावा किया कि सीबीआई की ओर से दायर पहली चार्जशीट कोलकाता पुलिस के निष्कर्षों पर आधारित लगती है।

## जूनियर डॉक्टरों के दो संगठनों के बीच विवाद, 'दुष्कर्मी के समर्थन' का आरोप

जूनियर डॉक्टरों के दो संगठनों, पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन और जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के बीच आरजीकर अस्पताल में चिकित्सक की दुष्कर्म और हत्या मामले को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इस मामले में एक संगठन पर दुष्कर्मी का समर्थन करने का आरोप लगाते हुए दोनों के बीच तीखी बयानबाजी शुरू हो गई है। जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के प्रमुख किंजल नंद ने इस मामले में सवाल उठाया कि आरोपित को कौन फंसा रहा है? क्यों फंसा रहा है? इसका उद्देश्य क्या है? किञ्जल का कहना है कि केन्द्रीय जांच ब्यूरो को इस मामले में पारदर्शिता बरतनी चाहिए। इस पर, प्रतिक्रिया देते हुए पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने अपने सोशल मीडिया पेज से एक वीडियो संदेश जारी किया। एसोसिएशन के नेता अतनु विश्वास ने कहा कि आरजीकर अस्पताल की घटना में जिस व्यक्ति को दोषी ठहराया गया है, वह अदालत में यह दावा कर रहा है कि उसे फंसाया गया है। इसके बावजूद, जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के नेता किंजल नंद इस मुद्दे पर सवाल उठा रहे हैं कि इसे फंसाया क्यों गया और किसने फंसाया। हम उनसे पूछना चाहते हैं कि आप जनता को किस ओर ले जा रहे हैं? क्या ये दुष्कर्मी के समर्थन का संकेत नहीं है? एसोसिएशन ने यह भी दावा किया कि पीड़िता के माता-पिता ने भी इस मामले में सीबीआई जांच की मांग की थी। उन्होंने कहा कि जब सीबीआई ने स्पष्ट रूप से आरोपित को दोषी बताया है, तो जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट इसे मानने में समस्या क्यों कर रहा है? उन्होंने कहा कि यह सीधे तौर पर आरोपित को बचाने के लिए पक्ष लेने के जैसा है।

## वित्तीय भ्रष्टाचार की जांच को आंतरिक कमेटी पर विचार कर रही सरकार

आरजीकर अस्पताल में वित्तीय भ्रष्टाचार के मामले की जांच के लिए बंगाल सरकार आंतरिक कमेटी के गठन पर विचार कर रही है। राज्य सचिवालय सूत्रों ने बताया कि इसे लेकर मुख्य सचिव मनोज पंत के नेतृत्व में राज्य सचिवालय में उच्च स्तरीय बैठक हुई है। कमेटी अस्पताल के प्रिंसिपल रहते संदीप घोष की गतिविधियों की बारीकी से जांच करेगी। इसके साथ ही स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम पर जूनियर डाक्टरों द्वारा लगाए गए आरोपों पर भी गौर करेगी।

# शुभेंदु अधिकारी ने राज्य के तीन फुटबॉल प्रमुखों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर खेल मंत्री को लिखा पत्र

### ✒ तृणमूल उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने केंद्रीय युवा मामलों और खेल मंत्री मनसुख मांडविया को पत्र लिखकर तीन प्रमुख फुटबॉल क्लबों और इंडियन फुटबॉल एसोसिएशन (आईएफए) के सचिव के खिलाफ शिकायत दर्ज की। शुभेंदु अधिकारी का आरोप है कि इन क्लबों के अधिकारियों ने नैहाटी विधानसभा उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार सनत दे के लिए अनुचित तरीके से प्रचार किया है। शुभेंदु अधिकारी ने अपने पत्र में कहा कि यह अभूतपूर्व और अनैतिक कदम है, जिसमें मोहन बागान, ईस्ट बंगाल और मोहम्मडन स्पोर्टिंग जैसे क्लबों के शीर्ष अधिकारियों ने तृणमूल उम्मीदवार सनत दे का समर्थन किया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आईएफए के सचिव अनिर्बान दत्ता ने भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश जारी कर चुनाव से पहले सनत दे के पक्ष में समर्थन जताया है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यह वीडियो तृणमूल के आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर पोस्ट किया गया है। शुभेंदु अधिकारी ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि इस प्रकार का राजनीतिक समर्थन खेल संस्थाओं के आचार संहिता का उल्लंघन है और इसे खेल भावना के विपरीत माना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि फुटबॉल क्लबों और खेल संचालन निकायों के महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर बैठे लोगों द्वारा इस तरह का प्रचार एक अनुचित चाल है। शुभेंदु अधिकारी ने अपने पत्र में यह भी लिखा कि फीफा, जो विश्व फुटबॉल का शीर्ष शासी निकाय है, राजनीतिक संदेशों की सख्त मनाही करता है और उल्लंघनकर्ताओं पर भारी जुर्माना और दंड लगाता है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से इस मामले पर संज्ञान लेने और उचित जांच करने का अनुरोध किया।


## हावड़ा मंडल के तहत चंदननगर में श्री श्री जगद्धात्री पूजा के लिए ईएमयू स्पेशल ट्रेनों की व्यवस्था

हावड़ा मंडल के तहत **चंदननगर** में **श्री श्री जगद्धात्री पूजा** के अवसर पर यात्रियों/आगंतुकों की अपेक्षित भारी भीड़ को संभालने के लिए, **हावड़ा और बैण्डेल के बीच पाँच जोड़ी स्पेशल ट्रेनें एवं हावड़ा और बर्द्धमान के बीच एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन दिनांक 08.11.2024 से 12.11.2024 तक** और साथ ही **हावड़ा और बैण्डेल के बीच एक जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेन दिनांक 12.11.2024 (विसर्जन दिवस)** को निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची के अनुसार मार्ग में सभी स्टेशनों पर ठहराव के साथ चलेंगी।

**अप ईएमयू स्पेशल**

| अप ईएमयू स्पेशल चलेगी → | | दिनांक 08.11.24, 09.11.24, 10.11.24 और 11.11.24 को | | | दिनांक 08/09.11.24, 09/10.11.24, 10/11.11.24 और 11/12.11.24 को | दिनांक 09.11.24, 10.11.24, 11.11.24 और 12.11.24 को | | केवल दिनांक 12.11.2024 को (विसर्जन दिवस) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पहला | दूसरा | तीसरा | चौथा | पाँचवाँ | *छठवाँ | |
| हावड़ा ↓ | प्र. | 17.20 | 19.55 | 20.35 | 23.30 | 00.30 | 01.15 | 02.35 |
| बैण्डेल | आ/प्र | 18.25 | 21.00 | 21.40 | 00.30 | 01.35 | 02.20/22 | 03.50 |
| बर्द्धमान | आ. | – | – | – | – | – | 03.50 | – |

**डाउन ईएमयू स्पेशल**

| डाउन ईएमयू स्पेशल चलेगी → | | दिनांक 08.11.24, 09.11.24, 10.11.24 और 11.11.24 को | | | दिनांक 08/09.11.24, 09/10.11.24, 10/11.11.24 और 11/12.11.24 को | दिनांक 09.11.24, 10.11.24, 11.11.24 और 12.11.24 को | | केवल दिनांक 12.11.2024 को (विसर्जन दिवस) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पहला | दूसरा | तीसरा | *चौथा | पाँचवाँ | छठवाँ | |
| बर्द्धमान ↓ | प्र. | – | – | – | 22.30 | – | – | – |
| बैण्डेल | आ/प्र | 18.35 | 21.20 | 21.55 | 23.53/55 | 01.00 | 02.00 | 04.00 |
| हावड़ा | आ. | 19.40 | 22.30 | 23.00 | 01.00 | 02.05 | 03.05 | 05.10 |

*** ईएमयू स्पेशल हावड़ा–बर्द्धमान (बैण्डेल होकर) के बीच चलेगी।**

उपर्युक्त के अतिरिक्त, यात्रियों की सुविधा के लिए निम्नलिखित विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं। **दिनांक** 08.11.2024, 09.11.2024, 10.11.2024 **और** 11.11.2024 **को,** 36087 हावड़ा- मसाग्राम ईएमयू लोकल (हावड़ा प्रस्थान 19.27 बजे) को बर्द्धमान तक बढ़ाया जाएगा और वही रेक डाउन दिशा में बर्द्धमान से हावड़ा तक बैण्डेल होकर एक और स्पेशल ट्रेन के रूप में **दिनांक** 08/09.11.2024, 09/10.11.2024, 10/11.11.2024 **और** 11/12.11.2024 की मध्यवर्ती रात को चलगी (बर्द्धमान प्रस्थान 22.10 बजे, बैण्डेल आगमन/प्रस्थान 23.30/31.00 बजे, हावड़ा आगमन 00.35 बजे)। इसके परिणामस्वरूप, 36088 मसाग्राम–हावड़ा लोकल की सेवा **दिनांक** 08.11.2024, 09.11.2024, 10.11.2024 **और** 11.11.2024 को डाउन दिशा में **रद्द** रहेगी। इसके अलावा अप दिशा में 03051 हावड़ा - बर्द्धमान ईएमयू लोकल (हावड़ा प्रस्थान 01.50 बजे) **दिनांक** 09.11.2024, 10.11.2024, 11.11.2024 **और** 12.11.2024 को हावड़ा और बैण्डेल के बीच मार्ग में सभी स्टेशनों पर रुकेगी और डाउन दिशा में, 03004 आजिमगंज–हावड़ा पैसेंजर स्पेशल **दिनांक** 09.11.2024, 10.11.2024, 11.11.2024 **और** 12.11.2024 को बैण्डेल और हावड़ा के बीच सभी स्टेशनों पर रुकेगी।

**मंडल रेल प्रबंधक/हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## त्योहारी मौसम में बंगाल में बढ़ रहा डेंगू का प्रकोप, 17 हजार से अधिक संक्रमित

कोलकाता, समाज्ञा : त्योहारी मौसम में राज्य में तेजी से डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 30 अक्टूबर तक राज्य में 17,063 लोग डेंगू की चपेट में आ चुके हैं। वहीं, इस वक्त सबसे अधिक मामले मुर्शिदाबाद जिले से सामने आ रहे हैं। इस जिले में डेंगू से अब तक 4,321 लोग डेंगू के शिकार बन चुके हैं। वहीं, दूसरे स्थान पर उत्तर 24 परगना जिला है। इस जिले में संक्रमित लोगों की संख्या 1,963 है। डेंगू पीड़ितों के मामले में मालदह तीसरे नंबर पर है, यहां पीड़ितों की संख्या 1,904 है। डेंगू संक्रमित जिलों में कोलकाता 7 वें स्थान पर है, यहां 831 लोग संक्रमित हुए हैं। कोलकाता समेत राज्य भर में संक्रमितों की संख्या पिछली साल की तुलना में कम है, लेकिन पश्चिम मेदिनीपुर, बांकुड़ा के आंकड़े चिंता बढ़ा रहे हैं। इस साल 30 अक्टूबर तक दो जिलों में 1,100 से ज्यादा लोग मच्छर जनित बीमारी डेंगू के शिकार हो चुके हैं। पश्चिम मेदिनीपुर और बांकुड़ी में पहले इस दर से डेंगू संक्रमण नहीं देखा गया था। इसलिए इन दो जिलों को लेकर राज्य स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ी हुई है।

### काली पूजा के दौरान हुई अशांति की जांच की मांग पर शुभेंदु अधिकारी ने हाइकोर्ट में दायर की याचिका

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा के बाद काली पूजा के दौरान भी राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में अशांति की घटनाएं हुई हैं। इन घटनाओं की जांच की मांग करते हुए राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कलकत्ता हाइकोर्ट में याचिका दायर की है। शुभेंदु ने हिंसा की घटनाओं की एनआईए से जांच कराने की मांग की है, जिस पर बुधवार को सुनवाई होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि एक अक्टूबर को कोलकाता के दो इलाकों में कई उपद्रवियों ने मंदिर और गुरुद्वारा पर हमले किये थे। साथ ही, कुछ खास समुदाय के लोगों पर एक विशेष वर्ग के लोगों ने हमला भी किया था। शुभेंदु अधिकारी ने अपनी याचिका में कहा है कि राज्य में पहले भी ऐसी क्रूर घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसलिए घटना की जांच एनआईए से करायी जानी चाहिए। शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को न्यायमूर्ति हरीश टंडन और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ के समक्ष यह याचिका दायर की, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। इस याचिका पर बुधवार को सुनवाई होने की संभावना है।



प्रिंस अनवर शाह रोड पर छठव्रतियों के लिए कृत्रिम घाट की व्यवस्था


**PWD (GOVT OF WB) TENDER NOTICE**

**eNIT No.: 44/City(E) of 2024-25** of The E.E.-I , City Dvn., P.W.D. for a civil work within the campus of Netaji Indoor Stadium, Kolkata are invited from bonafied bidders only having credential for similar urgent nature of works. Bid submission closing date (online) will be on **19.11.2024 at 16.00 hrs. Tender ID : 2024_PWD_767188_1.** Other details may be seen from the web site: **http://etender.wb.nic.in & http://wbpwd.in.**

**Sd/-**
**Executive Engineer-I**
**City Division, P.W.D**


# पीडीएस स्लिप में अब केंद्र-राज्य खाद्य सब्सिडी का विवरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के लाभार्थियों को अब राशन की दुकानों पर खाद्य सामग्री लेने के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की खाद्य सब्सिडी में हिस्सेदारी की जानकारी मिलेगी। राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, अब से उपभोक्ताओं को राशन के बदले दिए जाने वाले पीडीएस स्लिप में खाद्य सब्सिडी पर केंद्र और राज्य सरकार द्वारा वहन किए गए हिस्से का विवरण दर्ज होगा। इसके साथ ही, पीडीएस स्लिप पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का लोगो भी अनिवार्य रूप से छापा जाएगा, जिसकी केंद्र सरकार ने पहले से ही अनिवार्यता कर दी है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि कुछ अन्य राज्यों ने पहले ही केंद्र-राज्य हिस्सेदारी का विवरण देने की प्रणाली शुरू कर दी है और अब पश्चिम बंगाल भी इस प्रणाली को लागू करने जा रहा है। अधिकारी ने कहा कि चूंकि खाद्य सब्सिडी का भार केंद्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर उठाती हैं, इसलिए हर पीडीएस उपभोक्ता का यह अधिकार है कि वह यह जान सके कि सब्सिडी में किसका कितना हिस्सा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी प्रकार की गलतफहमी की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। इसी कारण से पीडीएस स्लिप पर केंद्र और राज्य सरकार की हिस्सेदारी का स्पष्ट उल्लेख करने का निर्णय लिया गया है। यह कदम इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पश्चिम बंगाल में भाजपा के राज्य इकाई ने लगातार शिकायत की है कि तृणमूल कांग्रेस शासित राज्य सरकार अक्सर केंद्र प्रायोजित योजनाओं को अपनी योजना के रूप में पेश करती है और उसका श्रेय लेती है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस का यह आरोप रहा है कि विकास या कल्याणकारी योजनाओं में, जहां राज्य सरकार भी खर्च का हिस्सा उठाती है, उसका श्रेय केवल केंद्र सरकार को दिया जाना अनुचित है। फिलहाल, पश्चिम बंगाल में लगभग 8.81 करोड़ उपभोक्ता पीडीएस योजना के तहत कवर किए गए हैं।




**बंधन एक्सप्रेस निरस्त रहेगी**

बांग्लादेश रेलवे से प्राप्त संदेश के अनुसार, 13129 **कोलकाता–खुलना बंधन एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 07.11.2024) और 13130 **खुलना–कोलकाता बंधन एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 07.11.2024) **निरस्त** रहेंगी। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए गहन खेद है। **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**हावड़ा मंडल के तहत कोन्नगर स्टेशन में सामान्य पे एंड यूज शौचालय के संचालन तथा रखरखाव हेतु संविदा**

**सं.: सीओएम/डीईवी/ई-ऑक्शन/पीयू/एचडब्ल्यूएच/2022, दिनांक: 30.10.2024**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के तहत **कोन्नगर** स्टेशन में सामान्य पे एंड यूज शौचालय के 03 वर्षों की अवधि के लिए संचालन एवं रखरखाव के लिए नई संविदा की सुपुर्दगी। यह ई-नीलामी रेलवे बोर्ड के फ्रेट मार्केटिंग सर्कुलर सं. 11 ऑफ 2022 तथा कमर्शियल सर्कुलर सं. 14 ऑफ 2022 के अनुसार संचालित की जाएगी। और अधिक विवरण तथा ई-नीलामी में भाग लेने के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए **ई-नीलामी पट्टा प्रारूप** देखें। **नीलामी सूचीपत्र सं.:** पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-आर-01-24, **लॉट नं./श्रेणी**: पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-केओजी-टीओआई-22-24-1; **स्टेशन:** कोन्नगर (केओजी)। **नीलामी की तारीख एवं समय:** 14.11.2024 को दोपहर 12.00 बजे।

(HWH-385/2024-25) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें:** @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# एसएसकेएम में 'लापरवाही' के कारण गई मरीज की जान

## सीएमओ से पत्र के बावजूद नही आया काम

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेफरल 'बीमारी' को रोकने के लिए सेंट्रल रेफरल सिस्टम शुरू करने की मांग को लेकर जूनियर डॉक्टर आगे आए हैं। राज्य ने मांगों को पूरा करने के लिए भी कदम उठाए हैं। ऐसे में एक और रेफरल बीमारी का शिकार हो गया। मरीज को सोमवार की रात एनआरएस से एसएसकेएम रेफर किया गया था लेकिन वहां एडमिशन नहीं लिया गया। इसके बजाय, इसे नील रतन सरकार मेडिकल भेजा गया। रात में इसे दोबारा एसएसकेएम भेजा गया लेकिन कोई इलाज नहीं हुआ। मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय से अनुशंसा पत्र मिलने के बाद मरीज को आपातकालीन कक्ष में ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मालूम हो कि मृतक का नाम सुशील हलदर है। वह गरिया का रहने वाला है। सोमवार को अचानक उनकी नाक और मुंह से खून बहने लगा। उन्हें एनआरएस मेडिकल ले जाया गया। लेकिन आरोप है कि उन्हें वहां भर्ती नहीं किया गया। एसएकेएम को संदर्भित किया गया। लेकिन वहां दौड़ने से काम नहीं बना। दोबारा मरीज को एनआरएस भेजा गया। देर रात मरीज को दोबारा पीजी यानी एसएसकेएम अस्पताल रेफर कर दिया गया लेकिन आरोप है कि बेड नहीं होने के कारण उन्हें भर्ती नहीं किया गया। न्यूनतम इलाज भी नहीं मिला। कोई रास्ता न देख परिजन मरीज को लेकर मंगलवार की सुबह कालीघाट स्थित मुख्यमंत्री आवास के कार्यालय में उपस्थित हुए। मामले की जानकारी होते ही मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से प्रवेश अनुशंसा पत्र दिया गया। मरीज के परिजन उस पत्र को लेकर वापस पीजी अस्पताल आए। इसके बाद मरीज को आपातकालीन कक्ष में ले जाया गया। पर तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने बताया कि सुशील बाबू की मौत हो गई। यह मामला सामने आते ही अस्पतालों का प्रबंधन एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया है। मरीज के परिजन गुस्से में हैं।





**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सियालदह मंडल के तहत पार्किंग लॉटों के संचालन हेतु संविदा की सुपुर्दगी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कमरा नं. 44, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 (नीलामी संचालनकारी अधिकारी) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी सूचीपत्र प्रकाशित किया गया है। **कार्य का नाम:** सियालदह मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों में पार्किंग लॉटों का संचालन। **●नीलामी सूचीपत्र सं.: पीएआरके-एनओवी-24-84; ●नीलामी शुरू होने की तारीख:** 14.11.2024 को दोपहर 12.00 बजे। **क्रमांक, लॉट सं., स्टेशन** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **एए/1;** पार्किंग-एसडीएएच-बीपी-टीडब्ल्यू-169; बैरकपुर। **एए/2;** पार्किंग-एसडीएएच-बीजीएल-टीडब्ल्यू-255; बगुला। **एए/3;** पार्किंग-एसडीएएच-जेजीडीएल-टीडब्ल्यू-99; जगद्दल। **एए/4;** पार्किंग-एसडीएएच-एनएआई-टीडब्ल्यू-153; नंगी। **एए/5;** पार्किंग-एसडीएएच-एमएमजी-टीडब्ल्यू-131; मध्यग्राम। **एए/6;** पार्किंग-एसडीएएच-बीटीपीजी-टीडब्ल्यू-52; बेतबेड़िया घोला। **एए/7;** पार्किंग-एसडीएएच-बीपीसी-टीडब्ल्यू-180; बहरमपुर कोर्ट। **एए/8;** पार्किंग-एसडीएएच-एनएआई-टीडब्ल्यू-295; नंगी। **एए/9;** पार्किंग-एसडीएएच-एनएआई-टीडब्ल्यू-156; नंगी। **एए/10;** पार्किंग-एसडीएएच-एनएआई-टीडब्ल्यू-294; नंगी। **एए/11;** पार्किंग-एसडीएएच-टीएचपी-टीडब्ल्यू-299; ताहेरपुर। **एए/12;** पार्किंग-एसडीएएच-जेजीडीएल-टीडब्ल्यू-94; जगद्दल। **एए/13;** पार्किंग-एसडीएएच-जीसीएन-टीडब्ल्यू-194; गोचरण। **एए/14;** पार्किंग-एसडीएएच-बीएआरयू-टीडब्ल्यू-9; बहरु। **एए/15;** पार्किंग-एसडीएएच-जीईडीई-टीडब्ल्यू-225; गेदे। **एए/16;** पार्किंग-एसडीएएच-आरएचए-टीडब्ल्यू-126; रानाघाट। **एए/17;** पार्किंग-एसडीएएच-डीएच-टीडब्ल्यू-70; डॉयमण्ड हार्बर। **एए/18;** पार्किंग-एसडीएएच-जेडीपी-टीडब्ल्यू-254; यादवपुर। **एए/19;** पार्किंग-एसडीएएच-एफएलयू-टीडब्ल्यू-208; फुलिया। **एए/20;** पार्किंग-एसडीएएच-सीजी-टीडब्ल्यू-56; कैनिंग। प्रत्याशित बोलीदाताओं से आगे के विवरण के लिए आईआरईपीएस ई-नीलामी प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है।

(SDAH-219/2024-25) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें:** @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## हावड़ा मंडल में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों का नियंत्रण

हावड़ा-बर्द्धमान कॉर्ड की अप, डाउन और रिवर्स लाइन के मसाग्राम-शक्तिगढ़ खंड पर सिग्नलिंग कार्य के साथ-साथ यार्ड रिमॉडलिंग और मसाग्राम में मौजूदा पैनल इंटरलॉकिंग के स्थान पर नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की शुरुआत और मसाग्राम स्टेशन पर दक्षिण पूर्व रेलवे सिंगल लाइन के साथ कनेक्टिविटी के लिए, **दिनांक 14.11.2024 (बृहस्पतिवार) से 17.11.2024 (रविवार) तक** नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा। इसके परिणामस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएँगी : ■ **मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की रद्दगी:** अप दिशा- (1) **12337 अप** हावड़ा-बोलपुर शांतिनिकेतन एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 14.11.2024 से 17.11.2024)। (2) **13027 अप** हावड़ा-आजिमगंज कविगुरु एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 13.11.2024 से 16.11.2024)। (3) **12347 अप** हावड़ा-रामपुरहाट शहीद एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 14.11.2024 से 17.11.2024)। (4) **13187 अप** सियालदह-रामपुरहाट माँ तारा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 14.11.2024 से 17.11.2024)। (5) **22321 अप** हावड़ा-सिउड़ी हूल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 14.11.2024 से 17.11.2024)। (6) **12383 अप** सियालदह-आसनसोल इंटरसिटी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 14.11.2024 से 16.11.2024)। (7) **13179 अप** सियालदह-सिउड़ी एमईएमयू एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 14.11.2024 से 17.11.2024)। (8) **13017 अप** हावड़ा-आजिमगंज गणदेवता एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 16.11.2024 से 17.11.2024)। डाउन दिशा- (1) **12338 डाउन** बोलपुर-हावड़ा शांतिनिकेतन एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 14.11.2024 से 17.11.2024)। (2) **13028 डाउन** आजिमगंज-हावड़ा कविगुरु एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 14.11.2024 से 17.11.2024)। (3) **12348 डाउन** रामपुरहाट-हावड़ा शहीद एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 14.11.2024 से 17.11.2024)। (4) **13188 डाउन** रामपुरहाट-सियालदह माँ तारा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 14.11.2024 से 17.11.2024)। (5) **22322 डाउन** सिउड़ी-हावड़ा हूल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 14.11.2024 से 17.11.2024)। (6) **12384 डाउन** आसनसोल-सियालदह इंटरसिटी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 14.11.2024 से 16.11.2024)। (7) **13180 डाउन** सिउड़ी-सियालदह एमईएमयू एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 15.11.2024 से 18.11.2024)। (8) **13018 डाउन** आजिमगंज-हावड़ा गणदेवता एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 16.11.2024 से 17.11.2024)।

■ **मेल/एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन:** अप दिशा- ● **12041 अप** हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी शताब्दी एक्सप्रेस (14.11.2024 से 16.11.2024 तक हावड़ा प्रस्थान दोपहर 2:25 बजे), **12345 अप** हावड़ा-गुवाहाटी सरायघाट एक्सप्रेस (14.11.2024 से 17.11.2024 तक हावड़ा प्रस्थान अपराह्न 4:05 बजे) और **12377 अप** सियालदह-न्यू अलीपुरदुआर पदातिक एक्सप्रेस (14.11.2024 से 17.11.2024 तक सियालदह प्रस्थान रात 11:20 बजे) बैंडेल-कटवा-आजिमगंज होकर परिवर्तित मार्ग से चलेंगी और बैंडेल, नबद्वीप धाम, कटवा, आजिमगंज एवं जंगीपुर स्टे शन पर रुकेंगी। ● **22307 अप** हावड़ा-बीकानेर एक्सप्रेस (14.11.2024 और 15.11.2024 को हावड़ा प्रस्थान रात 11:25 बजे), **12307 अप** हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस (16.11.2024 और 17.11.2024 को हावड़ा प्रस्थान रात 11:25 बजे), **12321 अप** हावड़ा-मुंबई मेल (14.11.2024 से 17.11.2024 तक हावड़ा प्रस्थान रात 11:35 बजे), **11448** हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस (14.11.2024 से 17.11.2024 तक हावड़ा प्रस्थान दोपहर 1:10 बजे) तथा **12331 अप** हावड़ा-जम्मू तवी हिमगिरि एक्सप्रेस (15.11.2024 और 16.11.2024 को हावड़ा प्रस्थान रात 11:55 बजे) हावड़ा-बैंडेल-शक्तिगढ़ होकर परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। डाउन दिशा- ● **12042 डाउन** न्यू जलपाईगुड़ी-हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस (14.11.2024 से 16.11.2024 तक मालदा टाउन आगमन सुबह 08:45 बजे), **12346 डाउन** गुवाहाटी-हावड़ा सरायघाट एक्सप्रेस (14.11.2024 से 16.11.2024 तक मालदा टाउन आगमन रात 11:48 बजे) और **12378 डाउन** न्यू अलीपुरदुआर-सियालदह पदातिक एक्सप्रेस (15.11.2024 से 17.11.2024 तक मालदा टाउन आगमन रात 12:40 बजे) आजिमगंज-कटवा-बैंडेल होकर परिवर्तित मार्ग से चलेंगी तथा जंगीपुर, आजिमगंज, कटवा, नबद्वीप धाम एवं बैंडेल स्टेशन पर रुकेंगी। ● **12322 डाउन** मुंबई-हावड़ा मेल (14.11.2024 से 17.11.2024 तक बर्द्धमान आगमन सुबह 10:11 बजे), **22308 डाउन** बीकानेर-हावड़ा एक्सप्रेस (15.11.2024 को बर्द्धमान आगमन रात 03:10 बजे), **12308 डाउन** जोधपुर-हावड़ा एक्सप्रेस (16.11.2024 और 17.11.2024 को बर्द्धमान आगमन रात 03:10 बजे), **11447 डाउन** जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस (14.11.2024 से 17.11.2024 तक बर्द्धमान आगमन रात 9:11 बजे) और **12332 डाउन** जम्मू तवी-हावड़ा हिमगिरि एक्सप्रेस (16.11.2024 को बर्द्धमान आगमन सुबह 09:52 बजे) बर्द्धमान-बैंडेल-हावड़ा होकर परिवर्तित मार्ग से चलेंगी।

■ **14.11.2024 (बृहस्पतिवार) और 15.11.2024 (शुक्रवार) को जो ईएमयू ट्रेनें रद्द रहेंगी:** अप दिशा- **कॉर्ड लाइन:** हावड़ा-बर्द्धमान लोकल: 36811, 36815, 36821, 36825, 36829, 36833, 36835, 36839, 36847, 36851, 36855। **मेन लाइन:** हावड़ा-बर्द्धमान लोकल: 37811, 37815, 37819, 37823, 37827, 37829, 37835, 37841, 37845, 37849, 37853। बैंडेल-बर्द्धमान लोकल: 37781, 37783, 37785। सियालदह-बर्द्धमान लोकल: 31151। डाउन दिशा- **कॉर्ड लाइन:** बर्द्धमान-हावड़ा लोकल: 36812, 36816, 36820, 36826, 36834, 36838, 36842, 36846, 36848, 36852, 36854, 36858। **मेन लाइन:** बर्द्धमान-हावड़ा लोकल: 37812, 37814, 37818, 37822, 37832, 37836, 37840, 37844, 37850, 37852। बर्द्धमान-बैंडेल लोकल: 37782, 37784, 37786। बर्द्धमान-सियालदह लोकल: 31152। ■ **16.11.2024 (शनिवार) को जो ईएमयू ट्रेनें रद्द रहेंगी:** अप दिशा- **कॉर्ड लाइन:** हावड़ा-बर्द्धमान लोकल: 36811, 36815, 36821, 36825, 36829, 36833, 36839, 36843, 36847, 36851, 36855। हावड़ा-मसाग्राम लोकल: 36081, 36083, 36085, 36087। **मेन लाइन:** हावड़ा-बर्द्धमान लोकल: 37811, 37815, 37819, 37823, 37827, 37829, 37833, 37837, 37841, 37845, 37849, 37851, 37853, 37855। बैंडेल-बर्द्धमान लोकल: 37781, 37783, 37785। सियालदह-बर्द्धमान लोकल: 31151। डाउन दिशा- **कॉर्ड लाइन:** बर्द्धमान-हावड़ा लोकल: 36812, 36816, 36820, 36822, 36826, 36830, 36834, 36838, 36842, 36848, 36852, 36854, 36858। मसाग्राम-हावड़ा लोकल: 36082, 36084, 36086, 36088। **मेन लाइन:** बर्द्धमान-हावड़ा लोकल: 37812, 37814, 37818, 37820, 37822, 37828, 37832, 37836, 37840, 37846, 37850, 37852। बर्द्धमान-बैंडेल लोकल: 37782, 37784, 37786। बर्द्धमान-सियालदह लोकल: 31152। ■ **17.11.2024 (रविवार) को जो ईएमयू ट्रेनें रद्द रहेंगी:** अप दिशा- **कॉर्ड लाइन:** हावड़ा-बर्द्धमान लोकल: 36811, 36815, 36821, 36825, 36829, 36833, 36835, 36839, 36843, 36847, 36851, 36855। हावड़ा-मसाग्राम लोकल: 36085, 36087। **मेन लाइन:** हावड़ा-बर्द्धमान लोकल: 37811, 37815, 37819, 37823, 37827, 37829, 37835, 37837, 37841, 37849, 37851, 37853, 37855। हावड़ा-बैंडेल लोकल: 37249। बैंडेल-बर्द्धमान लोकल: 37781, 37783, 37785। सियालदह-बर्द्धमान लोकल: 31151। डाउन दिशा- **कॉर्ड लाइन:** बर्द्धमान-हावड़ा लोकल: 36812, 36816, 36820, 36822, 36826, 36830, 36834, 36838, 36842, 36846, 36848, 36852, 36854, 36858। मसाग्राम-हावड़ा लोकल: 36086, 36088। **मेन लाइन:** बर्द्धमान-हावड़ा लोकल: 37812, 37814, 37818, 37820, 37822, 37828, 37832, 37836, 37840, 37844, 37850, 37852। बर्द्धमान-बैंडेल लोकल: 37782, 37786। बर्द्धमान-सियालदह लोकल: 31152। **द्रष्टव्य:** स्पेशल ट्रेन/विलम्ब से चलने वाली ट्रेनें, यदि कोई हो, का मार्ग में उचित रूप से नियंत्रण या मार्ग परिवर्तन किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की सार्वजनिक घोषणा प्रणाली का अनुसरण करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

page 4_page11 06-Nov-24 1:15 AM Page 1



# राज्यपाल के पास लंबित विधेयकों पर स्पीकर ने जताई नाराजगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा के अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र की तारीख की घोषणा कर दी है। मंगलवार को विधानसभा में देशबंधु चित्तरंजन दास की जयंती के अवसर पर आयोजित एक समारोह में उन्होंने कहा कि 25 तारीख से हमारा सत्र होगा। सत्र 10-11 दिन तक चल सकता है। इस सत्र में हमारे पास कई महत्वपूर्ण कार्य हैं। बिजनेस एडवा-इजरी कमेटी में इन मामलों पर चर्चा होगी। उसी चर्चा में कार्यक्रम की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि सत्र को लेकर मेरी मुख्यमंत्री से चर्चा हुई है। बता दें कि राज्य सरकार ने पूजा से पहले एक दिवसीय सत्र बुलाया और अपराजिता विधेयक पारित किया। राज्य ने बलात्कार और हत्या के मामलों में सख्त सजा देने के लिए यह विधेयक पारित किया। इसके अलावा, उनसे लिंचिंग बिल को लेकर भी सवाल किया गया। बिमान का जवाब, राज्यपाल ने हमें सूचित किया है कि उन्होंने विधेयक



(अपराजिता विधेयक) को सहमति के लिए राष्ट्रपति के पास भेज दिया है। मुझे लिंचिंग बिल के बारे में कुछ नहीं पता। विधानसभा को पहले इस मामले की जानकारी लेनी चाहिए। विधानसभा में बिल बनता है, विधानसभा में पास होता है। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस के साथ स्पीकर बिमान के विवाद का एक लंबा इतिहास रहा है। विधानसभा में पारित बिल को लेकर दोनों पार्टियों में एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। नए विधायकों के शपथ ग्रहण के आसपास फिर यह टकराव चरम पर पहुंच गया। 13 नवंबर को राज्य के छह विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होंगे। वोटों की गिनती 23 नवंबर को। दो उपचुनावों के बाद राज्यपाल को एक तरह से दरकिनार करते हुए तृणमूल के विजयी विधायकों ने शपथ ले ली। जिसे लेकर राजभवन की नाराजगी सामने आई। उपचुनाव में जीते उम्मीदवार अगले शीतकालीन सत्र में भी शपथ लेंगे। ऐसे में राज्य की राजनीति के विश्लेषक आनंद बोस और बिमान के बीच टकराव की एक और बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं।

## नवान्न बस स्टैंड के सामने कार्यक्रम की पुलिस ने नहीं अनुमति, अभ्यर्थी पहुंचे हाईकोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मामले के खिलाफ लगातार आंदोलन चल रहा है। कोलकाता और राज्य के कई अन्य स्थानों पर विरोध प्रदर्शन और मार्च चल रहे हैं। कई मामलों में पुलिस से ऐसा करने की इजाजत न मिलने पर आंदोलनकारियों ने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सभी कार्यक्रम कोर्ट की अनुमति से किये गए हैं। अब नौकरी चाहने वालों ने फिर से प्रशासन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। ग्रुप-डी ओइक्या मंच एक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए हाईकोर्ट गया था। ग्रुप-डी ओइक्या मंच नवान्न बस स्टैंड के सामने विरोध प्रदर्शन करना चाहता है लेकिन उनकी शिकायत थी कि पुलिस ने इस कार्यक्रम की इजाजत नहीं दी। इसके बाद, उन्होंने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जस्टिस तीर्थंकर घोष ने उन्हें केस दायर करने की इजाजत दे दी। ऐसे में इस मामले की सुनवाई 7 नवंबर को होने की संभावना है। ग्रुप-डी ओइक्या मंच 11 से 13 नवंबर तक नवान्न बस स्टैंड के सामने विरोध प्रदर्शन करना चाहता है लेकिन पुलिस ने उनसे कहा कि अभी त्योहार का माहौल है। इसलिए अब ऐसे किसी भी कार्यक्रम को अनुमति देना संभव नहीं है। इसलिए इसकी इजाजत नहीं दी जाएगी। इसके बाद, इस चरण में कोर्ट में केस दायर करने की इजाजत मांगी।उन्होंने अनुरोध किया कि उन्हें कार्यक्रम करने की इजाजत दी जाए। ऐसे में हाईकोर्ट ने मंगलवार को केस दाखिल करने की इजाजत दे दी है।

## राज्य के कितने स्कूल में ख़ाली है शिक्षकों की जगह, प्राथमिक शिक्षा विभाग ने मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में प्राथमिक विद्यालयों के लिए प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्राथमिक शिक्षा बोर्ड जानना चाहता है कि प्रदेश भर के प्राथमिक विद्यालयों में वर्तमान में कितने पद रिक्त हैं। प्राथमिक शिक्षा बोर्ड ने स्कूल शिक्षा विभाग से रिक्तियों की सूची मांगी है। प्राइमरी एजुकेशन बोर्ड ने स्कूल शिक्षा विभाग को प्रत्येक जिले की बैठक कर सूची देने को कहा। प्राथमिक शिक्षा बोर्ड दिसंबर माह के भीतर प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती का दोबारा विज्ञापन निकालना चाहता है। इस भर्ती प्रक्रिया में 2022 उत्तीर्ण टेट अभ्यर्थियों को मौका मिलेगा। 2023 के टेट पास करने वालों को भी मौका मिलेगा। सूत्रों के मुताबिक, राज्य से रिक्त पदों की सूची मिलने के बाद प्राथमिक शिक्षा बोर्ड दोबारा भर्ती का विज्ञापन देगा।

### दिसम्बर से पहले टेट का परिणाम

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्राथमिक टेट का रिजल्ट इसी माह प्रकाशित होने की संभावना है। प्राथमिक शिक्षा बोर्ड टेट का रिजल्ट इसी माह प्रकाशित कर सकता है। बोर्ड इसी महीने के तीसरे हफ्ते में नतीजे जारी करने की तैयारी में है। बोर्ड दिसंबर 2023 नेवार टेट के परिणाम प्रकाशित करने की तैयारी कर रहा है। इस टेट परीक्षा के लिए लगभग 350,000 ने आवेदन किया था। प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के सूत्रों के अनुसार, बोर्ड ने उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन प्रक्रिया पहले ही पूरी कर ली है।

## स्वदेशी तकनीक से बने जहाजों से तटीय क्षेत्रों की करेगी निगरानी नौसेना

### कोलकाता में बनाए जाएंगे 11 जहाज



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय नौसेना अब स्वदेशी तकनीक से बनी अत्याधुनिक जहाजों का उपयोग अपने तटीय क्षेत्रों की निगरानी के लिए करेगी। इसके लिए गार्डनरीच शिप बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीअ-ारएसई) कंपनी चार अत्याधुनिक 'नेक्स्ट जेनरेशन ऑफशोर पेट्रोल वेसल' (एजियोपीवी) बनाने जा रही है। मंगलवार को इस निर्माण की शुरुआत (किल्स लायन समरोह) कोलकाता के गार्डनरीच में हुई। इस मौके पर राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में जीआरएसई के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक कमोडोर पीआर हरी (सेवानिवृत्त), भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी), भारतीय वायु सेना (आईएएफ), भारतीय सेना और जीआरएसई के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। ये चारों आधुनिक जहाज भारतीय नौसेना को 2026 में सौंप दिए जाएंगे। इन जहाजों से नौसेना तटीय निगरानी करेगी। इस मौके पर राज्यपाल बोस ने जीआरएसई को बधाई दी और भारत के शिपबिल्डिंग क्षेत्र में विश्वस्तरीय शक्ति बनने की यात्रा पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने इसे भारत के दृष्टिकोण और क्रियावली का एक बेहतरीन उदाहरण बताया और इसे इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक करार दिया। उन्होंने कहा कि जीआरएसई की उपलब्धियां भारत की प्रगति और संभावनाओं की मिसाल हैं। कमोडोर पीआर हरी ने कहा कि हम वर्तमान में 43 समुद्री प्लेटफार्मों का निर्माण कर रहे हैं। इनमें युद्धपोत, विशेष अनुसंधान जहाज, स्वायत्त प्लेटफार्म और ग्रीन एनर्जी वेसल्स शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 2023 में केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने आधुनिक जहाजों के निर्माण का निर्णय लिया। मुख्य रूप से तटीय क्षेत्रों में निगरानी के लिए मंत्रालय ने 11 'नेक्स्ट जेनरेशन' और 6 मिसाइल जहाज बनाने का निर्णय लिया। इन 11 'नेक्स्ट जेनरेशन' वेसलों में से चार का निर्माण गार्डनरीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) कर रहा है। इन 11 जहाजों को बनाने पर लगभग 9,000 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इनका उपयोग तटीय क्षेत्रों में निगरानी, जल सीमा पर गश्त, तस्करी रोकने, आतंकवाद का मुकाबला करने और आपदा के समय बचाव कार्यों में किया जाएगा।

## पूर्व रेलवे ने छठ स्पेशल ट्रेनें चलाकर बनाया रिकॉर्ड

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा इस वर्ष रिकॉर्ड संख्या में छठ स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। ये ट्रेनें अपने परिवार के सदस्यों के साथ छठ त्योहार का आनंद लेने के लिए इच्छुक यात्रियों को विभिन्न दिशाओं में आरामदायक आवाजाही की सुविधा प्रदान करेंगी। पूर्व रेलवे स्टेशनों से विभिन्न दिशाओं के लिए लगभग 50 स्पेशल ट्रेनों के साथ कुल लगभग 340 ट्रिप कर रही है। हावड़ा स्टेशन से लगभग हर दिन सुबह 8 बजे से आधी रात तक बड़ी संख्या में छठ स्पेशल ट्रेनें निकलती हैं। छठ पर्व के लिए हावड़ा स्टेशन से विशेष ट्रेनों की 48 यात्राओं की व्यवस्था की गई है। जिसमें पूर्वा एक्सप्रेस, हावड़ा-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस, शक्तिपुंज एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस, मिथिला एक्सप्रेस, रक्सौल एक्सप्रेस जैसी नियमित ट्रेनों के अलावा हावड़ा से ये छठ विशेष ट्रेनें रक्सौल, खातीपुरा, पटना, लालकुआं, हरिद्वार, दिल्ली, जम्मू तवी आदि जैसे प्रमुख गंतव्यों को जोड़ती हैं। इसी तरह, सियालदह स्टेशन से भी लखनऊ, गोरखपुर, वडोदरा, जयनगर, दरभंगा आदि विभिन्न दिशाओं के लिए 48 ट्रिप है। कोलकाता स्टेशन से, विशेष ट्रेनों की 24 ट्रिप पटना, जम्मू तवी, गोरखपुर, मऊ, सहरसा, लुधियाना आदि जैसे लोकप्रिय गंतव्यों के लिए चलाई जा रही हैं। आसनसोल से भी मुख्य रूप से पटना, आनंद विहार टर्मिनल, कटिहार, नौतनवा, सीएसएमटी मुंबई के लिए 28 ट्रिप वाली स्पेशल ट्रेनें चल रही हैं। मालदह टाउन स्टेशन से आनंद विहार टर्मिनल, उधना, नई दिल्ली, पटना, भटिंडा स्टेशनों जैसे विभिन्न दिशाओं के लिए स्पेशल ट्रेनों की 51 ट्रिप की जा रही है। इसके अलावा छठ पूजा की भीड़ को देखते हुए भागलपुर से 62 ट्रिप और जमालपुर से 61 ट्रिप विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं।

## काली मां की प्रतिमा तोड़े जाने की खबर करने पर दो मीडिया कर्मी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रेस की स्वतंत्रता का ढोल पीटने वाली मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के राज में पुलिस ने पत्रकारिता को बेड़ियों में जकड़न की कोई भी कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी है। काली पूजा की रात लेक टाउन में मूर्ति तोड़ने की घटना की खबर करने पर दो पत्रकारों को गिरफ्तार किया गया है, जिससे पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आज शाम को लेक टाउन इलाके में स्थित एक स्वतंत्र खबर एजेंसी माध्यम के ऑफिस से दो पत्रकारों, आकाश विश्वास और अनन्या गुप्ता को पुलिस ने हिरासत में लिया। लेक टाउन थाने की पुलिस ने दोनों पत्रकारों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 196(2), 299 और 302 के तहत मामला दर्ज किया है।

## हावड़ा मंडल ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी का किया आयोजन




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में मंगलवार को एक प्रभात फेरी शुरू की। हावड़ा स्टेशन से शुरू हुई यह प्रभात फेरी पुराने और नए दोनों स्टेशन परिसरों से होकर गुजरी। यह पहल कर्मचारियों, यात्रियों और जनता को जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता के महत्व के बारे में एक सकारात्मक संदेश देने के लिए डिजाइन की गई थी। इस मौके पर हावड़ा मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार और मंडल के कई वरिष्ठ शाखा अधिकारियों की भागीदारी रही। इस प्रभात फेरी ने पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाए रखने के लिए समर्थन जुटाने के लिए एक अद्वितीय मंच के रूप में कार्य किया। इसके बाद, सतर्कता संबंधी विषयों पर गतिविधियों और चर्चाओं की एक श्रृंखला आयोजित की गई, जिसमें रेलवे कर्मचारियों, हितधारकों और जनता को शामिल किया गया।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत दपूरे ने सेमिनार का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे ने मंगलवार को दपूरे मुख्यालय, गार्डन रीच में राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति पर एक सेमिनार का आयोजन किया। जोनल रेलवे 28 अक्टूबर से 3 नवंबर, 2024 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रहा है। दपूरे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने अतिथियों और अधिकारियों को बधाई दी और कहा कि अखंडता एक मौलिक मूल्य है जो न केवल एक संगठन बल्कि पूरे राष्ट्र को आकार देता है। ईमानदारी को अपनाना होगा जो हमारी कार्रवाई और निर्णय को निर्देशित करेगी, पारदर्शिता, जवाबदेही और विशिष्ट व्यवहार प्रकारों के वातावरण को बढ़ावा देगी। दपूरे के अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री सौमित्र मजूमदार ने




सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र की समृद्धि अखंडता को बढ़ावा देने से आकार लेती है और इसे चरणों में किया जा सकता है, जिसमें जागरूकता बढ़ाना, संवेदनशीलता बढ़ाना, अखंडता पर भरोसा करना, अखंडता का अभ्यास करना और अखंडता को बनाए रखना शामिल है। बिजनेस स्टैंडर्ड के पूर्व स्थानीय संपादक व स्तंभकार व अर्थशास्त्री प्रदीप गुप्त अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि अखंडता एक तुलनीय शब्द है जो वास्तविक चयन द्वारा बनाई गई है और लोग यह निर्धारित करने के लिए व्यवहार्यता का मूल्यांकन करते हैं कि अखंडता बनाए रखी गई है या नहीं। कार्यक्रम के दौरान सतर्कता बुलेटिन मर्यादा 2024 का विमोचन दक्षिण पूर्व रेलवे के अतिरिक्त महाप्रबंधक सौमित्र मजूमदार, मुख्य सतर्कता अधिकारी/मुख्यालय उत्पल साहा द्वारा किया गया। मुख्यालय की सांस्कृतिक टीम ने फर्जी जॉब रैकेट और दलालों से टिकट खरीदने के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए दो लघु नाटिकाएं प्रस्तुत कीं। दक्षिण पूर्व रेलवे अपने मुख्यालय और सभी चार मंडलों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रहा है। आद्रा, खड़गपुर, चक्रधरपुर और रांची। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 का विषय राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति है। रेलवे बोर्ड के निर्देशों के अनुसार, एसईआर सेमिनार, ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, वॉकाथो जैसे विभिन्न आउटरीच कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

## बंधन ग्रुप ने टेक स्पेस में प्रवेश किया, जेनिसिस ग्रुप का अधिग्रहण किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंधन ग्रुप (बंधन फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड) ने जेनिसिस ग्रुप, एक वैश्विक इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और बिजनेस प्रोसेस सर्विसेज कंपनी के अधिग्रहण की घोषणा की। यह बंधन ग्रुप के टेक्नोलॉजी सेक्टर में रणनीतिक प्रवेश का प्रतीक है। जेनिसिस ग्रुप की ऑफर्स को इंटीग्रेट करके, बंधन ग्रुप अपने पोर्टफोलियो में दुनिया भर की विभिन्न इंडस्ट्रीज में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, डेटा एनालिटिक्स, क्लाउड सर्विसेज, डिजिटल मीडिया ऑपरेशंस और स्मार्ट बिजनेस प्रोसेस सॉल्यूशंस सहित सॉल्यूशंस का एक इंटीग्रेटेड पोर्टफोलियो जोड़ेगा। बंधन फाइनेंशियल सर्विसेज के मैनेजिंग डायरेक्टर अरविंद अग्रवाल ने कहा कि, हाइपर-ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग और अन्य उभरती टेक्नोलॉजीज के माध्यम से डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन द्वारा संचालित किए जा रहे ग्लोबल अवसर आईटी इंडस्ट्री को नया रूप दे रहे हैं। जेनिसिस ग्रुप के सीईओ सतीश सुब्रमण्यम ने कहा कि, हम बंधन ग्रुप के साथ मिलकर काम करने को लेकर रोमांचित हैं। उनकी इंडस्ट्री को लेकर विशेषज्ञता और इनवेस्टमेंट स्किल्स हमें सिस्टेमेटिक तौर से और रणनीतिक अधिग्रहणों के माध्यम से आगे बढ़ने में मदद करने में महत्वपूर्ण होंगे।

## डेलॉइट इंडिया ने एंटरप्राइज ग्रोथ अवार्ड्स 2024 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित कीं

**कोलकाता, समाज्ञा :** डेलॉइट इंडिया ने एंटरप्राइज ग्रोथ अवार्ड्स 2024 (ईजीए 2024) का पहला संस्करण लॉन्च किया है, जो उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत में कारोबारी घरानों के स्वामित्व वाले असाधारण व्यवसायों, यूनिकॉर्न और सूनिकॉर्न के योगदान को सम्मानित करने की पहल है। ये क्षेत्रीय पुरस्कार अब भागीदारी के लिए खुल चुके हैं। इसके माध्यम से उन कंपनियों को सम्मानित किया जाएगा जो उत्कृष्ट नेतृत्व, दूरदर्शिता और विकास का प्रदर्शन करती हैं और अपने स्थानीय समुदायों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। डेलॉइट इंडिया में पार्टनर और लीडर – डेलॉइट प्राइवेट के.आर.सेकर ने कहा, भारत के विभिन्न क्षेत्रों से कारोबारी घरानों के स्वामित्व वाली कंपनियां, उभरती हुई ग्रोथ कंपनियां, यूनिकॉर्न और सूनिकॉर्न हमारी अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं, फिर भी उन्हें अक्सर कम पहचान मिलती है। ये कंपनियां क्षेत्रीय विकास और राष्ट्रीय प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जो रोजगार सृजन, नवाचार और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

## बीएसएफ ने मुर्शिदाबाद में 37.51 लाख के सोने के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत के अंतर्गत 146वीं बटालियन के जवानों ने मुर्शिदाबाद में भारत बांग्लादेश सीमा पर एक भारतीय सोने के तस्कर को 4 सोने के बिस्कुटों के साथ गिरफ्तार किया जब यह तस्कर इन सोने के बिस्कुटों को बांग्लादेश से भारत में तस्करी का प्रयास कर रहा था। जब्त सोने का वजन 466.50 ग्राम है और अनुमानित कीमत 37.51 लाख है। गत सोमवार को लगभग 11.10 बजे, संदिग्ध व्यक्ति एक मोटरसाइकिल पर बीएसएफ के तलाशी पॉइंट पर पहुंचा। संदिग्ध की पहचान होते ही, तुरंत संदिग्ध को हिरासत में लेकर उसकी गहन तलाशी के दौरान उसकी चप्पल से 04 सोने के बिस्कुट बरामद किए गए। पकड़े गए व्यक्ति को जब्त सोने के साथ आगे की कार्रवाई के लिए सीमा चौकी चरभद्रा बेस लाया गया।

## शिक्षाप्रद और प्रेरणादायक है चित्तरंजन दास जी की जीवन यात्रा : महाप्रबंधक

### चिरेका में मनायी गयी देशबंधु चित्तरंजन दास जी की 155वीं जयंतीं

**चित्तरंजन, समाज्ञा :** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) में मंगलवार को बहुमुखी प्रतिभा के धनी, राष्ट्र निर्माता, समाज सुधारक, शिक्षाविद, साहित्यकार, महान स्वतंत्रता सेनानी और समाजसेवी देशबंधु चित्तरंजन दास जी की 155वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। मुख्य अतिथि चिरेका के महाप्रबंधक हितेंद्र मल्होत्रा द्वारा प्रशासनिक भवन प्रांगण में अवस्थित देशबंधु चितरंजन दास के प्रतिमूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर उपस्थित,विभागों के प्रधान अध्यक्ष,अधिकारीगण, पर्यवेक्षक और कर्मचारी ने भी देशबंधु के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके अलावा उनकी स्मृति में खूबसूरत रंगोली सजाकर उक्त स्थल



पर सभी गणमान्य उपस्थित अतिथियों द्वारा मोमबत्ती प्रज्वलित कर अपनी सम्मान व्यक्त की गई। अपने संबोधन में महाप्रबंधक ने महान सेनानी चित्तरंजन दास के यशस्वी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की चित्तरंजन दास की जीवनी से देश वासियों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। जो शिक्षाप्रद है। श्री दास जी की जीवन यात्रा संघर्ष और सफलताओं की एक मिसाल है। उनकी जीवनी हमेशा से एक आदर्श के रूप में युगों युगों तक तमाम पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शन का काम करेगी। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी तन मन और धन के साथ राष्ट्र निर्माण के दिशा में व्यतीत कर दिए, इसलिए उन्हें देशबंधु के नाम से संसार में लोकप्रियता मिली। इस जयंती समारोह के अवसर पर चिरेका सांस्कृतिक संगठन के सदस्यों द्वारा स्वागत और समापन गीत प्रस्तुत किए गए।

## कोलकाता में दो दिवसीय 'ईस्ट टेक-2024' का आगाज, सेना प्रमुख ने दिया स्वदेशी रक्षा तकनीक पर जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि आत्म-निर्भर भारत के लिए स्वदेशी रक्षा तकनीकी जरूरी है। उन्होंने भारतीय सेना की परिचालन जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वदेशी रक्षा तकनीक के विकास और उसे अपनाने की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कोलकाता में मंगलवार को दो दिवसीय 'ईस्ट टेक -2024' रक्षा प्रौद्योगिकी संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को एक रिकॉर्डेड वीडियो संदेश के माध्यम से उपस्थित लोगों को संबोधित किया। जनरल द्विवेदी ने विशेष रूप से 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण के तहत, भारतीय सेना की क्षमता को बढ़ाने के लिए स्वदेशी तकनीक को लागू करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। 'ईस्ट टेक 2024' रक्षा प्रौद्योगिकी संगोष्ठी कोलकाता के विश्व बंगला मेला प्रांगण में शुरू हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री अरूप



विश्वास ने किया। साथ में, भारतीय सेना के पूर्वी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राम चंदर तिवारी मौजूद थे। कार्यक्रम में ब्रह्मास्त्र कोर के कमांडर और सैन्य, अर्ध-सैन्य बलों और नागरिक प्रशासन के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। भारतीय सेना के पूर्वी कमान द्वारा आयोजित और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और भारतीय रक्षा निर्माताओं की सोसाइटी (एसआईडीएम) के सहयोग से 'ईस्ट टेक 2024' इसका आयोजन किया है। इसमें 140 से कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। इसका उद्देश्य भारतीय सेना और विशेष रूप से पूर्वी थिएटर में परिचालन चुनौतियों का समाधान करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों को उजागर करना है। इस कार्यक्रम में संचार, रणनीतिक गतिशीलता, सुरक्षा और सस्टेनेन्स, सर्वाइवलिबिलिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ड्रोन और काउंटर-ड्रोन तकनीक, रोबोटिक्स और आग्नेयास्त्र समाधान जैसी विभिन्न तकनीकी नवाचारों को प्रदर्शित किया गया।

## छठ पूजा के अवसर पर रक्सौल जाने के लिए हावड़ा से चलेगी स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल द्वारा छठ पूजा के अवसर पर उत्तर बिहार की ओर जाने वाली अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए एक स्पेशल ट्रेन चला रही है। यह स्पेशल ट्रेन 03053 हावड़ा स्टेशन से रक्सौल स्टेशन के लिए 23.45 बजे शुरू होगी और रास्ते में आसनसोल, जसीडीह, किऊल, बरौनी, समस्तीपुर, दरभंगा में रुकेगी। जिन यात्रियों के पास किसी भी ट्रेन में कन्फर्म रिजर्वेशन नहीं है, वे सुरक्षित और आरामदायक यात्रा के लिए इस ट्रेन का लाभ उठा सकते हैं।

## ग्रीन लाइन-दो में विशेष एंटी-ओवरराइडिंग अभियान

### ✒ 14 सदस्यीय टीम करेगी निरीक्षण

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे अधिकारी अपेक्षित किराए का भुगतान किए बिना यात्रा का आनंद लेने वाले यात्रियों की घटनाओं की जांच करने के लिए ग्रीन लाइन -दो में एक विशेष एंटी-ओवरराइडिंग ड्राइव चला रहे हैं। यह प्रवृत्ति महाकरन मेट्रो स्टेशन पर भी देखी गई है क्योंकि हावड़ा मैदान जाने वाले यात्री सवारी का आनंद लेने के लिए सीटें सुनिश्चित करने के लिए विपरीत दिशा यानी एस्प्लेनेड में जाने वाली मेट्रो लेते हैं। इस तरह के खतरे को रोकने के लिए मेट्रो रेलवे द्वारा यह विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान को प्रतिदिन संचालित करने के लिए यातायात विभाग द्वारा 14 सदस्यीय विशेष समूह का गठन किया गया है। इस समूह के सदस्य चलती मेट्रो में यात्रा करके उन यात्रियों का पता लगा रहे हैं जो जानबूझकर ओवरराइडिंग कर रहे हैं। ऐसी घटना का पता चलने के बाद, वैध टिकट के बिना यात्रा करने वाले अपराधियों को मेट्रो से बाहर ले जाया जा रहा है और अपनी यात्रा फिर से शुरू करने से पहले वैध टिकट खरीदने के अनुरोध के साथ एएफसी-पीसी गेट के माध्यम से बाहर निकाला जा रहा है। औसतन, यह विशेष समूह नियमित रूप से लगभग 40 यात्रियों को पकड़ रहा है। ग्रीन लाइन-दो के हावड़ा मैदान और एस्प्लेनेड स्टेशनों पर भी विशेष घोषणा की जा रही है और यात्रियों से ऐसी प्रथाओं से दूर रहने का अनुरोध किया जा रहा है। मेट्रो अधिकारियों ने सभी से वैध टिकटों के साथ यात्रा करने की अपील की है। उन्होंने सचेत किया कि अन्यथा उन्हें मेट्रो के डिब्बों से जबरदस्ती बाहर निकाले जाने पर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ सकता है। इस अभियान को तेज करने के अलावा मेट्रो अधिकारी आने वाले दिनों में ब्लू लाइन पर भी ऐसे अभियान चलाने पर विचार कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय भोजपुरिया एकता मंच ने व्रतधारियों के बीच छठ पूजन सामग्री का किया वितरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय भोजपुरिया एकता मंच द्वारा लिलुआ के पाठक बड़ी मोड़ पर छठ पूजन सामग्री वितरण समारोह का आयोजन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिभुवन कुमार मिश्रा के अध्यक्षता व संचालन में किया गया। जबकि अतिथि स्वागत मंच के प्रधान महासचिव श्रीकांत शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में 251 व्रतधारियों को सूप, गमछा, नारियल, गगल, नींबू, अगरबत्ती, सिलाई, सिंदूर, बिंदिया, दिया, अरता पात इत्यादि पूजन सामग्री प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व रेलवे हावड़ा मंडल के मंडल प्रबंधक संजीव कुमार, आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी राकेश कुमार, दिव्या ज्योति, जागृती संस्थान के बंगाल के प्रभारी स्वामी चैतन्यानंद, हावड़ा जिला युवा तृणमूल कांग्रेस के




अध्यक्ष कैलाश मिश्रा, अशोक ओझा, बसंत पांडेय, लोकनायक जयप्रकाश, नारायण स्मृति समिति के अध्यक्ष विनोद सिंह, मंच संरक्षक वीरेंद्र शर्मा मैनेजर राय भूमिहार एकता मंच के प्रधान महासचिव रविंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार मिश्रा उर्फ पप्पू मिश्रा, शैलेश सिंह, केंद्रीय सचिवालय हिंदी परिषद से मनीष आनंद, बलिया नागरिक उन्नयन समिति के महासचिव संतोष सिंह, महाकाल सेवा समिति के अध्यक्ष मनीष शुक्ला, महासचिव गोपाल युवा शक्ति मंच के अध्यक्ष राजकुमार साह, महासचिव अजय मिश्र सिंह, गौशाला लोकनाथ व्यवसायी समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह, नागेंद्र सिंह, मधुरेश सिंह, रविंद्र कुंवर, रेल यात्री सुरक्षा सुविधा समिति के महासचिव अनिल कुमार गुप्ता, हरि तिवारी, शक्ति दल के अध्यक्ष संतोष सिंह, मनीष प्राइड अध्यक्ष साहिल सिंह, महासचिव सुमित झा, मंच संयोजक उमेश सिंह, भोजपुरिया हावड़ा जिला अध्यक्ष नीरज सिंह, अभय कुमार झा, अधिवक्ता अमित कुमार संजय कुमार पांडेय, आशीष साहू, देवचंद साहू, हरि तिवारी, सीमा जयसवाल, रूबी राय, संतोष सिंह, राजू साहू प्रसाद, अभिजीत कुमार मिश्रा, प्रीतम सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आशीष साव, देवचन साव, राजू प्रसाद, अभिजीत कुमार मिश्र, प्रीतम सिंह, सपन दास, झूलन प्रसाद, संदीप साह ने अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर रमेश ठाकुर (संरक्षक, बलिया नागरी पुनम समिति), डॉ. राजेश पांडेय (प्रिंसिपल,रत्नाकर नॉर्थ प्वाइंट स्कूल राम), रामविनोद सिंह (अध्यक्ष, लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मृति समिति), सुरेंद्र प्रताप सिंह (अध्यक्ष,क्षत्रिय जन सेवा समाज), राकेश राय (संरक्षक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मृति समिति), अमर पांडेय (महासचिव, ऑल इंडिया कीबोर्ड एम्पलाइज एसोसिएशन), कमल देव सिंह (सचिव, बेलुर जन कल्याण संघ), सुजीत सिंह, सरोज मिश्रा, रंजय सिंह, मनोज पाठक, अमित सिंह, पवन सिंह, संकटा सिंह, महंगू सिंह, विजेंद्र सिंह, अभय सिंह, संतोष सिंह उपस्थित रहे।

# काली पूजा पर घूमने निकली युवती से सामूहिक दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

## सोशल मीडिया पर दोस्ती के बाद युवक के साथ घूमने निकली थी पीड़िता



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में दुष्कर्म की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब दक्षिण 24 परगना के नरेंद्रपुर इलाके में एक दोस्त के साथ काली पूजा देखने निकली युवती के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है। युवती की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बाकी आरोपितों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। पीड़िता कोलकाता के जादवपुर इलाके की रहने वाली है। बताया जा रहा है कि पीड़िता युवती की इंटरनेट मीडिया के माध्यम से एक युवक से दोस्ती हुई थी। इसके बाद, दोनों बीते शुक्रवार को काली पूजा पंडालों को देखने निकले थे। गरिया स्टेशन पर मुलाकात के बाद दोनों पूजा देखने निकले थे। आरोप है कि इस दौरान, नरेंद्रपुर इलाके में युवती को किसी के घर में ले जाया गया। वहां ड्रिंक में कुछ मिलाकर बेहोश करके युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। परिवार के सदस्यों ने किसी तरह युवती को वहां से बचाकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार, अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पीड़िता ने रविवार को नरेंद्रपुर थाने में घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद, दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। बाकी की तलाश जारी है। बारुईपुर पुलिस जिला के डीएसपी फैसल बिन अहमद ने कहा कि घटना की जांच चल रही है।

### ट्यूशन से लौटने के दौरान नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म की कोशिश

**बीरभूम :** ट्यूशन से लौट रही छात्रा का मुंह बांधकर सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास किया गया। हालांकि बीरभूम की लड़की ने साहस और समझदारी से खुद को बचा लिया। आरोप है कि सामूहिक दुष्कर्म से रोकने पर उन्होंने नाबालिग को पीटा और उसके कपड़े फाड़ दिए। लेकिन अपराधी अब भी पकड़ से बाहर हैं। सड़क पर लोगों के जुटते ही दोनों भाग निकले। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। दो अपराधियों की तलाश जारी है। घटना बीरभूम के दुबराजपुर की है। नाबालिग छात्रा सोमवार शाम करीब छह बजे ट्यूशन खत्म कर घर लौट रही थी। आरोप है कि पंडितपुर गांव के पास दो युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया। उसे जबरन सड़क से खींचकर शुनशान इलाके में ले जाया गया। उसके चेहरे को कपड़े से बांधने के बाद उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास किया गया।जब नाबालिग ने विरोध किया तो उसे जमकर पीटा गया। नाबालिग की ड्रेस का एक हिस्सा फट गया था। इसके बाद नाबालिग ने चिल्लाकर लोगों को इकट्ठा कर लिया। सभी लोग दौड़कर उसे बदमाशों से बचाते हैं। इस बीच, दो आरोपी, पिंटू साहा और चांद डे, यह महसूस करते हुए कि स्थिति गंभीर थी, भीड़ के बीच से भाग निकले। नाबालिग के परिवार ने आरोप लगाया कि पिंटू और चांद के परिवार के सदस्यों ने उन्हें भागने में मदद की। परिजनों ने आरोपी की ओर से दुबराजपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई । दुबराजपुर थाने की पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है।हालांकि, इस स्थिति में शुरुआती झटके से उबरने के बाद जिस तरह से नाबालिग खड़ी हुई है, हर कोई उसकी हिम्मत और समझदारी की तारीफ कर रहा है। हालांकि माता-पिता बेटी की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

### तारापीठ में गृहिणी से सामूहिक दुष्कर्म, दो नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार

**बीरभूम :** वैवाहिक कलह दूर करने का झांसा देकर तीन युवकों पर सहकर्मी की पत्नी से सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। यहां तक कि पीड़ित गृहिणी को रेप का वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मुंह बंद करने की धमकी दी गई। घटना में तारापीठ थाने की पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। यह शर्मनाक घटना बीरभूम के तारापीठ में घटी। सोमवार की रात तारापीठ थाने की पुलिस ने गृहिणी की शिकायत पर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गृहिणी के पति की शिकायत है कि लक्खी पूजा के दिन पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था इसलिए गृहिणी अपनी मां के साथ तारापीठ चली गई । गृहिणी के पति के तीन सहकर्मियों ने समस्या का समाधान करने का वादा किया। वादे के मुताबिक वह बुधवार को तारापीठ इलाके में एक खाली मकान में गया। वहां गृहिणी के साथ तीनों युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। ऐसा आरोप है कि दरिंदगी यहीं खत्म नहीं हुई। आरोपियों ने गैंग रेप के मौके का वीडियो बनाकर रख लिया.। उसका मुंह बंद रखने के लिए उसे मोबाइल फोन से वीडियो बनाकर उसके ससुराल वालों को भेजने की धमकी दी गई। मामला सामने आने के बाद गृहिणी के पति ने मल्लारपुर थाने में घटना की मौखिक सूचना दी लेकिन गृहिणी के पति का दावा है कि चूंकि घटना तारापीठ की है, इसलिए मल्लारपुर थाने ने शिकायत तारापीठ थाने में करने का सुझाव दिया। फिर सोमवार की रात गृहिणी ने तारापीठ थाने में तीनों युवकों के खिलाफ दुष्कर्म की लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर तारापीठ थाने की पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, तीन आरोपियों में से दो नाबालिग हैं। उन्हें सिउड़ी भेज दिया गया है। शेष को रामपुरहाट न्यायालय भेज दिया गया।

### तेहट्ट में ट्यूटर की हवस की शिकार बनी नाबालिग, गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया के तेहट्ट में होम टीचर पर नौ साल की बच्ची से रेप की कोशिश का आरोप लगा। आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। नदिया के तेहट्ट थाना क्षेत्र के कदुईगाछी निवासी एक नाबालिग अन्य दिनों की तरह ट्यूटर के पास पढ़ने गई थी। लेकिन वह थोड़ा पहले ही चली आई। आरोपी ने उस मौके का फायदा उठाया। आरोप है कि ट्यूटर ने नाबालिग को कमरे में अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की।स्वाभाविक रूप से लड़की डर गई। वह रोती हुई घर चली गयी। घर जाकर पूरी बात बताई ।इसकी जानकारी होते ही ट्यूटर के खिलाफ लोगों में आक्रोश फैल गया। तेहट्ट थाने की पुलिस ने ट्यूटर को बचाया और थाने ले गई।

### मालदा में सिविक वॉलंटियर पर गृहिणी से दुष्कर्म का आरोप

**मालदह :** बंगाल में एक बार फिर एक महिला दरिंदगी की शिकार हुई है। एक सिविक वालंटियर पर घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। घटना से मालदा के हबीबपुर में काफी उत्तेजना है। पीड़िता ने पुलिस से गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार यादव ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मालूम हो कि महिला मालदा के हबीबपुर की रहने वाली है. काली पूजा की रात महिला घर पर अकेली थी. रात करीब 9 बजे आरोपी सिविक वालंटियर जबरदस्ती महिला के घर में घुस गया।उस पर उसके साथ बलात्कार करने का आरोप है। महिला के चिल्लाने पर उसके माता-पिता और पड़ोसी दौड़ पड़े। तभी आरोपी भाग गया। इतना ही नहीं, बाद में पीड़िता और उसके माता-पिता को कथित तौर पर पीटा गया। पीड़ित ने बताया कि अगले दिन जब वह थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराने गया तो उसे काफी देर तक थाने में बिठाये रखा गया। आख़िरकार पुलिस ने शिकायत ले ली लेकिन आरोप है कि आरोपी सिविक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। बाद में पीड़िता ने हबीबपुर थाने की पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए मालदा के पुलिस अधीक्षक से संपर्क किया। पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार यादव ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# बंगाल में सदस्यता अभियान में हिंदू बहुल क्षेत्रों पर ध्यान दे रही भाजपा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा की बंगाल इकाई हाल में राज्य में शुरू किए गए सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से हिंदू बहुल क्षेत्रों पर ध्यान दे रही है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, पार्टी ने 40 प्रतिशत से ज्यादा अल्पसंख्यक मतदाताओं वाले विधानसभा क्षेत्रों में सदस्यता अभियान पर जोर कम देने का फैसला किया है। पार्टी ने राज्य की कुल 294 में से कम से कम 66 ऐसे विधानसभा क्षेत्रों की पहचान की है, जहां भाजपा की पकड़ बहुत कमजोर है। उन विधानसभा क्षेत्रों के हिंदू बहुल इलाकों में अधिक से अधिक नए सदस्य जोड़ने पर पार्टी जोर दे रही है। बता दें कि बीते 27 अगस्त को बंगाल दौरे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सदस्यता अभियान की शुरुआत की थी। उस मौके पर शाह के संबोधन से पहले बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व राज्य में पार्टी के वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी ने स्पष्ट तौर पर हिंदू बहुल इलाकों में सदस्यता अभियान पर जोर देने की वकालत की थी। सुवेंदु ने लोकसभा चुनाव के नतीजों का जिक्र करते हुए कहा कि हमें (भाजपा को) सनातनी हिंदुओं और आदिवासियों का पूरा समर्थन मिला। मैंने अपने विधानसभा क्षेत्र नंदीग्राम में 72 प्रतिशत हिंदुओं को एकजुट किया। बस हिंदुओं को एकजुट करने की जरूरत है। हालांकि, प्रदेश भाजपा के कोई नेता आधिकारिक तौर पर इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि पार्टी पूरे दमखम के साथ राज्य में हर जगह सदस्यता अभियान चला रही है। हम केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दिए गए एक करोड़ नए सदस्य बनाने के लक्ष्य को हासिल करेंगे। राज्य में भाजपा के सदस्यता अभियान के प्रभारी और राज्यसभा सदस्य शमिक भट्टाचार्य ने भी सुकांत के सुर में सर मिलाया।

### गोलाबाड़ी में चोरी हुई दो मोटरसाइकिल बरामद, तीन गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के गोलाबाड़ी थाना क्षेत्र में चोरी हुई दो मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया गया है। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है। गिरफ्तार लोगों के नाम दीपेश झा, रजत जायसवाल और सिंह उर्फ गोलू है। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से मामले की पूरी जांच करी। इसके बाद, मंगलवार को पुलिस ने चोरी के मामले में गिरीश पार्क थाना क्षेत्र इलाके में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उक्त तीनों आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया। इसके बाद, पुलिस ने चोरी हुई दोनों बाइक को बरामद कर लिया। इसके अलावा, पुलिस ने कोलकाता पुलिस क्षेत्राधिकार से चुराया गया एक स्कूटर भी बरामद किया। जिसे बाद में एमटीएस, लालबाजार को सौंप दिया गया।

### अशोकनगर में 'द्रोहेर आलो' कार्यक्रम के दौरान छेड़छाड़, दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मामले के विरोध कार्यक्रम के दौरान छेड़खानी घटी। इस बार घटना उत्तर 24 परगना के अशोकनगर की है। पीड़ितों ने पहले ही थाने में लिखित शिकायत दर्ज करा दी हैं। दो लोगों को गिरफ्तार किया।यह कैसे जारी रह सकता है? महिलाएं सड़क पर कैसे निकलती हैं? उनसे सवाल किया गया। सोमवार की रात राज्य भर में द्रोहर आलो कार्यक्रम बुलाया गया था। इसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों से लोग शामिल हुए। सोमवार रात उत्तर 24 परगना के अशोकनगर स्टेडियम इलाके में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके पास ही नेहटी रोड है। आरोप है कि रात में साइकिल से जाने के दौरान नैहाटी रोड से सटे इलाके में एक बाइक पर चार युवक आए। आरोप है कि दोनों युवतियां छींटाकशी करने लगीं। उन्होंने रात में अशोकनगर थाने से संपर्क किया। उनकी शिकायत के आधार पर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शिकायत दर्ज कराने के बाद युवतियों ने मीडिया के सामने अपना गुस्सा जाहिर किया।

### रायदिघी में पारिवारिक विवाद में युवक ने की चाचा की हत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के रायदिघी में मंगलवार को एक युवक ने अपने चाचा की हत्या कर दी, जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल है। मृतक की पहचान शेख बहादुर (45) के रूप में हुई है और आरोपित उसका भतीजा शहादत शेख है, जो घटना के बाद से फरार है। परिवार और स्थानीय लोगों के मुताबिक, शेख बहादुर और शहादत के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था। हाल ही में, शहादत के घर में चोरी हुई थी, जिसके लिए उसने अपने चाचा को दोषी ठहराया था। दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते थे, लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि मामला हत्या तक पहुंच जाएगा। इस दिन, सुबह में शेख बहादुर एक स्थानीय चाय दुकान पर गए थे। तभी, शहादत अपने कुछ साथियों के साथ वहां आया और दोनों में कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ा तो शहादत ने अचानक तेज हथियार निकालकर अपने चाचा पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल शेख बहादुर को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी की तलाश जारी है।

### नरेंद्रपुर में विसर्जन के दौरान पटाखा की जगह बमबारी, विस्फोट से टूटा खिड़की का शीशा

**कोलकाता, समाज्ञा :** काली पूजा के बाद बमबाजी से घर के दरवाजे व खिड़की के शीशे टूट गए। परिवार में दहशत फैल गई । दक्षिण 24 परगना के नरेंद्रपुर की घटना है। राजपुर सोनारपुर नगर पालिका के वार्ड नंबर 5 में गरिया नबग्राम झील रोड के बगल में सिद्धार्थ अधिकारी का घर की हालत ख़राब है। सिद्धार्थ अधिकारी के परिवार का आरोप है कि रात करीब 10:30 बजे काली पूजा का जुलूस जा रहा था, अचानक तेज आवाज के साथ जोरदार धमाके से पूरा घर हिल गया।इसके बाद वे बाहर निकले तो देखा कि घर का सामने का दरवाजा और खिड़की का शीशा टूट कर बिखर गया है। कांच के कई टुकड़े उनके घर की बालकनी और इमारत पर भी गिरे। घर के सामने बम बिखरे पड़े हैं। अधिकारी के परिवार ने रात में नरेंद्रपुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी का परिवार इस बात से दहशत में है कि घर के सामने बमबारी क्यों और किस मकसद से हुई। हालांकि भयभीत परिवार का दावा है कि घर के सामने बम विस्फोट हुआ है, नरेंद्रपुर थाने की पुलिस इसकी जांच में जुट गई है कि यह बम था या कुछ और।

## अन्नपूर्णा योजना पर फिरहाद हकीम ने सुकांत मजूमदार पर कसा तंज



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार पर अन्नपूर्णा योजना पर विवादित टिप्पणी करने का आरोप लगा है। वह वोटों की खातिर महिलाओं को पैसे का लालच देकर आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। मंगलवार को राज्य के मंत्री और कोलकाता के मेयर फिरहाद हाकिम ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि लेकिन हमने यह नहीं कहा कि अगर हमें लक्ष्मी का खजाना पाना है तो हमें जमीनी स्तर पर काम करना होगा। बता दें कि गत सोमवार को सुकांत ने कटवा में पार्टी के सदस्यता अभियान में हिस्सा लिया। वहां उन्हें यह कहते हुए सुना गया कि अगर आप अन्नपूर्णा योजना के लिए 3,000 रुपये पाना चाहते हैं, तो आपको भाजपा का फॉर्म भरना होगा। भाजपा नेता की इस टिप्पणी की काफी आलोचना हो रही है। इससे पहले तृणमूल नेता कुणाल घोष ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वे बंगाल पर कब्ज़ा न कर पाने पर पैसे का प्रलोभन दिखा रहे हैं। इस दिन, देशबंधु चितरंजन दास की 155वीं जयंती के मौके पर आयोजित एक समारोह में फिरहाद पहुंचे थे। वहां उनका सामना पत्रकारों से हुआ। जब सुकांत की टिप्पणी पर सवाल उठाया गया तो उन्होंने भाजपा पर तंज कसा।

## छठ की व्यवस्था देखने निकले मंत्री अरूप राय



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के घाटों में मंगलवार को मंत्री अरूप राय ने छठ पूजा की तैयारी का निरक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी तरह की व्यवस्था सुनिश्चित की। छठ पूजा के दौरान लोगों की सुविधा के लिए गंगा नदी में बांस की बैरिकेडिंग की गई है। इसके अलावा, पंप लगाकर घाट की सफाई की जा रही है। घाटों में पर्याप्त लाइट की व्यवस्था की जा रही है और सीसीटीवी कैमरा भी लगाए गए हैं। मंत्री अरूप राय ने मध्य हावड़ा के तिलकल घाट से पंचमुखी बजरंगबली मंदिर, मल्लिक घाट, रामकृष्णपुर चिंतामणी घाट, शिवपुर घाट समेत अन्य घाटों में भी जाकर तैयारियों की जांच की। इस दौरान वॉर्ड 29 के पूर्व पार्षद शैलेय राय भी मौजूद रहे। वहीं, सुरक्षा के लिए प्रत्येक घाट में करीबन 60 पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। जिसमें से घाट के अंदर 40 से 45 महिला पुलिस कर्मी और सिविक तैनात रहेंगी।

## पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका पर 13 नवंबर को सुनवाई



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी ने प्राथमिक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में फिर से जमानत के लिए आवेदन किया। मंगलवार को पार्थ ने विशेष सीबीआई अदालत में जमानत के लिए अर्जी दी। कोर्ट ने कहा कि मामले की सुनवाई 13 नवंबर को होगी। दूसरी ओर, सीबीआई ने जांच के लिए पार्थ को हिरासत में रखने का अनुरोध किया है। इसके अलावा, केंद्रीय जांच टीम ने भर्ती भ्रष्टाचार मामले के एक आरोपी अयान शील को जेल हिरासत में रखने का अनुरोध किया है। इसी तरह कोर्ट ने दोनों को 13 नवंबर तक हिरासत में रखने का आदेश दिया। उल्लेखनीय है कि 23 जुलाई, 2022 को पार्थ को भर्ती भ्रष्टाचार मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। उससे पहले उनके नाकतला स्थित घर पर लंबी तलाशी और पूछताछ की गई। वहीं, ईडी ने पार्थ की 'करीबी' कही जाने वाली अर्पिता मुखर्जी के टालीगंज और बेलघरिया स्थित फ्लैट पर भी छापेमारी की। तलाशी के दौरान अर्पिता के टालीगंज स्थित 'डायमंड सिटी' स्थित फ्लैट से 21 करोड़ 90 लाख रुपये नकद बरामद हुए। भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा और सोने के आभूषण भी बरामद हुए। बाद में अर्पिता के दूसरे फ्लैट से भारी नकदी बरामद हुई।

## हस्त मिलन नही हृदय मिलन चाहिए : मुनिश्री जिनेश कुमार

### जैंन जीवन शैंली कार्यशाला का भव्य आयोजन



**हावड़ा, समाज्ञा :** मुनिश्री जिनेश कुमार ठाणा-3 व दिगंबर श्रमणोपाध्याय मुनिश्री विभंजन सागर महाराज के सानिध्य में जैन जीवन शैली कार्यशाला का आयोजन प्रेक्षा विहार में साउथ हावड़ा श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जैन समाज के श्रद्धालुगण अच्छी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए मुनिश्री जिनेश कुमार ने कहा कि जीवन के दो छोर है जन्म व मरण। जन्म के साथ जीवन का शुभारंभ होता है। मरण के साथ जीवन का समापन होता है। जन्म मरण से भी ज्यादा मूल्य जीवन का है। जीवन अच्छा जीया तो आनंद ही आनंद है प्रकाश ही प्रकाश है। हमारी जीवन शैली सात्विक होनी चाहिए। सदाचार का भाव होना चाहिए। अहिंसा, सहिष्णुता, आहार शुद्धि व्यसनमुक्ति साधार्मिक वात्सल्य विनम्रता से युक्त व्यवस्थित जीवन शैली होनी चाहिए। संस्कारों के सृजन से ही व्यक्ति भाग्योदय को प्राप्त होता है। आचार विचार व्यवहार जीवन को ऊंचाई की ओर ले जाते है। मुनिश्री ने आगे कहा कि हम जैन है इसका गर्व होना चाहिए। एकता में अनेकता, अनेकता में एकता यही जैनौ की विशेषता है। आज दो धाराओ का मिलन हुआ है मिलते आप भी हो मिलते हम भी हैं अंतर इतना ही है कि हम हृदय मिलन करते है आप हस्त मिलन करते है। हृदय से मिलना ही वास्तव में सच्चा मिलन है। संतो से मिलकर प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। समय समय पर ऐसे कार्यक्रम करने से जैन शासन मजबूत होता है। मुनिश्री विभंजन सागर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि परिणामों की निर्मलता ही जैन धर्म है। जिसके भाव पवित्र है वह जैनी है। भगवान महावीर ने श्रमण धर्म व श्रावक धर्म का उपदेश दिया। जैन की पहचान उसकी क्रिया से होती है। धार्मिक क्रिया को आदत बना लें तो जीवन शैली बदल सकती है। लौकिक शिक्षा कैरियर बनाती है और धार्मिक शिक्षा करेक्टर बनाती है। बाल मुनिश्री कुणाल कुमार ने सुमधुर गीत का संगान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मंडल की बहनों के मंगलाचाण से हुआ। स्वागत भाषण साउथ हावड़ा श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष लक्ष्मीपत बाफणा ने दिया। दिगम्बर समाज के ट्रस्टी कमल काला ने भी अपने विचार व्यक्त किये। आभार ज्ञापन सभा मंत्री बसंत पटावरी ने किया। मुनिश्री परमानंद ने संचालन किया।

## हटाए जाएंगे 'निष्क्रिय' नेता, यूथ कांग्रेस में फेरबदल का फैसला

**कोलकाता, समाज्ञा :** यूथ कांग्रेस ने संगठन में सक्रिय नहीं रहने वालों को हटाने का फैसला किया है। पार्टी की संगठनात्मक बैठक सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय विधान भवन में हुई।ये फैसला वहीं हुआ है। पता चला है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार के अलावा युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और पश्चिम बंगाल प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक राजेश सिंह सनी, पर्यवेक्षक राखु दास, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अज़हर मल्लिक और राज्य और जिला स्तर के युवा कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद थे। वे भी उस बैठक में मौजूद थे। उस बैठक में संगठन के युवा नेतृत्व की मौजूदगी में उन लोगों को हटाने का फैसला लिया गया जो पार्टी में सक्रिय नहीं हैं। जल्द ही पार्टी के संगठनात्मक स्तर पर सर्वे के जरिए इसे लागू किया जाएगा। युवा नेतृत्व की बैठक शुरू होने से पहले प्रांतीय अध्यक्ष ने युवा संगठन के नेतृत्व से जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव कर बेरोजगारी के मुद्दे पर धरना कार्यक्रम आयोजित करने को कहा। युवा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कार्यक्रम को जल्द ही क्रियान्वित किया जाएगा।

## अप्रैल की बैठक में माकपा येचुरी के उत्तराधिकारी का चयन और पुनर्गठन पर करेगी चर्चा

**कोलकाता, समाज्ञा :** माकपा के नए महासचिव का चयन और संगठनात्मक पुनर्गठन की संभावनाएं अगले साल अप्रैल में तमिलनाडु के मदुरै में होने वाले पार्टी के आगामी कांग्रेस अधिवेशन में चर्चा होगी। पार्टी के एक सूत्र ने सोमवार को यह जानकारी दी। बता दें कि माकपा के स्थायी महासचिव का पद सितम्बर में सीताराम येचुरी के निधन के बाद से रिक्त है। इसके चलते उनके पूर्ववर्ती प्रकाश करात वर्तमान में पोलित ब्यूरो समन्वयक की भूमिका निभा रहे हैं। एक नेता ने बताया कि नए महासचिव का चयन इस बात को भी प्रभावित करेगा कि क्या पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के साथ माकपा की सीट-शेयरिंग व्यवस्था जारी रहेगी, जबकि केरल में दोनों दल प्रतिद्वंद्वी हैं। संगठनात्मक दृष्टि से, मदुरै में होने वाले इस अधिवेशन में पार्टी की 2022 में 'जोनल कमेटी' को समाप्त करने के फैसले की समीक्षा पर भी चर्चा हो सकती है। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, यह जोनल कमेटी 2022 में केरल के कन्नूर में आयोजित 23वें पार्टी कांग्रेस अधिवेशन में समाप्त कर दी गई थी। जोनल कमेटी पहले एरिया कमेटी और स्टेट कमेटी के बीच एक संचार माध्यम के रूप में कार्य करती थी। जोनल कमेटी के समाप्त होने के बाद कई वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता संगठनात्मक पदों से बाहर हो गए और अब सामान्य सदस्य के रूप में ही पार्टी से जुड़े हुए हैं। पार्टी के एक केंद्रीय समिति सदस्य के अनुसार, पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में यह जोनल कमेटी का अभाव संगठनात्मक ढांचे को कमजोर कर रहा है। एक केंद्रीय समिति सदस्य ने बताया कि पार्टी के कई जिलों से जोनल कमेटियों को फिर से बहाल करने के प्रस्ताव मिले हैं ताकि निष्क्रिय हो चुके सदस्यों को पुनः संगठनात्मक गतिविधियों में जोड़ा जा सके। साथ ही पार्टी के संगठनात्मक नेटवर्क को मजबूत किया जा सके। इस मुद्दे पर निर्णय आगामी पार्टी कांग्रेस में लिया जा सकता है।

# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का दीपावली प्रीति मिलन समारोह

### हमें अपने संस्कारों को अपनाना होगा : शिव कुमार लोहिया




**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का दीपावली प्रीति मिलन बालीगंज स्थित हल्दीराम बैंक्वेट में आयोजित हुआ। सभी अतिथियों एवं सम्मेलन के पदाधिकारीयों द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया ने कहा कि हम हमारे संस्कार से दूर हो रहे है। भारतीय सभ्यता अध्यात्म की सभ्यता रहीं है एवं हम भोगवाद को अपना रहे हैं। वनवास के बाद श्री राम अयोध्या लौटे तब दीपावली मनाई गई थी। जिस दिन हमारे हृदय में राम का उदय हो जाएगा। उसी दिन से हमारी दिवाली मनने लगेगी। हमारे वेदों में कहा गया है-तमसो मा ज्योतिर्गमय। हमारा जीवन अंधकार से प्रकाश की ओर यात्रा का जीवन है। दीपावली हमें बुद्ध का वह संदेश याद दिलाती है। जिसमें उन्होंने कहा था, आप्प दीपो भव। गीता मे भी कहा गया है- उद्धरेण आत्मनं आत्णानाम। आपको अपना उद्धार स्वयं करना होगा हमें अपने आत्मा का दीपक प्रज्वलित करना होगा। हमें अपना आत्म बल एवं आत्मभिमान को जागृत करके अपना उत्थान करना होगा। अगर हम सब मिलकर अपना उत्थान करेंगे तो समाज की सारी समस्याएं ऐसे ही हल हो जाएगी। उद्घाटनकर्ता एवं जी राजस्थान व जी-24 घंटा के चैनल हेड आशीष दवे ने सबसे पहले राजस्थान की मिट्टी से जुड़े सभी भाई-बहनों का धन्यवाद करते हुए कहा कि सोशल मीडिया के इस दौर में आशंका हैं कि तेजी से फैलते इस प्रवाह में हमारी युवा पीढ़ी हमारी सभ्यता एवं संस्कृति की परंपरा को कैसे और कितना निभा पाएगी। इसलिए जी-मीडिया ग्रुप की तरफ से और आप सब लोगों के सहयोग से जी राजस्थान चैनल पर 'माटी करे पुकार' नामक एक कार्यक्रम शुरु करने की घोषणा करता हूं, और आपसे सुझाव की उम्मीद करता हूं। प्रधान अतिथि एवं सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी सुभाष अग्रवाल ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में मारवाड़ी समाज की अवदान के विषय में चर्चा की उन्होंने कहा कि मारवाड़ी जहां भी जाते हैं एवं मारवाड़ी जहां भी रहते हैं। वहां पर अपनी ईमानदारी निष्ठा लगन एवं मेहनत से उन्नति करते हैं एवं पूरे समाज को अपना योगदान देते हैं। प्रधान वक्ता एवं विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रो.डॉ. पवन पोद्दार ने मारवाड़ी भाषा में अपना भाषण देते हुए कहा कि समाज के सामने अनेक समस्याएं हैं। उन्होंने वृद्धो का सम्मान, गांव देहात में लड़कियों की शादी की समस्या आदि विषयों पर अपना विचार व्यक्त किया और वर्तमान शिक्षा प्रणाली पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शिक्षा अब व्यापार बन गया है। शिक्षा का अर्थ होता है कि हम अपना ज्ञान अर्जित करें लेकिन आज हमें सिर्फ शिक्षा के नाम पर जानकारियां दी जा रही हैं। उन्होंने आवाहन किया कि समाज की समस्याओं को समाधान करने के लिए सभी अपना रोल निभाएं। विशिष्ट अतिथि एवं 5 बार केटलबेल चैंपियनशिप की विश्व विजेता, टेड उक्स स्पीकर सीए शिवानी साह ने कहा कि मुझे अपने मारवाड़ी होने पर गर्व है। अपने बच्चो को हमारे संस्कार एवं संस्कृति से अवगत कराने के विषय मे सजग रहती हूँ। पांच बार विश्व विजेता बनने की अपनी यात्रा पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के शुरुआत में सुनिता लोहिया एवं उनकी टीम ने गणेश वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया एवं साथ ही रामायण गाथा के उपर बहुत ही सुंदर तरीके से नृत्य के माध्यम से चरितार्थ किया। समारोह में विशिष्ट अतिथियों की श्रंखला में भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के चेयरमैन अरुण गाड़ोदिया, जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन (जेआईटीओ) के अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन, कलकत्ता चैंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष हरि शंकर हलवासिया एवं मर्चेंट चेंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष अमित सरावगी का सम्मान किया गया। सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षगण पद्मश्री प्रह्लाद राय अग्रवाल, संतोष सराफ, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री भानीराम सुरेका, निवर्तमान राष्ट्रीय महामंत्री संजय हरलालका का भी सम्मान किया गया। राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री द्वय संजय गोयनका एवं पवन कुमार जालान, पूर्व राष्ट्रीय संयुक्तमंत्री गोपाल अग्रवाल, पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दामोदर बिदावतका, शिव रतन अग्रवाल (फोगला), अरुण मल्लावत, संदीप सेक्सरिया, सज्जन बेरिवाल, पवन कुमार बंसल, विश्वनाथ भुवालका, राजेश ककरानियां, पियूष क्याल एवं सुनिता लोहिया ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों एवं पूर्व राष्ट्रीय महामंत्रीयों का स्वागत बूके, दुपट्टा, पगड़ी, शॉल एवं मेमेंटो देकर किया। राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष केदार नाथ गुप्ता, एवं राष्ट्रीय स्थायी समिति के सदस्य राजेश ककरानियां ने अतिथियों का परिचय दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी ने किया। सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश जैन ने कार्यक्रम के पश्चात धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस मौके पर, फाइनेंस उपसमिति के चेयरमैन आत्माराम सोंथलिया, दीनदयाल धनानिया, शंकरलाल कारीवाल, जुगल किशोर जाजोदिया, राजेंद्र खंडेलवाल, राधा किशन सफ्फड़, संदीप सेक्सरिया, अनिल मलावत, नंदलाल सिंघानिया, बंशीधर शर्मा, सी.एस शारदा, शिव कुमार बागला, डॉ. संवर धनानिया, श्यामलाल डोकानिया प्रदीप जिवराजका, राजेश सोंथलिया, विक्की सिकरीया, सहित समाज के अनेक बंधु-बांधव, सामाजिक कार्यकर्ता एवं समाज के काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### महाकुंभ मेले में आपात स्थितियों से निपटेगा 'भीष्म क्यूब'

**प्रयागराज :** संगम की रेती पर लगने वाले महाकुंभ मेले में आपात स्थितियों से निपटने के लिए पहली बार 'भीष्म क्यूब' का इस्तेमाल किया जाएगा। 'भीष्म क्यूब' अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस एक चलता-फिरता अस्पताल है, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगस्त में अपनी कीव यात्रा के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को भेंट किया था। प्रयागराज के संयुक्त निदेशक (चिकित्सा स्वास्थ्य) डॉ. वीके मिश्रा ने बताया, प्रत्येक 'भीष्म क्यूब' में एक साथ 200 लोगों का इलाज किया जा सकता है। इस चलते-फिरते अस्पताल में रोग निदान, सर्जरी और स्वास्थ्य देखभाल से जुड़ी सभी सुविधाएं मौजूद हैं।

### एसीबी ने पूर्व मंत्री जोशी सहित 23 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया

**जयपुर :** राजस्थान के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जल जीवन मिशन (जेजेएम) घोटाले के सिलसिले में पूर्व मंत्री महेश जोशी, अधिकारियों और ठेकेदारों सहित 23 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एसीबी के महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा ने कहा कि प्राथमिकी दो-तीन दिन पहले दर्ज की गई थी। अधिकारी ने मंगलवार को बताया, जल जीवन मिशन घोटाले में पूर्व मंत्री महेश जोशी तथा अधिकारियों और ठेकेदारों सहित 23 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री पर पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत अनुमति मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। जोशी पिछली कांग्रेस सरकार में लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) के कैबिनेट मंत्री थे। केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन (जेजेएम) का उद्देश्य घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है और इसे राजस्थान में पीएचईडी द्वारा लागू किया जा रहा है। प्रवर्तन निदेशालय ईडी भी राजस्थान में जेजेएम के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले की जांच कर रहा है। ईडी ने इस मामले में जोशी के परिसरों सहित कई स्थानों पर तलाशी ली थी और एक कथित बिचौलिए व कुछ ठेकेदारों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# उत्तर प्रदेश की तरह झारखंड में भी माफिया के सफाये के लिए भाजपा को सत्ता में लाएं : योगी



**रांची :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन पर राज्य में माफियाओं को 'संरक्षण' देने का आरोप लगाया और लोगों से अनुरोध किया कि वे उनका 'बुलडोजर' से सफाया कराने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को वोट दें। आदित्यनाथ ने दावा किया कि माफियाओं के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई उनके गृह राज्य उत्तर प्रदेश में की जा रही है। उन्होंने कोडरमा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, 'झामुमो के नेतृत्व वाला गठबंधन झारखंड में भूमि, रेत, वन, खनन और शराब जैसे क्षेत्रों में माफिया को संरक्षण दे रहा है... उत्तर प्रदेश की तरह झारखंड में भी माफिया के सफाये के लिए भाजपा को सत्ता में लाएं।' आदित्यनाथ को 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के दौरान 'बुलडोजर बाबा' के नाम से भी जाना जाने लगा क्योंकि उन्होंने अपने प्रचार अभियान में इस मशीन का बार-बार उल्लेख किया था। योगी सरकार ने राज्य में अपराधियों और माफियाओं की कथित अवैध संपत्ति को नष्ट करने के लिए बुलडोजर से कार्रवाई की। आदित्यनाथ ने यह भी आरोप लगाया, 'जिस तरह औरंगजेब ने देश की संपत्ति लूटी और मंदिरों को नष्ट किया, उसी तरह झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन और आलमगीर आलम सहित उसके मंत्रियों ने झारखंड के लोगों को लूटा।'

### बिहार में तीन बच्चे गंगा नदी में डूबे

**भागलपुर :** बिहार के भागलपुर जिले में मंगलवार को एक ही परिवार के तीन बच्चों की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गयी। एक अधिकारी ने बताया कि मरने वालों में एक लड़की भी शामिल है। भागलपुर जिला परिषद के उपाध्यक्ष प्रणव कुमार के अनुसार, यह घटना पीरपैंती इलाके में हुई। उन्होंने कहा, 'एक ही परिवार के छह बच्चे आगामी छठ पर्व की तैयारियों को देखने के लिए बड़ी मोहनपुर घाट गए थे। वे अनजाने में गहरे पानी में चले गए और तेज बहाव में बह गए।' अधिकारी ने कहा, 'तीन बच्चों को लोगों ने बचा लिया। तीन अन्य के शव गोताखोरों ने निकाले।' उन्होंने कहा, 'यह एक दुखद घटना है, जिसने त्योहार के मौसम पर ग्रहण लगा दिया है। हम आम लोगों से सभी एहतियात बरतने और प्रशासन से सभी आवश्यक इंतजाम करने का आग्रह करते हैं।'



पटना: छठ को लेकर सज गया बाजार, केला का अंबार

# झामुमो नीत गठबंधन है फुस्स पटाखा, भाजपा है शक्तिशाली रॉकेट: राजनाथ सिंह



**रांची/लोहरदगा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन को दीपावली के 'फुस्स पटाखे' करार देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक शक्तिशाली रॉकेट है जो झारखंड को नयी ऊंचाइयों पर ले जाएगी। सिंह ने रांची के हटिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावक रहे मंडल मुर्मू के झामुमो के 'डूबते जहाज' को छोड़कर भाजपा में शामिल होने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि राज्य में कौन सरकार बनाएगा। उन्होंने कहा, 'दीपावली का त्योहार अभी-अभी संपन्न हुआ है। झामुमो, कांग्रेस और राजद अब दीपावली के फुस्स पटाखे हैं। भाजपा एक शक्तिशाली रॉकेट है जो अकेले ही झारखंड को नयी ऊंचाइयों पर ले जाएगी।' राज्य की सत्ताधारी पार्टी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर कटाक्ष करते हुए सिंह ने कहा कि 'जेएमएम' (झामुमो) का मतलब 'जमकर मलाई मारो' है। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो 'आदिवासियों का खून चूसता है' और उनके हितों के खिलाफ काम करता है। सिंह ने कहा, ''मैं (मुख्यमंत्री) हेमंत सोरेन से पूछता हूं कि घुसपैठिए झारखंड में क्यों आ रहे हैं? राज्य की आदिवासी आबादी घटकर 28 फीसदी क्यों रह गई?' उन्होंने कहा, 'हम घुसपैठ पर नियंत्रण लगाएंगे और घुसपैठियों द्वारा हड़पी गई जमीन वापस दिलाएंगे।'

# मुसलमानों को 'लालटेन' में तेल के तौर पर इस्तेमाल किया गया: प्रशांत किशोर



**बेलागंज (बिहार) :** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने मंगलवार को दावा किया कि मुसलमानों के बीच उनकी पकड़ मजबूत होने से राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद के होश उड़ गए हैं और पार्टी के चुनाव चिह्न लालटेन का तेल अब खत्म हो गया है। पूर्व चुनाव रणनीतिकार किशोर ने यह व्यंग्यात्मक टिप्पणी बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा के दौरान की, जहां इस महीने उपचुनाव होना है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) के अलावा जन सुराज ने भी इस सीट पर उम्मीदवार उतारा है। किशोर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, आपको मुझे उस व्यक्ति को सबक सिखाने का श्रेय देना चाहिए, जिससे आप 35 वर्ष तक डरते रहे। आज वह स्पष्ट रूप से सोच नहीं पा रहा। उन्होंने कहा, मुसलमानों को लालटेन के तेल के तौर पर इस्तेमाल करने वाले उस व्यक्ति को अब पता चल गया है कि लालटेन का तेल निकल चुका है और बाती सूख रही है। किशोर ने मुसलमानों को अपने पाले में लाने की रणनीति के तहत बेलागंज से सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद अमजद को उम्मीदवार बनाया है। किशोर ने कहा कि जमींदार जातियों के लोग चालाक नीतीश कुमार को वोट देकर गलती कर रहे हैं, जिन्होंने भूमि सर्वेक्षण के रूप में इतिहास में आपके हितों पर सबसे बड़ा हमला किया है। उन्होंने कहा, भूमि सर्वेक्षण के लिए आपको उन महिलाओं के हस्ताक्षर लेने की आवश्यकता होती है जिनकी शादी बहुत पहले हो चुकी हो ताकि यह साबित हो सके कि आप अपनी जमीन के वास्तविक मालिक हैं। कुछ वर्षों में, इस कदम का उपयोग आपको आपकी जमीन से वंचित करने के लिए किया जा सकता है।

# राजस्थान : छात्राओं के उत्पीड़न के आरोप में सरकारी स्कूल का प्रधानाचार्य गिरफ्तार

**जयपुर :** राजस्थान के बाड़मेर जिले में एक सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य को छात्राओं को परेशान करने और उन पर 'अनैतिक' संबंध बनाने का दबाव डालने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने छात्राओं को 'अनैतिक' संबंध के बदले में परीक्षा और खेल में लाभ दिलाने का वादा किया था। प्रधानाचार्य और एक छात्रा के बीच की बातचीत की एक कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। ग्रामीणों के मुताबिक, यह पहली बार नहीं है, जब प्रधानाचार्य पर इस तरह के आरोप लगे हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रधानाचार्य पर पहले भी इसी तरह के कदाचार का आरोप लगाया गया था, जिसके बाद उसने पंचायत की बैठक में माफी मांगी थी। ग्रामीणों ने प्रधानाचार्य के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए मंगलवार को विरोध-प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानाचार्य के छात्राओं के साथ फोन पर अश्लील बातचीत करने के कारण कई छात्राओं ने स्कूल जाना बंद कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी टीना डाबी से मुलाकात कर मामले में कठोर कार्रवाई करने का आग्रह किया। डाबी के निर्देश के बाद नागाणा थाने की एक टीम ने मंगलवार को प्रधानाचार्य को गिरफ्तार कर लिया।

## न्यूज अपडेट

### भाजपा सरकार पुलिस को आगे कर लोगों को वोट डालने से रोकना चाहती है : अखिलेश



**गाजियाबाद :** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार पुलिस को आगे कर लोगों को वोट डालने से रोकना चाहती है। गाजियाबाद में सपा उम्मीदवार सिंहराज जाटव के समर्थन में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में अखिलेश ने कहा, निर्वाचन आयोग चाहता है कि उप-चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान के लिए निकलें, लेकिन भाजपा सरकार पुलिस को आगे करके मतदाताओं को वोट डालने से रोकना चाहती है। उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद, मीरापुर (मुजफ्फरनगर), कटेहरी (अंबेडकरनगर), करहल (मैनपुरी), मझवां (मिर्जापुर), सीसामऊ (कानपुर नगर), खैर (अलीगढ़), फूलपुर (प्रयागराज) और कुंदरकी (मुरादाबाद) विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा।

### भाजपा 'बटेंगे तो कटेंगे' में विश्वास करती है: खरगे



**रांची :** केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुये कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को यहां कहा कि पार्टी के 'विचार सड़े' हुये हैं और वह 'बंटेंगे तो कटेंगे' में विश्वास करती है। वह जाहिर तौर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'बंटेंगे तो कटेंगे' टिप्पणी का जिक्र कर रहे थे, जिसका उल्लेख भाजपा नेता ने हाल में कई बार अपने संबोधन में किया है। खरगे ने रांची में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, 'उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा, 'बंटेंगे तो कटेंगे। बांटने वाले भी तुम हो और काटने वाले भी तुम हो। हुकूमत तुम्हारे पास, पैसा तुम्हारे पास... गरीबों को तुमने क्या दिया। यह भाजपा का एजेंडा है, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का एजेंडा है, जिसे नाकाम करना होगा।' खरगे ने कहा, 'भाजपा के विचार सड़े हुये हैं और वह बंटेंगे तो कटेंगे में विश्वास करती है।'

### कांग्रेस के जातिवाद पर भारी भाजपा का विकास का एजेंडा: मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर :** राजस्थान में सात विधानसभा सीट पर उपचुनाव से पहले राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी का विकास का एजेंडा कांग्रेस के जातिवाद पर भारी है। अपनी सरकार के कार्यकाल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि दस महीने के छोटे समय में उन्होंने रिकॉर्ड काम किए हैं जिससे कांग्रेस की नींव हिल चुकी है और जनता का उनकी सरकार पर विश्वास मजबूत हुआ है। मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात कर उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान शर्मा ने कहा, विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के जातिवाद के एजेंडे पर हमारी सरकार का विकास का एजेंडा भारी है। जिन मुद्दों पर कांग्रेस वर्षों तक राजनीति करती रही, हमारी डबल इंजन सरकार ने उनपर तेजी से काम किया।

### प्रमुख सचिव ने महाकुंभ से जुड़े कार्य 30 नवंबर तक पूरे करने के निर्देश दिए

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव (नगर विकास) अमृत अभिजात ने महाकुंभ-2025 से जुड़े कार्यों की मंगलवार को विस्तृत समीक्षा की और सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से 30 नवंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए। सूचना विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, प्रयागराज मेला प्राधिकरण स्थित आईसीसीसी सभागार में हुई समीक्षा बैठक में कुंभ मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने हर विभाग से संबंधित कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी दी। विज्ञप्ति के अनुसार, प्रमुख सचिव ने जल निगम द्वारा कराए जा रहे कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए अलोपीबाग सीवरेज पंपिंग स्टेशन की क्षमता वृद्धि और मजबूती के कार्य को हर हालत में दो दिसंबर तक पूरा करने का निर्देश दिया।

## समीक्षा मनोरंजन

# किसान का छिपा हुआ धन

एक किसान ने जीवन भर घोर परिश्रम किया तथा अपार धन कमाया। उसके चार पुत्र थे, मगर चारों ही निकम्मे और कामचोर थे। किसान चाहता था कि उसके पुत्र भी उसके परिश्रमी जीवन को अनुसरण करें। मगर किसान के समझाने का उन पर कोई असर नहीं होता था। इस कारण मन ही मन किसान बेहद दुखी रहता था। जब वह बहुत बूढ़ा हो गया और उसे लगने लगा कि अब वह कुछ दिनों का ही मेहमान है, तो एक दिन उसने अपने चारों बेटों को बुलाया और कहा, 'सुनो मेरे बेटो। मेरी जीवन लीला जल्द ही समाप्त होनेवाली है। मगर मरने से पहले मैं तुम्हें एक रहस्य की बात बताना चाहता हूं। हमारे खेतों में अपार धन गड़ा हुआ है। तुम सब मेरी मृत्यु के बाद उस खेत को खूब गहरा खोदना, उसके बाद तुम्हें वहां से बहुत सा धन प्राप्त होगा। यह सुन कर किसान के बेटे बेहद प्रसन्न हुए कि बाप के मरने के बाद भी कुछ नहीं करना होगा और बाकी की जिंदगी मजे से काटेंगे, मगर दिखावे के लिए वेरोने गिड़गिड़ाने लगे। कुछ दिनो पश्चात् किसान की मृत्यु हो गई। पिता के मरते ही उसके बेटों ने उसका अंतिम संस्कार किया और दूसरे दिन ही कुदाल और फावड़े लेकर खेत खोदने में जुट गए। परंतु कई दिनों तक परिश्रम करने के बाद भी उन्हें गड़ा हुआ धन प्राप्त नहीं हुआ। अंततः सभी भाई निराश होगए। उन्हें अपने बाप के झूठ पर गुस्सा भी बहुत आया। चारों ने जी भर कर उसे कोसा, मगर अब किया क्या जाए। अब चारों ने सलाह की कि जब खेत खुद ही गया है तो क्यों न इसे जोत दिया जाए। चारों ने खेत को जोत कर उसमें गेंहू बो दिए। खेत की गहरी खुदाई हुई थी, इसलिए फसल बहुत अच्छी हुई तथा किसान के बेटों को आशा से अधिक धन प्राप्त हुआ। अब किसान के पुत्रों को इस बात का एहसास हुआ कि उनके पिता के यह कहने का कि खेतों में धन गड़ा हुआ है, क्या अर्थ था। उन्हें बड़ा पश्चाताप हुआ कि उन्होंने अपनेपिता को बुरा भला कहा। सच तो यह था कि वे हमें परिश्रमी बनाना चाहते थे। उसी दिन चारों भाइयों ने परिश्रम करने का संकल्प किया।

# मोगली की कहानी : सबसे बड़ा खजाना



मोगली की कहानी तो सभी बच्चे जानते ही होंगे। एक दिन मोगली को जंगल में घूमते -घूमते खजाने का एक नक्शा मिल गया। नक्शे को देखकर मोगली बहुत खुश हुआ। खजाने की खोज में जाने का उसने मन बना लिया।

अगले दिन सवेरे मोगली नक्शे को लेकर खजाने की खोज में अपने घर से निकल पड़ा। चलते-चलते मोगली एक दूसरे जंगल में पहुंच गया। यह घना जंगल था। इस जंगल में मोगली को एक शेर मिल गया । मोगली ने शेर से कहा कि आप तो बहुत ताकतवर और साहसी हो, मुझे खजाने का एक नक्शा मिला है, क्या खजाने की खोज में मेरे साथ आप आना चाहोगे। खजाने की लालच में शेर मोगली के साथ चलने के लिए सहमत हो गया।

मोगली और शेर दोनों मिलकर जंगल में खजाना को खोजने लगे। जंगल इतना घना था कि मोगली को बहुत डर लगने लगा, परंतु शेर ने उसे हिम्मत दी। दोनों चलते-चलते उस घने जंगल को पार कर एक पहाड़ के नजदीक पहुंचे। पहाड़ के पास एक पेड़ पर एक चील बैठा था। मोगली ने चील से कहा कि आप दूर तक साफ देख सकते हो हम लोग खजाने की तलाश में निकले हैं क्या तुम हमारे साथ चल सकते हो। चील भी साथ में चलने के लिए तैयार हो गया।

मोगली, शेर और चील साथ में चलने लगे। पहाड़ बहुत ऊंचे और उबड़ -खाबड़ थे। एक जगह शेर पहाड़ पर फिसल गया और खाई में गिरने लगा किंतु मोगली ने अपना हाथ बढ़ाकर शेर को बचा लिया। चील दूर तक देखकर शेर और मोगली को सावधान किया करता था। चलते-चलते रास्ते में एक भेड़ मिला।

मोगली ने भेड़ को रोककर कहा कि हम सभी एक खजाने की तलाश में निकले हुए हैं, क्या तुम खजाने की तलाश में हम सभी लोगों के साथ जुड़ सकती हो। भेड़ ने कहा कि हां मैं भी साथ चलूंगी। सभी लोग मिलकर आगे बढ़ते रहे। आगे बहुत तेज ठंडी हवा चल रही थी। भेड़ के नजदीक बैठकर उनके ऊन से सभी लोगों ने ठण्ड से राहत महसूस किया। सभी ने थोड़ी देर आराम किया और फिर अगले सफर पर निकल पड़े।

अंत में सभी एक रेगिस्तान में पहुंचे, जहां एक ऊँट मिला। मोगली ने ऊँट को कहा कि आप तो रेगिस्तान का जहाज हो। क्या हम सभी को रेगिस्तान पार करने में मदद करोगे। हम सभी एक खजाने की तलाश में है, क्या तुम हम लोग के साथ आना चाहोगे। ऊंट भी खजाने की तलाश में उन लोगों के साथ जाने के लिए तैयार हो गया।

सभी लोग ऊँट पर सवार हो गए। ऊँट दौड़ते हुए सभी को रेगिस्तान पार करा दिया। चलते-चलते सभी लोग समुद्र के किनारे पहुंचे। अब समुद्र पार करना था, वहां एक कछुआ था। मोगली ने उस कछुआ को कहा कि हम सभी एक खजाने की तलाश में निकले हैं, खजाने का नक्शा मेरे पास है, क्या तुम हम सभी के साथ खजाने की खोज में चल सकते हो?

कछुआ भी साथ में चलने के लिए तैयार हो गया। सफर अब काफी सुहाना एवं मजेदार हो था। सभी को कछुआ अपने तैरने की कला से समुद्र पार करा दिया। समुद्र पार कर चलते -चलते रास्ते में एक बूढ़ा उल्लू मिला। मोगली को उल्लू से भी दोस्ती हो गई। उल्लू को बहुत तजुर्बा था।

उसने सभी लोगों को कहा कि खजाना तो आप लोगों को मिल चूका है , सभी लोगों को आश्चर्य हुआ। उल्लू ने कहा कि आप सभी लोग एक साथ मिलकर कई दिनों से साथ में रह रहे हो,आप सभी साथ में रेगिस्तान में चले, समुद्र पार किया , पहाड़ों पर चले, जंगल से गुजरे एवं घाटियों को पार किया। सारे मुसीबत में आप लोग हमेशा साथ में रहे।

यह किसी खजाने से कम तो नहीं है। आप एक दूसरे के बिना इतनी सारी कठिनाइयों को कभी पार नहीं कर पाते। उल्लू की इस बात पर सभी सोचने लगे। मोगली को लगा कि उल्लू बिल्कुल सही कह रहा है। हम सभी एक साथ इस सफर में रहे, सब ने एक साथ मिलकर रास्ते में आने वाली समस्या और मुश्किलों को मिलकर पार किया, एक दूसरे का सहयोग किया। यह कोई खजाना से कम तो नहीं है। यह अपने आप में जीवन का एक बहुत बड़ा खजाना है।

# राजकुमारी और परी



एक राजा था। उसकी एक सुंदर सी राजकुमारी थी। राजकुमारी काफी सुंदर तो थी ही , अपने माता पिता की बहुत दुलारी भी थी। उसके पिता भी काफी धनी और सुख सुबिधा से संपन्न थे। लेकिन इतना धनी होने के बाद भी राजकुमारी के मन में हमेशा लोभ- लालच भरा रहता था। राजकुमारी के लालच का कोई भी अंत नहीं था।

उसे और अधिक सोना और अधिक कीमती वस्तुएं चाहिए थी। वह अब्बल दर्जे की लालची राजकुमारी थी। राजा अपने धन दौलत से भी ज्यादा अपनी बेटी को प्यार करते थे। एक बार की बात है। एक सुंदर परी राजा के बगीचे में आकर पेड़ों के बीच उसके पंख बुरी तरह से उलझ गए थे।

राजकुमारी की नजर जब उस परी पर पड़ी तो उसने जाकर उस परी को अपने बगीचे की झाड़ियां से अपने प्रयास से आजाद कर दिया।

वह परी काफी सुंदर थी। उसने राजकुमारी पर प्रसन्न होकर उस राजकुमारी को एक वरदान दिया कि आज से तुम जिस भी चीज को अपने हाथो से छुयोगी वह चीज सोने की हो जाएगी। राजकुमारी अब तो काफी खुश हो गई थी। अपनी खुशी में अपने पूरे बगीचे को अपने हाथों से छुई। इसका नतीजा यह हुआ क़ि सभी बगीचे के सभी पेड़- पौधे सोने के हो गए यह देखकर राजकुमारी काफी खुश हो गयी ।

जिस चीज को भी छुआ वह सोने का हो जाता। बगीचे के सारे फूल और सारे गमले सभी कुछ सोने के हो गए थे। यह देखकर राजकुमारी खुशी से एकदम पागल हो गई थी। वह तेजी से दौड़ कर अपने महल के अंदर गई। तब उसके सामने खूबसूरत सी बच्ची आ गई और खुशी से उसने उस बच्ची को अपने गोद में उठाया और प्यार करने लगी।

लेकिन कुछ देर के बाद ही वह लड़की एक सोने की मूर्ति में बदल चुकी थी। यह देखकर राजकुमारी को परी के द्वारा दिए गए वरदान का याद आया और उसे अपनी गलती का महसूस हुआ। अब राजकुमारी काफी जोर-जोर से रोने लगी थी और रोते -रोते वह उस परी को खोजने लग गयी लेकिन वह परी अब कहीं नजर नहीं आ रही थी ।

उसने लालच में अपनी छोटी बहन को सोने की एक मूर्ति में तब्दील कर दिया था। वह अपनी छोटी बहन को बहुत प्यार करती थी लेकिन राजकुमारी काफी पश्चाताप कर रही थी कि उसने क्यों उस परी का दिया हुआ वरदान स्वीकार किया।

# कंजूस सेठ, चालाक नौकर




एक सेठ जी थे। हलवाई का काम करते थे। कस्बे में मिठाइयों की दुकान थी। सेठ बड़ा कंजूस था। इतनी बड़ी दुकान में कारीगरों के अलावा काम करने के लिए एक ही नौकर था। उसे भी वेतन और खाना पूरा नहीं देता था। परेशान अलग करता इसलिए कोई भी नौकर उसके यहां महीने दो महीने से अधिक नहीं टिकता था।

उसने एक बार एक नौकर रखा। वह अट्ठारह बीस वर्ष का लड़का था। कंजूस नौकरों के जल्दी जल्दी भाग जाने से परेशान था। इसलिए उसने नौकर से कम से कमएक वर्ष तक नौकरी करने का इकरारनामा लिखवा लिया। नौकर भी चालाक और कामचोर था। उसने नौकरों के प्रति सेठ के दुर्व्यवहार के बारे मे सुन रखा था। उसने सेठ को सबक सिखाने की सोची।

जब दुकान में इक्का दुक्का ग्राहक होता, तो वह दुकान में बैठा रहता लेकिन भीड़ अधिकहोने पर वह कहीं चला जाता या फिर पेट पकड़ कर पेट दर्द या दस्त होने का बहाना बना लेता था। उसे पता था कि सेठ अपनी आदत के अनुसार किसी न किसी बहाने से वेतन तो काट ही लेगा। भोजन की पूर्ति तो वह चोरी से मिठाइयां खाकर पूरी कर लेता था।

दीपावली का दिन था। दुकान पर मिठाइयां खरीदने वालों की की भीड़ थी, परंतु नौकर दुकान से गायब था। सेठ स्वयं ही मिठाइयां उठाता, तौलता और पैसे लेता। भीड़ के कारण उसकी हालत खराब थी। कुछ समय बाद नौकर आया। सेठ गुस्से में भुनभुनाया हुआ था। नौकर को देखते ही जोर से गुस्से में बोला, 'क्यों बे, काम के वक्त कहां मर गया था?' मरा नहीं सेठ जी, बाल बनवाने के लिए गया था। नौकर बोला, 'यह जानते हुए भी कि आज दुकान में अधिक काम है, तू बाल बनवाने के लिए गया था।' सेठ गुर्राया। 'क्योंकि बाल दुकान में रहते ही बढ़े हैं, इसीलिए अभी बाल बनवाने चला गया था।' नौकर ने कहा।

नौकर के उत्तर से सेठ क्रुद्ध हो गया, बोला, 'तुम्हारे सारे बाल दुकान में रहते वर्ष ही बढ़े हैं क्या?ये रातों को नहीं बढ़े?'

नौकर ने हाथ बालों पर घुमाते हुए कहा, 'क्यों नहीं, सिर पर बचे हुए बाल रातों को ही तो बढ़े हुए हैं।' सेठ ने नौकर से तौबा की और उसे पूरी माह का वेतन देकर चलता किया। इसके बाद सेठ ने अपने व्यवहार में सुधार कर लिया। दो नौकर रखे। पूरा वेतन और सही भोजन देने लगा। प्यार की भाषा का इस्तेमाल करने लगा। दुकान पहले से भी अच्छी चलने लगी।

## न्यूज इन ब्रीफ

### मिग-29 विमान हादसे की जांच के लिए आगरा पहुंचे वायुसेना अधिकारी

**आगरा :** सुनेगा गांव में हुए मिग-29 विमान हादसे की जांच के लिए भारतीय वायुसेना की एक टीम मंगलवार को आगरा पहुंची। वायुसेना का मिग-29 लड़ाकू विमान सोमवार को एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान ''तकनीकी खराबी'' की वजह से उत्तर प्रदेश के आगरा के पास सुनेगा गांव के एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले उसका पायलट पैराशूट की मदद से सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहा था। इस दुर्घटना में जमीन पर भी कोई हताहत नहीं हुआ था। अधिकारियों के मुताबिक, वायुसेना की सुरक्षा ऑडिट टीम ने दुर्घटनास्थल के दो किलोमीटर तक के दायरे में गहन जांच की। उन्होंने बताया कि टीम में शामिल अधिकारियों ने हादसे के गवाह रहे लोगों के बयान भी दर्ज किए। अधिकारियों के अनुसार, टीम को विमान का ब्लैक बॉक्स मिल चुका है, जिसे जांच के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा ऑडिट टीम दिल्ली जाकर रक्षा मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

### सिख विरोधी दंगे : जगदीश टाइटलर के खिलाफ मामले की सुनवाई 12 नवंबर को

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान उत्तरी दिल्ली के पुल बंगश इलाके में तीन लोगों की हत्या के सिलसिले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ मामले में दलीलें 12 नवंबर को सुनेगी। विशेष न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह मंगलवार को मामले की सुनवाई करने वाले थे और उन्होंने यह बताए जाने पर सुनवाई स्थगित कर दी कि आरोपी के वकील अस्वस्थ हैं। उन्होंने कहा, आरोपी के वकील ने कहा है कि मुख्य वकील/उनके पिता की तबीयत ठीक नहीं है... इसलिए उन्होंने थोड़े समय के लिए स्थगन का अनुरोध किया है। शिकायतकर्ता के वकील ने स्थगन का विरोध किया है। न्याय के हित में आरोपी के वकील को उसकी व्यक्तिगत कठिनाई के कारण एक अवसर दिया जाता है।

### पवन कल्याण की टिप्पणियों को 'सकारात्मक' रूप से लेती हूं: आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री

**अमरावती :** आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री वंगालापुडी अनिता ने मंगलवार को कहा कि वह राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति संभालने के उनके तरीके पर उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की टिप्पणियों को 'सकारात्मक रूप' में देखती हैं। अनिता की यह प्रतिक्रिया कल्याण द्वारा राज्य में तेदेपा, भाजपा और जनसेना की नयी गठबंधन सरकार के पांच महीने के कार्यकाल के दौरान कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने और महिलाओं के खिलाफ हिंसा बढ़ने की बात कहे जाने के एक दिन बाद आई है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''मैंने उनकी (कल्याण की) टिप्पणियों को सकारात्मक रूप से लिया है। उनकी प्रेस वार्ता, वास्तव में, उत्साहजनक थी... उन्होंने मेरे काम के लिए एक सहायक आधार प्रदान किया तथा मुझसे और भी अधिक मुखर होने का आग्रह किया। उन्होंने यही संप्रेषित किया।''

### कमला हैरिस की जीत के लिए तमिलनाडु के मंदिर में अभिषेक और पूजा अर्चना

**तिरुवरुर :** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस की जीत के लिए मंगलवार को तमिलनाडु में उनके पैतृक गांव के एक मंदिर में चंदन और हल्दी से विशेष अभिषेक और खास तरह की पूजा-अर्चना की गई। स्थानीय पार्षद अरुलमोझी ने संवाददाताओं को बताया कि अगर वह (हैरिस) जीतती हैं तो गांव के नेता 'अन्नदान' (मुफ्त भोजन/सामुदायिक दोपहर भोज) का आयोजन करेंगे। इस बीच, हैरिस के तीन प्रशंसक यहां उनके ननिहाल पहुंचे और प्रार्थना में शामिल हुए। तीन प्रशंसकों में से एक ब्रिटेन से जबकि दो अन्य अमेरिका से यहां थुलसेंद्रपुरम पहुंचे, जिन्हें देखकर स्थानीय लोग हैरान हो गये। वे गांव के बुजुर्गों से मिले और हैरिस की जीत के लिए मंदिर में आयोजित पूजा में भी हिस्सा लिया।

# मंदिर हमला बताता है कनाडा में चरमपंथी ताकतों को कैसे राजनीतिक जगह मिल रही है: जयशंकर

**कैनबरा :** विदेशमंत्री एस.जयशंकर ने कनाडा के ब्रैम्पटन में हिंदू मंदिर पर हमले की घटना को ''बेहद चिंताजनक'' बताते हुए मंगलवार को कहा कि यह कनाडा में ''चरमपंथी ताकतों'' को एक तरह से दी जा रही ''राजनीतिक जगह (गुंजाइश)'' की ओर इंगित करता है। उन्होंने यहां अपनी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान रविवार को कनाडा पर ''बिना विस्तृत जानकारी दिए आरोप लगाने की प्रवृत्ति'' का भी आरोप लगाया। भारत और कनाडा के बीच चल रहे कूटनीतिक विवाद के बीच जयशंकर रविवार को उत्तर अमेरिकी देश के ब्रैम्पटन में हुई घटना से संबंधित एक



प्रश्न का जवाब दे रहे थे, जहां खालिस्तानी झंडे लिए प्रदर्शनकारियों ने हिंदू सभा मंदिर में लोगों के साथ झड़प की। इससे मंदिर के अधिकारियों और भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक कार्यक्रम में बाधा उत्पन्न हुई। जयशंकर ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''कनाडा में हिंदू मंदिर में जो कुछ हुआ... वह निश्चित रूप से बेहद चिंताजनक है। आपने पहले हमारे आधिकारिक प्रवक्ता का बयान देखा होगा और फिर हमारे प्रधानमंत्री ने भी चिंता व्यक्त की होगी।'' विदेश मंत्री 3-7 नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं। पिछले साल सितंबर में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा खालिस्तान चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की ''संभावित'' संलिप्तता के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के संबंधों में तनाव पैदा हो गया था। हालांकि, भारत ने इस आरोप को ''बेबुनियाद'' बताकर खारिज कर दिया था। निज्जर कनाडा का नागरिक था लेकिन भारत ने उसे आतंकवादी घोषित किया था। भारत का कहना है कि दोनों देशों के बीच मुख्य मुद्दा यह है कि कनाडा अपनी धरती से गतिविधियां चला रहे खालिस्तान समर्थक तत्वों को बिना किसी रोक-टोक के मौका दे रहा है।

### जम्मू कश्मीर: बांदीपोरा में मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर, दो सुरक्षाकर्मी घायल

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर के बांदीपोरा जिले में मंगलवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया जबकि दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने बांदीपोरा के चूंटपाथरी वन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने पहले सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की जिसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया जबकि सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक-एक जवान घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया है और मुठभेड़ अब भी जारी है।

## गुजरात : बुलेट ट्रेन निर्माण स्थल पर ढांचा गिरने से तीन मजदूरों की मौत




**आणंद (गुजरात) :** गुजरात के आणंद जिले में मंगलवार शाम मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत निर्माण स्थल पर बना एक अस्थायी ढांचा गिरने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) गौरव जसानी ने बताया कि यह घटना वसाड गांव में हुई। पुलिस अधिकारियों ने इससे पहले बताया था कि निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढह गया। हालांकि परियोजना का क्रियान्वयन कर रहे नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के एक अधिकारी ने बताया कि नींव के काम के लिए इस्तेमाल किए जा रहे इस्पात और कंक्रीट ब्लॉक से बने एक अस्थायी ढांचे के गिरने की सूचना है। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटनास्थल वडोदरा के निकट माही नदी के पास है। वसाड पुलिस थाने के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की कि तीन श्रमिकों की मौत हो गई है और एक अन्य का अस्पताल में इलाज जारी है। आणंद के अग्निशमन अधिकारी धर्मेश गोर ने बताया कि कुल चार श्रमिक कंक्रीट ब्लॉक के नीचे फंस गए और उनमें से दो की मौके पर ही मौत हो गई थी। उन्होंने बताया, ''जीवित निकाले गये श्रमिकों में से एक को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया।'' गोर ने बताया कि गिरे हुए ब्लॉक को हटाया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई अन्य श्रमिक नीचे दबा न हो। बचाव दल ने कंक्रीट के ब्लॉक को हटाने के लिए क्रेन और उत्खनन मशीनों का उपयोग किया, जिसमें कुछ स्थानीय लोगों ने भी मदद की। अहमदाबाद से मुंबई के बीच 508 किलोमीटर लंबी बुलेट ट्रेन परियोजना के पूरा होने के बाद इन दोनों स्थानों के बीच यात्रा का समय मौजूदा 6 से 8 घंटे से घटकर लगभग 3 घंटे रह जाने की उम्मीद है।

## संजय वर्मा ने महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक का कार्यभार संभाला



**मुंबई :** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी संजय कुमार वर्मा ने मंगलवार शाम को महाराष्ट्र के नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के रूप में पदभार संभाला। विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निवर्तमान डीजीपी रश्मि शुक्ला को हटाए जाने के एक दिन बाद वर्मा ने यह पदभार संभाला। इससे पहले, राज्य सरकार ने निर्वाचन आयोग की मंजूरी से 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी वर्मा को तीन नामों की सूची से चुनने के बाद शीर्ष पद पर नियुक्त किया था। अपनी पदोन्नति के समय महानिदेशक (कानूनी एवं तकनीकी) के पद पर कार्यरत वर्मा ने दक्षिण मुंबई के कोलाबा स्थित राज्य पुलिस मुख्यालय में अपनी नयी जिम्मेदारी संभाल ली। वर्मा ने अपनी नयी जिम्मेदारी संभालने के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा, ''मुझ पर भरोसा जताने के लिए मैं निर्वाचन आयोग और राज्य सरकार का शुक्रिया अदा करता हूं। मैंने पदभार संभाल लिया है।''

## छठ पूजा के पहले दिन श्रद्धालुओं ने प्रदूषित यमुना में स्नान किया

**नयी दिल्ली :** मंगलवार को छठ पूजा के पहले दिन श्रद्धालुओं ने यमुना नदी की सतह पर जहरीले झाग की मोटी परतों के बावजूद इसमें स्नान किया। कालिंदी कुंज क्षेत्र में श्रद्धालुओं ने प्रदूषित नदी में स्नान किया, जिससे स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी चिंताएं उत्पन्न हो गईं।



छठ सूर्य देव की पूजा के लिए समर्पित है और इसे चार दिनों की कठोर दिनचर्या के साथ मनाया जाता है। पहला दिन, जिसे नहाय-खाय के नाम से जाना जाता है, एक शुद्धिकरण अनुष्ठान है जहां भक्त स्नान करते हैं, नए कपड़े पहनते हैं, और चना दाल और कद्दू भात जैसा प्रसाद तैयार करते हैं। जहरीले झाग की मौजूदगी यमुना में प्रदूषण के कारण उत्पन्न चुनौतियों को उजागर करती है, जिससे श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ जाती हैं। राष्ट्रीय राजधानी में छठ पूजा के लिए घाटों की तैयारी को लेकर सत्तारूढ़ आप और विपक्षी भाजपा के बीच कई दिनों से राजनीतिक लड़ाई चल रही है। दिल्ली के पूर्वांचली समुदाय के लिए छठ पूजा एक महत्वपूर्ण त्यौहार है, जिसमें उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के भोजपुरी भाषी निवासी शामिल हैं। यह समुदाय दिल्ली में मतदाताओं के 30-40 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है, जहां अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## केरल, देश में राजनीति वास्तव में लोगों के लिए काम नहीं कर रही: प्रियंका गांधी

**वायनाड (केरल) :** कांग्रेस महासचिव एवं वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार और माकपा नीत केरल सरकार दोनों पर निशाना साधते हुए कहा कि केरल समेत देश में राजनीति ''वास्तव में लोगों के लिए काम नहीं कर रही है।'' वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में अपने पांच दिवसीय प्रचार अभियान के तीसरे दिन, प्रियंका ने इलाके में पर्याप्त पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के साथ-साथ पर्यटन में सुधार की आवश्यकता और कृषि क्षेत्र में



गिरावट पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ''एकमात्र उत्तर यह है कि देश और राज्य में जो राजनीति हम देख रहे हैं, वह वास्तव में आपके लिए काम नहीं कर रही है।'' प्रियंका ने कहा कि वायनाड में मसालों सहित उच्च गुणवत्ता वाले कृषि उत्पादों का उत्पादन होने के बावजूद, कई किसानों को कृषि में कोई भविष्य नहीं दिखता है, क्योंकि यहां के निवासी, जिनमें छात्र भी शामिल हैं, बेहतर रोजगार के अवसरों और उच्च शिक्षा के लिए विदेश जा रहे हैं। प्रियंका ने भारी बारिश के बीच, कोझिकोड जिले के थिरुवंबडी विधानसभा क्षेत्र के कूडारानजी और पनीकोड में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा, ''अगर सरकार वाकई आपके लिए काम कर रही होती तो सामाजिक कल्याण पेंशन भुगतान में देरी नहीं होती।''

## कांग्रेस को चुनाव नतीजों की चिंता नहीं, वह सिर्फ असम का विकास अवरुद्ध करना चाहती है : हिमंत

**धोलाई (असम) :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस को चुनावी जीत या हार की कोई चिंता नहीं है और उसका एकमात्र इरादा राज्य के विकास में बाधा डालना है। विपक्षी पार्टी की तुलना दूध न देने वाली ''गाय'' से करते हुए उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस वोट पाने के बाद भी विकास नहीं ला पाएगी। धोलाई विधानसभा उपचुनाव के लिए अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा, ''कांग्रेस के पास इस चुनाव में कोई मुद्दा नहीं है। उन्हें जीत या हार की कोई चिंता नहीं है। वे केवल विकास में बाधा डालना चाहते हैं। वे नहीं चाहते कि गरीब लोगों को सरकारी लाभ मिलें।'' उन्होंने ने कहा, ''कांग्रेस को घर पर बैठकर आराम करना चाहिए। वे अगले 50 साल तक सत्ता में नहीं आएंगे।'' शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पहले भी राज्य में हिंसा भड़काई है, जिसे भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रभावी रूप से नियंत्रित किया है। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस असमिया और बंगाली लोगों के बीच संघर्ष पैदा करने में व्यस्त थी। अब यहां इस तरह के संघर्ष नहीं हैं। ब्रह्मपुत्र घाटी और बराक घाटी में अब कोई अंतर नहीं है। हर जगह एक जैसा विकास हो रहा है।'' भाजपा नेता ने लोगों से पार्टी उम्मीदवार निहार रंजन दास को वोट देने की अपील की।

## न्यूज अपडेट

### ट्रेन में चेन पुलिंग की रोकथाम के विरुद्ध रेलवे ने चलाया अभियान

**दस माह में 8599 मामले दर्ज कर 29 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला**

**जबलपुर,समाज्ञा :** भारतीय रेलवे की सुरक्षा और संचालन में व्यवधान को रोकने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (ठझऋ) ने ट्रेनों में अलार्म चेन पुलिंग की घटनाओं को रोकने के लिए कई कठोर कदम उठाए हैं। अलार्म चेन का गलत उपयोग न केवल ट्रेन संचालन में देरी का कारण बनता है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न करता है। रेलवे अधिनियम की धारा 141 के तहत ट्रेनों में बिना उचित और पर्याप्त कारण के चेन पुलिंग किया जाना अपराध है। ऐसा करते पाए जाने पर एक वर्ष तक के कारावास या एक हजार रुपये तक के जुर्माने या दोनों से दण्डित किया जा सकता है। आरपीएफ पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा वर्ष 2024 (माह अक्टूबर तक) में रेलवे अधिनियम की धारा 141 के तहत कुल 8,599 मामले दर्ज कर न्यायालय के माध्यम से 29,48,113/- रूपये का जुर्माना वसूल किया गया।

### भारतीय-अमेरिकियों ने कनाडा के हिंदू मंदिर पर हमला करने वालों को गिरफ्तार करने और मुकदमा की मांग की

**वाशिंगटन :** अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों ने कनाडा में हिंदू मंदिर पर हुए हमले की मंगलवार को कड़ी निंदा की और इस हमले के लिए दोषी लोगों को गिरफ्तार करने और उन पर मुकदमा चलाने की मांग की। मशहूर भारतीय-अमेरिकी भरत बरई ने 'पीटीआई' से कहा, ''खालिस्तानी उपद्रवियों द्वारा कनाडा के ब्रैम्पटन स्थित हिंदू मंदिर पर किए गए घृणित हमले की मैं कड़ी निंदा करता हूं। इन उपद्रवियों ने खुलेआम पूजा स्थल और श्रद्धालुओं पर हमला किया।'' उन्होंने कहा, ''कनाडाई अधिकारियों को इस बारे में पता था और उन्हें इसे रोकने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए थी। अब जब ऐसा हो चुका है, तो उन्हें इन हमलावरों को गिरफ्तार कर उन पर मुकदमा चलाना चाहिए।'' भारतीय अमेरिकी समुदाय के जाने-माने नेता डॉ. अदापा प्रसाद ने कनाडा में हिंदू मंदिर और श्रद्धालुओं पर 'गुमराह सिख खालिस्तानी अलगाववादियों द्वारा सुनियोजित हिंसक हमले'' की निंदा की।

### सलमान खान को धमकी देकर मांगे पांच करोड़ रुपये, कर्नाटक में संदिग्ध पकड़ा गया

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को एक और धमकी मिली है तथा धमकी देने वाले ने उनसे पांच करोड़ रुपये की मांग की है। दावा है कि धमकी देने वाला व्यक्ति जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कर्नाटक के हुब्बली में एक संदिग्ध को पकड़ लिया गया हालांकि अब तक उसे गिरफ्तारी नहीं किया गया। वर्ली पुलिस ने पता लगाया कि संदेश हुब्बली से भेजा गया है। अधिकारी ने बताया कि एक टीम को दक्षिणी राज्य भेजा गया, जहां से पेशे से वेल्डर 35 वर्षीय व्यक्ति को पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि उस व्यक्ति पर धमकी भरा संदेश भेजने का संदेह है और पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। हालांकि उसे अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। धमकी भरे इस संदेश में खान से काले हिरण के कथित शिकार की घटना के लिए माफी मांगने को भी कहा गया है। सोमवार देर रात वर्ली इलाके में स्थित मुंबई यातायात पुलिस नियंत्रण कक्ष को यह धमकी भरा संदेश मिला। पुलिस के अधिकारी ने कहा कि संदेश भेजने वाले ने दावा किया कि वह गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई है। संदेश के अनुसार, ''सलमान खान अगर जिंदा रहना चाहते हैं तो वह हमारे (बिश्नोई समाज) मंदिर में आकर माफी मांगें या पांच करोड़ रुपये दें। अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो हम उन्हें मार देंगे, हमारा गिरोह अब भी सक्रिय है।''

## एक अक्टूबर से 30 नवंबर तक 7,663 विशेष ट्रेन होंगी संचालित: रेलवे बोर्ड

**नयी दिल्ली :** रेलवे बोर्ड ने मंगलवार को कहा कि उसने एक अक्टूबर से 30 नवंबर तक त्योहारी मौसम के दौरान 7,663 विशेष ट्रेन की सेवाओं को अधिसूचित किया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 73 प्रतिशत अधिक है। बोर्ड के दावे के बावजूद सोशल मीडिया पर कई पोस्ट हैं, जिनमें ट्रेन में अत्यधिक भीड़ और शौचालयों में यात्री बैठे हुए दिख रहे हैं। रेलवे बोर्ड की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, पूजा/दिवाली/छठ 2024 के लिए एक अक्टूबर से 30 नवंबर 2024 के बीच कुल 7,663 विशेष रेलगाड़ियां अधिसूचित की गई हैं। पिछले साल इसी अवधि में 4,429 फेरे संचालित किए गए थे। यह पिछले साल की तुलना में 73 प्रतिशत अधिक है। इसमें कहा गया है, भारतीय रेलवे ने दिवाली/छठ 2024 (24 अक्टूबर से चार नवंबर) के दौरान 957.24 लाख गैर-उपनगरीय यात्रियों (आरक्षित और अनारक्षित खंडों में) की परिवहन मांग को पूरा किया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि (पांच नवंबर से 16 नवंबर 2023) में 923.33 लाख यात्रियों की मांग पूरी की गई थी। विज्ञप्ति के मुताबिक, अत: 2023 की तुलना में 2024 में 33.91 लाख अधिक यात्रियों ने यात्रा की। बोर्ड के अनुसार, चार नवंबर को 1.2 करोड़ से अधिक (19.43 लाख आरक्षित और 1.01 करोड़ से अधिक अनारक्षित गैर-उपनगरीय) यात्रियों ने यात्रा की। यह चालू वर्ष में एक दिन में ट्रेन में सफर करने वाले लोगों की सबसे ज्यादा संख्या है। बोर्ड ने यह भी बताया कि तीन नवंबर और चार नवंबर को क्रमशः 207 और 203 विशेष रेलगाड़ियां चलाई गईं।

## चंद्रचूड़ ने न्याय तक पहुंच को संस्थान की नीति का केंद्र बनाया: अगले प्रधान न्यायाधीश खन्ना

**नयी दिल्ली :** देश के अगले प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने मंगलवार को कहा कि मौजूदा प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ एक विद्वान न्यायविद हैं जिन्होंने न्याय तक पहुंच को संस्थान की नीति का केंद्र बनाया। उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ डेटा-संचालित सुधारों को भलीभांति समझते हैं। न्यायमूर्ति खन्ना अगले हफ्ते 51वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। न्यायामूर्ति खन्ना उच्चतम न्यायालय के तीन प्रकाशनों के विमोचन के अवसर पर एक सभा को संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'राष्ट्र के लिए न्याय: भारत के उच्चतम न्यायालय के 75 वर्षों पर विचार', 'भारत में जेल: जेल मैनुअल का मानचित्रण



और सुधार एवं भीड़ कम करने के उपाय' और तथा 'विधि विद्यालयों के माध्यम से कानूनी सहायता: भारत में कानूनी सहायता प्रकोष्ठों के कामकाज' का विमोचन किया। न्यायमूर्ति खन्ना ने अप्रत्यक्ष व अदृश्य भेदभाव और कानून प्रणाली में खर्च व देरी जैसी बाधाओं सहित ग्रामीण इलाकों तथा हाशिए पर रहने वाले लोगों से जुड़े मुद्दों के संबंध में राष्ट्रपति मुर्मू के 'सुझाव' पर बात की। उन्होंने कहा, इन चुनौतियों से प्रेरित होकर प्रधान न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने न्याय तक पहुंच को संस्थान की नीति का केंद्र बनाया। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ न केवल एक विद्वान न्यायविद हैं बल्कि वे सूचना प्रौद्योगिकी और डेटा आधारित सुधारों के महत्व को भी अच्छी तरह समझते हैं। उन्होंने कहा, उनके (प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़) तत्वावधान में अनुसंधान और योजना केंद्र युवा अधिवक्ताओं के लिए थिंक टैंक के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि तीनों प्रकाशन कई मुद्दों पर प्रकाश डालते हैं और न्याय प्रणाली में आवश्यक सुधारों का आह्वान करते हैं। खन्ना ने यह भी कहा कि विकास और सुधार के लिए आलोचना आवश्यक है।

## पू. सी. रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल ने इस वर्ष 174 दलालों को पकड़ा

**33.24 लाख रुपये से अधिक के रेल टिकट बरामद**

**मालीगांव :** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) दलालों के खतरे को नियंत्रित करने के लिए नियमित रूप से तलाशी चला रहा है। 01 से 31 अक्टूबर तक इस ज़ोन में चलाए गए जाँच अभियान में रेलवे सुरक्षा बल ने सात दलालों को हिरासत में लिया और उसके पास से 1.19 लाख रुपये से अधिक के 55 रेल टिकट बरामद किए। नौ अक्टूबर को एक घटना में, कटिहार के सीआईबी और बारसोई के आरपीएफ टीमों ने संयुक्त रूप से बारसोई में छापेमारी कर तलाशी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान, टीम ने 02 लाइव टिकट बरामद किए, जिसकी कीमत लगभग 5,790/- रुपये थी और इस संबंध में एक दलाल को पकड़ा। आगे की कार्रवाई के लिए बारसोई में रेल




अधिनियम की धारा 143 के तहत मामला दर्ज किया गया। 27 अक्टूबर को एक अन्य घटना में, न्यू कोचबिहार के आरपीएफ और अलीपुरद्वार के सीआईबी और सीपीडीएस टीमों ने संयुक्त रूप से कोचबिहार के ओकराबारी बाजार में स्थित बापी ज़ेरॉक्स में छापेमारी कर तलाशी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान, टीम ने लगभग 49,842/- रुपये मूल्य के 10 टिकट (1 लाइव ई-टिकट, जिसका मूल्य 6,504.95 रुपये और 09 इस्तेमाल किया गया ई-टिकट, जिसकी कीमत 43,337.30 रुपये है) बरामद किए और इस संबंध में एक दलाल को पकड़ा। आगे की कार्रवाई के लिए न्यू कोचबिहार में रेल अधिनियम की धारा 143 के तहत मामला दर्ज किया गया। इस वर्ष जनवरी से अक्टूबर, 2024 तक पू. सी. रेलवे के अधीन विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में छापामारी और जाँच के दौरान पू. सी. रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल द्वारा 174 दलालों को गिरफ्तार किया गया और 33.24 लाख रुपये से अधिक मूल्य के कुल 1215 टिकट बरामद किए गए। रेल टिकटों की अनधिकृत और अवैध खरीद पर कड़ी नजर रखने के अलावा, पू. सी. रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के अपने कार्य के साथ-साथ रेल उपयोगकर्ताओं को सेवाएं एवं सहायता प्रदान करने को हमेशा तत्पर है। पू. सी. रेलवे प्राधिकरण सभी यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे ट्रेन यात्रा के दौरान समस्याओं से बचने के लिए उचित टिकट के साथ अपनी यात्रा करें। रेल यात्री अपनी ट्रेन यात्रा के दौरान किसी भी समस्या का सामना करने पर 139 (टोल-फ्री) डायल कर सकते हैं।

## अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे राहुल : मंदिर में की पूजा, विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया

**लखनऊ :** लोकसभा में विपक्ष के नेता (कांग्रेस सांसद) राहुल गांधी मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर अपने निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दिशा बैठक में हिस्सा लेने के साथ-साथ कई कार्यक्रमों में भाग लिया। राहुल चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर उतरने के बाद सड़क मार्ग से अपने निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली के लिए रवाना हो गए। कांग्रेस के सूत्रों के मुताबिक राहुल ने सबसे पहले जिले की सीमा चुरुवा पर स्थित मंदिर में पहुंचकर हनुमान जी की पूजा की। उसके बाद उन्होंने वहां मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। वहां से रवाना होने के बाद उनका काफिला बछरावां में भी कुछ समय के लिये रुका। इस दौरान उन्होंने जनता और कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। पार्टी सूत्रों के मुताबिक राहुल हरचंदपुर और गंगागंज होते हुए शहर स्थित डिग्री कालेज चौराहे पर पहुंचे और नगर निगम द्वारा कराये गये उसके सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन किया। उसके बाद वह कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन पहुंचे, जहां उन्होंने 'दिशा बैठक' की अध्यक्षता की। अधिकारियों के साथ हुई इस बैठक के दौरान केन्द्रीय योजनाओं की समीक्षा करके जिले के विकास की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गयी। बैठक खत्म होने के बाद राहुल लखनऊ रवाना हो गये। इससे पहले, उन्होंने पीएमजीएसवाई (प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना) की सड़कों का शिलान्यास भी किया। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार संसद सदस्यों, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय सरकारों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए दिशा बैठकों की शुरुआत की गयी है। बैठक के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने संवाददाताओं को वे पोस्टर दिखाए जिनमें 'रायबरेली के राहुल जी' लिखा हुआ है। उन्होंने कहा, ''रायबरेली के लोगों ने राहुल गांधी को सांसद चुना है। छह माह हो गये हैं लेकिन लोगों की समस्याएं सुनने के लिये आज तक वह कभी एक रात भी रायबरेली में नहीं रुके। इससे स्पष्ट होता है कि रायबरेली से राहुल का कोई रिश्ता नहीं है।'' राहुल की मां सोनिया गांधी लगातार पांच बार रायबरेली से सांसद रह चुकी हैं। इस बार उनके लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने के फैसले के बाद राहुल इस सीट से चुनाव मैदान में उतरे और बड़े अंतर से विजयी हुए। पहले अमेठी और वायनाड (केरल) से सांसद रह चुके राहुल का रायबरेली से सांसद के रूप में यह पहला कार्यकाल है। हालांकि अपनी मां के लंबे समय से प्रतिनिधित्व के कारण वह पिछले कुछ वर्षों में अक्सर इस क्षेत्र का दौरा करते रहे हैं।

